kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-250 ❑ सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



राजधानी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना अति-दुखद व शर्मनाक है। उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिला उत्पीड़न के साथ-साथ दुष्कर्म व हत्या आदि की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

मायावती

केंद्रीय गृह मंत्री जयपुर में कल करेंगे नई आपराधिक संहिताओं पर प्रदर्शनी का उद्घाटन 11

सूचना के अधिकार क़ानून पर मोदी नीतीश सरकार का हमलाः अभय दुबे 12

## बिहार चुनावः एनडीए में सीट शेयरिंग का ऐलान

# बीजेपी-जेडीयू 101-101 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रविवार को दी।

धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, '' हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। भाजपा-101, जदयू 101, लोजपा (आर) -29, आरएलएम-06 और हम -06 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।'' उन्होंने आगे लिखा,'' एनडीए के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इसका हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार।''

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार झा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, ''भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी इसका हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं।'' उन्होंने लिखा, 'बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार।''




### बिहार विजय के लिए सबने किया समझौता,भाजपा-जदयू ने पीछे खींचे कदम, मांझी-उपेंद्र हटे पीछे

नई दिल्ली । बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने सीटों पर समझौता फाइनल कर लिया है। समझौते के अनुसार भाजपा-जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को 6-6 सीटें मिली हैं। इस पूरी डील में चिराग पासवान सबसे बड़े विजेता कहे जा सकते हैं जिन्होंने पिछली बार केवल एक सीट पर जीत पाने के बाद भी इस बार गठबंधन में 29 सीटें हासिल करने में सफलता हासिल कर ली हैं। एनडीए के सीट समझौते पर सभी ● शेष पेज 11 पर

### बिहार में चिराग 29 और मांझी-कुशवाहा की पार्टी 6-6 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि संगठित व समर्पित राजग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का हर्षपूर्वक स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से राजग की सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। दरअसल, सीट बंटवारे से ये साफ हो गया कि अब बिहार राजग में कोई बड़ा भाई नहीं है। भाजपा और जदयू इस बार बराबर-बराबर यानी 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि इसके पहले के सभी विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार की पार्टी को भाजपा से अधिक सीटें मिलती थी। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी को मनमुताबिक ● शेष पेज 11 पर

## सीबीआई ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एसबीआई फील्ड अफसर को घूस लेते किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को मध्य प्रदेश के सीधी जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एक फील्ड अफसर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान एसबीआई के फील्ड अफसर विशाल भारती के रूप में हुई है, जो सीधी के गायत्री कॉम्प्लेक्स शाखा में तैनात है। सीबीआई के अनुसार, आरोपी ने शिकायतकर्ता की पत्नी द्वारा लिए गए पांच लाख के मुद्रा लोन पर 10 प्रतिशत यानी पचास हजार की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद मामला बीस हजार पर तय हुआ।




सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को दस हजार की पहली किश्त लेते समय गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के आवास की तलाशी ली गई, जिसमें संदिग्ध दस्तावेज और सामान बरामद किए गए हैं। आरोपी को आज जबलपुर की विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया। सीबीआई ● शेष पेज 11 पर

## नेपाल की काठमांडू जेल से फरार पाकिस्तानी महिला त्रिपुरा रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार

एजेंसी

अगरतला । नेपाल में अशांति के दौरान काठमांडू जेल से भागी पाकिस्तानी महिला को दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। जेल से भागी पाकिस्तानी महिला ने अपना नाम 50 वर्षीय साहिना परवीन बताया, लेकिन उसका असली नाम लुई निघत अख्तर बानो है। उसे मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में दोषी ठहराया गया था। राज्य पुलिस मुख्यालय के एक शीर्ष आधिकारिक सूत्र के अनुसार, महिला शनिवार रात कंचनजंगा एक्सप्रेस से सबरूम रेलवे स्टेशन पहुंची। जीआरपी कर्मियों को उसके व्यवहार पर शक हुआ। उन्होंने उससे पूछताछ की। जब उसकी बातचीत में विरोधाभास पाया गया,



तो जीआरपी जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया और पुलिस स्टेशन ले गए। पुलिस अधिकारी को पता चला कि शुरुआती पूछताछ में महिला ने खुद को दिल्ली के पुरानीबस्ती निवासी साहिना परवीन बताया। लेकिन वह दिल्ली निवासी का कोई वैध पहचान पत्र नहीं दिखा सकी। इसके बाद उसके सामान की तलाशी ली गई। बैग से कुछ पाकिस्तानी संपर्क नंबरों सहित कुछ दस्तावेज ● शेष पेज 11 पर

## संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदान देने वाले देशों का सम्मेलन 14-16 अक्टूबर को, भारतीय सेना मेजबानी को तैयार

नई दिल्ली । संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदान देने वाले 32 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मेलन 14 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगा, जिसकी मेजबानी भारतीय सेना करेगी। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अहम योगदान देने वाले देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एक साथ उपस्थित होंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार विश्व भर में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सैनिक भेजने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडल 13 अक्टूबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे। यह ऐसा महत्वपूर्ण मंच है, जो परिचालन चुनौतियों, उभरते खतरों, आपसी सहभागिता, ● शेष पेज 11 पर

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

इंफाल । मणिपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के तीन कैडरों को पिछले 24 घंटों के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एवं अन्य एक अभियान में भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज जारी एक बयान में बताया गया है कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के याइरीपोक थानांतर्गत याइरीपोक बाजार से केसीपी (अपुनबा) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान थौबल जिलांतर्गत याइरीपोक लीरोंगथेल माखा लीकाई निवासी खुमानथेम नाओचा (33) के रूप में की गयी है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर जिले के बिष्णुपुर थानांतर्गत बिष्णुपुर वार्ड नंबर 6 से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कैडर मोइरंगथेम मोहन सिंह उर्फ परी (42) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक एसएम कार्बाइन और एक



❑ आरोपित की पहचान थौबल जिलांतर्गत याइरीपोक लीरोंगथेल माखा लीकाई निवासी खुमानथेम नाओचा (33) के रूप में की गयी

मैगजीन, दो एके सीरिज के मैगजीन, 24 राउंड एके सीरिज के कारतूस, एक छद्म टी-शर्ट और एक मोबाइल और 2 सिम कार्ड बरामद किया गया है।

इसी कड़ी में सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग थानांतर्गत ओम्बा हिल क्रॉसिंग क्षेत्र से केसीपी (ताइबांगनबा) के एक सक्रिय कैडर, बिष्णुपुर जिले के चांदपुर मयाई लीकाई निवासी हेइसनम सनाथोई मैतेई उर्फ नानाओ (36) को गिरफ्तार ● शेष पेज 11 पर

## ऑपरेशन ब्लू स्टार पूरी तरह से टाला जा सकता था : आर पी सिंह

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर पी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार पूरी तरह से टाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने सही ही कहा है कि ऑपरेशन ब्लू स्टार की कोई आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ब्लैक थंडर जैसा एक अधिक रणनीतिक तरीका, जिसमें स्वर्ण मंदिर की बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी गई और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया, श्री हरमंदिर साहिब और अकाल तख्त की पवित्रता को ठेस पहुँचाए बिना और निर्दोष श्रद्धालुओं की दुखद जान गंवाए बिना इस उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता था। रविवार को विज्ञप्ति जारी कर आरपी सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राजनीतिक कारणों से चुनावी लाभ के लिए टकराव का रास्ता चुना, 1984 के संसदीय चुनावों से पहले भारत के सबसे देशभक्त समुदाय, सिखों को राष्ट्र-विरोधी बताकर राष्ट्रवादी जोश भड़काने की कोशिश की। आर पी सिंह ने कहा कि असली त्रासदी उनके समुदाय को झेलनी पड़ी - दिल्ली में 3,000 से ज़्यादा सिखों का बेरहमी से नरसंहार ● शेष पेज 11 पर

## अफगानिस्तान शांति चाहता है, पाकिस्तान नहीं माना तो अन्य विकल्प मौजूद : विदेश मंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती तनातनी के बीच अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा है कि अफगानिस्तान शांति चाहता है, लेकिन अपने सीमाई और राष्ट्रीय हित की रक्षा से समझौता नहीं करेगा। क़तर और सऊदी अरब की मध्यस्थता पर अफगान पक्ष ने फिलहाल संघर्ष विराम किया है, परन्तु यदि पाकिस्तान शांति नहीं चाहेगा, तो अफगानिस्तान के पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी ने आज दूसरी बार अफगान दूतावास में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया और पिछली पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाए जाने के मुद्दे पर सफाई भी दी। इस पत्रकार वार्ता में आज आगे की पंक्तियों में महिला पत्रकार मौजूद रही।

अमीर खान मुत्ताकी ने पाकिस्तान के साथ तनाव को लेकर कहा कि वहां के लोग



❑ क़तर और सऊदी अरब की मध्यस्थता पर अफगान पक्ष ने फिलहाल संघर्ष विराम किया है, परन्तु यदि पाकिस्तान शांति नहीं चाहेगा, तो अफगानिस्तान के पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं।

और अधिकांश राजनेता अफगानिस्तान से अच्छे संबंध चाहते हैं, परंतु कुछ तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2,400 किमी लंबी दुर्गम ड्यूरंड रेखा को बल प्रयोग से कोई नहीं नियंत्रित कर सका—न चंगेज़, न ब्रिटिश, न अमेरिकी। मुत्ताकी ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान में जारी संघर्ष उसका आंतरिक मामला है और अफगानिस्तान को इसके लिए दोष देना अनुचित है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सवाल पर उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में उसकी कोई मौजूदगी नहीं है। जो लोग वहां हैं, वे पाकिस्तान के विस्थापित शरणार्थी हैं। उन्होंने चार घंटे की सीमित जवाबी कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि अफगान सेना ने लक्ष्य प्राप्त किए और किसी नागरिक को हानि नहीं पहुंचाई। क़तर व सऊदी अरब के आग्रह पर संघर्ष फिलहाल रोका गया है।

मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान अपने सीमाई और राष्ट्रीय सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी स्वयं निभाता है। किसी भी खतरे की स्थिति में जनता और सरकार एकजुट होकर देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि अफगान शासन इस्लामी सिद्धांतों पर आधारित है, जिसमें स्त्री-पुरुष दोनों के अधिकार सुरक्षित हैं। तालिबान शासन ने अपने विरोधियों को माफ किया है, ताकि देश में ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

नई दिल्ली । जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। रविवार को जारी सूची में तीन उम्मीदवारों के नाम हैं जिनमें गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और शत शर्मा शामिल हैं। शत शर्मा वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख हैं। वे तीसरी अधिसूचना के तहत राज्यसभा चुनाव लड़ेंगे, जहाँ भाजपा को नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के सत्तारूढ़ गठबंधन पर संख्यात्मक रूप से बढ़त हासिल है। जिस सीट से शर्मा चुनाव लड़ेंगे, उस पर भाजपा के पास 28 वोट हैं, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के पास 24 वोट हैं।

### आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आईएएस पत्नी को लिखा पत्र

नई दिल्ली। हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने दिवंगत अधिकारी की पत्नी और आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर संवेदनाएं व्यक्त की।

खरगे ने पत्र में लिखा कि यह घटना उन्हें भीतर तक झकझोर गई है। पूरन कुमार सामाजिक पूर्वाग्रहों और विसंगतियों से जूझते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। यह जानकर उनके मन को गहरा आघात पहुंचा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने कई घटनाएं देखी हैं, लेकिन भेदभावपूर्ण सोच के कारण हुई यह दुखद घटना सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वालों के लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

### जम्मू पुलिस ने आबकारी अधिनियम के उल्लंघन में दोषसिद्धि हासिल की

जम्मू । जम्मू पुलिस ने अवैध शराब रखने और बेचने के एक मामले में दोषसिद्धि हासिल कर ली है जिससे क्षेत्र में आबकारी संबंधी उल्लंघनों पर अंकुश लगाने की उसकी प्रतिबद्धता और पुख्ता हो गई है। यह दोषसिद्धि इस साल की शुरुआत में आर.एस. पुरा इलाके में की गई त्वरित और सक्रिय पुलिस कार्रवाई के बाद हुई है।


## गोमती केवल नदी नहीं, सांस्कृतिक चेतना और जीवनधारा की प्रतीक

# गोमती का जल जीवन का आधार : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है। गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। यह मिशन पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित गोमती टॉस्क फोर्स की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने मिशन की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की



❑ गोमती टास्क फोर्स के साथ मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण बैठक, मिशन पर हुई विस्तृत चर्चा

❑ अविरल-निर्मल गोमती के लिए मुख्यमंत्री ने की 'गोमती पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा

और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि मिशन का दायरा पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती नदी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र को कवर करेगा, जिससे गोमती अपने पूरे विस्तार में ● शेष पेज 11 पर

### 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक किया जाएगा सरदार @150 यूनिटी मार्चः सीएम योगी

लखनऊ । भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। सरकार और भारतीय जनता पार्टी मिलकर इसे भव्य-दिव्य बनाएगी। वहीं 31 अक्टूबर से 26 नवंबर के बीच सरदार अ150 यूनिटी मार्च आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूनिटी मार्च का हिस्सा प्रदेश के हर जनपद के खिलाड़ी, कलाकार समेत पांच-पांच युवा बनेंगे। ये सभी युवा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म भूमि से लेकर केवड़िया गुजरात तक की 150 किलोमीटर की यात्रा से जुड़ेंगे। इन सभी को चार प्रमुख केंद्र होते हुए सरदार साहब की पावन जन्मभूमि तक बस द्वारा पहुंचाया जाएगा। इसके बाद यहां से सभी 150 किलोमीटर की पद यात्रा में शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय पद यात्रा में सरदार साहब की जन्मभूमि करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक की यात्रा गुजरात में ● शेष पेज 11 पर

## बंगाल में ओडिशा की मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार, एक हिरासत में

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ओडिशा की मेडिकल छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सबूत जुटाने के लिए आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पीड़िता अस्पताल में इलाजरत है और उसकी हालत अब स्थिर है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार तीनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स और टावर लोकेशन के आधार पर आरोपितों तक पहुंचा गया। पुलिस ने घटना स्थल - परनागंज कालीबाड़ी श्मशान घाट के पास स्थित जंगल - को घेरकर तलाशी अभियान चलाया। आसपास के गांवों में भी सघन जांच जारी है और ड्रोन की मदद से जंगलों में तलाशी ली जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि ओडिशा के जलेश्वर निवासी यह छात्रा दुर्गापुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में द्वितीय वर्ष में पढ़ती है। शुक्रवार रात वह अपने एक दोस्त के



**पुलिस ने सबूत जुटाने के लिए आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त किए**

साथ खाना खाने के लिए कॉलेज कैंपस से बाहर गई थी। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसे अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता के माता-पिता ओडिशा से दुर्गापुर पहुंचे और न्यू टाउनशिप थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़िता का इलाज उसी निजी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में चल रहा है, जहां वह पढ़ती है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत में सुधार है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जांचकर्ताओं का मानना है कि इस ● शेष पेज 11 पर

# कार की टक्कर से बाइक सवार गार्ड की मौत गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

**मुआवजे की मांग पर जाम रहा निगोहां-नगराम मार्ग, पुलिस-प्रशासन ने समझा-बुझाकर कराया शांत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । शनिवार की देर शाम ड्यूटी से लौट रहे एक गार्ड की बाइक में नशे में धुत कार सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने निगोहां-नगराम मार्ग पर शव रखकर मुआवजे की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव निवासी अतुल शुक्ला (37) मोहनलालगंज के गौरा स्थित सूर्या इंस्टीट्यूट में गार्ड के पद पर नौकरी करते थे। शनिवार की देर शाम वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से समेसी लौट रहे थे। जैसे ही वह समेसी पावर हाउस के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अतुल सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें निजी अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने पीजीआई ट्रामा -टू रेफर कर दिया, जहाँ इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार युवक नशे में धुत था और उल्टी तरफ से गाड़ी चला रहा था। हादसे के बाद वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन लोगों ने वाहन का नंबर नोट कर लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार को कब्सजे में लेकर कार चालक सतगुरु को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन, प्रशासन ने दिया आश्वासन

रविवार दोपहर जब पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने निगोहां-नगराम मार्ग पर शव रखकर मुआवजे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा, एसओ नगराम विवेक चौधरी और एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया। काफी समझाने-बुझाने और तहसीलदार की ओर से मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना बीमा योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाए जाने के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीण माने। इसके बाद जाम समाप्त कराया गया और शव का अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में कराया गया।

### घर का इकलौता सहारा था अतुल , बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक अतुल शुक्ला अपने परिवार का इकलौता सहारा था। परिवार में माता उर्मिला देवी, पिता सत्यदेव शुक्ला, पत्नी कामिनी देवी, 14 वर्षीय बेटी मानवी और 8 वर्षीय पुत्र शुभ शुक्ला हैं। अतुल की चार बहनें हैं, जिनकी शादी पहले ही हो चुकी है। उसकी मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर छाई हुई है। प्रदर्शन की सूचना पर क्षेत्र में तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस ने एहतियातन अतिरिक्त बल बुला लिया था। मौके पर लेखपाल बी.पी. सिंह, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# पद्मश्री डॉ. संजय को मिला 'वेलनेस एक्सीलेंस अवार्ड'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. बी. के. एस. संजय को वेलनेस कॉन 2025 के दौरान 'वेलनेस एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जनस्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में उनके अद्वितीय योगदान के लिए दिया गया। प्रयत्न और हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, सफ़ेदाबाद, बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय वेलनेस सम्मेलन में डॉ. संजय ने ''स्वास्थ्य केवल एक संपत्ति नहीं, बल्कि एक संसाधन भी है जिसे सभी को पोषित करना चाहिए'' विषय पर मुख्य वक्तव्य दिया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वास्थ्य को राष्ट्र निर्माण की नींव बताते हुए, ड्यूस मॉडल – डी - डाइट (आहार), ई- एक्सरसाइज (व्यायाम), डब्लू- वर्क (कार्य) और एस- स्लीप (नींद) – प्रस्तुत किया, जिसे उन्होंने ''स्वास्थ्य संवर्धन सूत्र'' बताया। ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. संजय ने स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच और शुरुआती पहचान से ही, रोकथाम की जा सकने वाले रोगों के राष्ट्रीय बोझ को कम करने के सबसे प्रभावी उपाय हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, ्रसामान्य स्वास्थ्य मानकों से किसी भी प्रकार की विचलन हमारे लिए एक चेतावनी संकेत होने चाहिए।ॅ उन्होंने प्रत्येक घर में वज़न मापने की मशीन, मापने की फीता, फुल लेंथ शीशा, थर्मामीटर, बीपी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर और पल्स ऑक्सीमीटर जैसे आवश्यक स्वास्थ्य जांच उपकरण होने की आवश्यकता पर बल दिया।'' एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष, डॉ. संजय ने पूरे देश के नीति निर्माताओं से एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य जांच जागरूकता अभियान शुरू करने की अपील की।

## हाईकोर्ट का आदेशः राम भद्राचार्य के वीडियो हटाने का निर्देश

प्रयागराज। लखनऊ - इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ यूट्यूब व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड आपत्तिजनक वीडियो को हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने गूगल ख्रख्रए और मेटा प्लेटफॉर्म्स को 48 घंटे के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। याचिका शरद चंद्र श्रीवास्तव और अन्य द्वारा दाखिल की गई थी। कोर्ट ने याचियों से वीडियो लिंक उपलब्ध कराने को कहा है। यह मामला धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़ा बताया जा रहा है। अगली सुनवाई 11 नवंबर 2025 को निर्धारित की गई है।

## अवैध पटाखों पर प्रयागराज पुलिस की सख्त कार्रवाई

प्रयागराज। प्रयागराज में दीपावली से पहले अवैध पटाखों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हण्डिया थाना पुलिस ने व्यापारियों हरिशंकर घनश्याम और राधेश्याम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद हुए। कार्रवाई गंगानगर क्र्रष्ठ कुलदीप गुनावत के आदेश पर की गई। पुलिस लगातार अवैध पटाखा कारोबारियों पर नजर रखे हुए है। वहीं शहर के अन्य क्षेत्रों में पटाखा बिक्री पर कार्रवाई की धीमी रफ्तार पर सवाल भी उठ रहे हैं। कई इलाकों में खुलेआम पटाखे बिक रहे हैं, लेकिन पुलिस की पकड़ कमजोर दिख रही है।

## कौंधियारा में विस्फोटक बरामद, एक गिरफ्तार

प्रयागराज। जनपद के कौंधियारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने सुभाष चंद्र केसरवानी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसके कब्जे से प्लास्टिक की 7 बोरियों में भरे विस्फोटक पदार्थ जब्त किए गए। यह कार्रवाई इ्रष्ठ अब्दूस सलाम खान के नेतृत्व में की गई। पुलिस का कहना है कि त्योहारों के मद्देनजर अवैध पटाखों पर पूरी नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने कड़े निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी हालत में बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री न हो।

## रोडवेज की लापरवाही से हादसा टला, चालक पर गुंडागर्दी का आरोप

प्रयागराज। प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल के पास एक व्यक्ति बाइक से जा रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ओवरटेक करने की कोशिश की। चालक ने साइड नहीं दी, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब व्यक्ति विरोध करने पहुंचा तो बस चालक ने दबंगई दिखाते हुए दोबारा गाड़ी चढ़ाने की धमकी दी। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा करते हुए रोडवेज विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और चालकों की मनमानी पर लगाम जरूरी हो गया है।

## ओमेक्स सिटी में सुरताल संगम के कलाकारों द्वारा भव्य भजन संध्या एवं डांडिया गरबा महोत्सव का आयोजन




लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शारदीय नवरात्रि पर विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की विविध प्रकार से पूजा और आराधना समेत अनेक प्रकार के उत्सवों का भव्य आयोजन किया गया। इसी श्रंखला में शहीद पथ पर स्थित ओमेक्स सिटी तथा निराला नगर स्थित आईआईटी रुड़की, एसोसिएशन द्वारा आयोजित भजन संध्या एवं डांडिया गरबा उत्सव हेतु अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था सुर ताल संगम के प्रमुख कलाकारों को आमंत्रित किया गया।सुर ताल संगम की डायरेक्टर और सुप्रसिद्ध दूरदर्शन एवं आकाशवाणी कलाकार डॉ जया श्रीवास्तव के नेतृत्व में अनूप निषाद,अभय श्रीवास्तव, सलीम अब्बासी, वंदना श्रीवास्तव, अनीता सिंह, शक्ति श्रीवास्तव और अम्बर आदि ने शानदार गीत संगीत और नृत्य से सभी का मन मोह लिया। देर रात्रि तक चले इस उल्लासपूर्ण आयोजन की समाप्ति पर सभी कलाकारों को सम्मानित करके भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना सभी प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा की गई।

## ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति का संगम बन रहे हैं सरोजनीनगर के आरडब्लूए पुस्तकालय



लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को वृन्दावन योजना के अंतर्गत तीन आरडब्ल्यूए- हिमालय एन्क्लेव, कैलाश एन्क्लेव और नीलगिरी एन्क्लेव में एक-एक पुस्तकालय स्थापित कराई। यह पहल उनके उस संकल्प का हिस्सा है जिसके तहत सरोजनीनगर की प्रत्येक टढ्ढ को संवाद, अध्ययन और आत्मविकास का केंद्र बनाया जा रहा है। इन पुस्तकालयों में ज्ञान, विज्ञान, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रनिर्माण और महापुरुषों की जीवनी से संबंधित प्रेरणादायक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि नई पीढ़ी अध्ययन के माध्यम से संस्कार, विचार और दिशा प्राप्त कर सके।अब तक 37 टढ्ढ'प में पुस्तकालयों की स्थापना की जा चुकी है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जी का लक्ष्य है कि सरोजनीनगर की सभी 104 टढ्ढ'प को ्रज्ञान केंद्रॅ के रूप में विकसित किया जाए। उनके अनुसार, ्रपुस्तकालय बौद्धिक विकास का महान मंच है, जो सीखने की क्षमता और ज्ञान में निरंतर वृद्धि करता है।ॅ यह पहल सरोजनीनगर को बौद्धिक रूप से सशक्त और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज के रूप में आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर हिमालय एन्क्लेव टढ्ढ से अध्यक्ष गोमती द्विवेदी, डॉ. पी.के. गुप्ता, डॉ. वी.के. गुप्ता, आई.पी. द्विवेदी, अशोक श्रीवास्तव, अनुप कुमार श्रीवास्तव,कैलाश एन्क्लेव टढ्ढ से अध्यक्ष गौरव शर्मा, सचिव प्रीति गुप्ता, अंजु लता शर्मा, शैली सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, विद्याशंकर पांडेय, अजय कुमार पांडेय, तथा नीलगिरी एन्क्लेव टढ्ढ से मुख्य संयोजक सवालिया, अध्यक्ष मुकेश तिवारी, के.के. सिंह, आशीष कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष संजीव कुमार, डॉ. संदीप सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# केएम विश्वविद्यालय में हुआ आईकेएस पर अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा । केएम विश्वविद्यालय एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ब्रज प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में विवि के संवाद भवन में ्रभारतीय ज्ञान परंपरा : कल, आज और कलॅ विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें देश-विदेश से आए विद्वानों, शिक्षाविदों व विशिष्ट अतिथियों ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के वैश्विक प्रसार पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. सुनील बाबूराव कुलकर्णी (केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा), विशिष्ट अतिथि डॉ. विपिन कुमार (भारत सरकार के वित्त व विदेश मंत्रालय में सलाहकार), प्रो. राजेश ठाकरे (ब्रज यूनिवर्सिटी, भरतपुर), प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा (पूर्व क्षेत्र कार्यवाह, पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र, आरएसएस) तथा कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डॉ. एन.सी. प्रजापति, कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह, व मेडिकल प्राचार्य डॉ. पी.एन. भिसे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि शिक्षा और विद्या जिसमें होती है, वह संस्कारवान है, क्योंकि किताबों से ज्ञान और जीवन के तजुर्बे से शिक्षा ही संस्कार कहलाता है, संस्कार लेने के बाद निश्चित ही वह व्यक्ति कामयाब हो जाता है। मुख्य अतिथि प्रो. सुनील बाबूराव कुलकर्णी ने भारतीय ज्ञान परंपरा और व्यवस्थित शिक्षा पर बारीकीयां को समझाते हुए कहा वर्तमान पाठ्यक्रमों से विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफ़ेशनल तो तैयार हो रहे हैं लेकिन मानव निर्माण की शिक्षा का नितांत आभाव है, जो भारत भाषा पर ठेस पहुंचाती है, विदेशी भाषा के जरिए शिक्षा, कामकाज, अंग्रेजी हमारे कल्चर में आया है। जिससे हमारे वेदो, ऋषि, शास्त्रों और संस्कार को खारिज कर दिया है। भारतीय पश्चिमी सभ्यता से हमारी संस्कृति दूर जा रही है। विदेशी भाषा का चयन करना ही हमारे जीवन को परिवर्तन कर देता है। प्रो. राजेश ठाकरे ने अब्दुल कलाम जैसे व्यक्तित्व भारतीय संस्कृति की देन हैं। उन्होंने माइक्रोप्लास्टिक के दुष्प्रभाव और पारंपरिक विधाओं को शिक्षा में शामिल करने की आवश्यकता बताई।

# जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा एवं वन अधिकारी सेवा परीक्षा-2025**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने मेरीवाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज, भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को समय से सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि वे शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में परीक्षा दे सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बायोमैट्रिक सत्यापन प्रक्रिया (फोटो एवं आइरिस स्कैन) की भी समीक्षा की और आयोग द्वारा नामित टीम से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए कि यह प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता से संपन्न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी अभ्यर्थी प्रतिबंधित सामग्री के साथ केंद्र में प्रवेश न कर सके, इसके लिए सघन चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।परीक्षा कक्षों की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तथा कंट्रोल रूम की व्यवस्था का भी उन्होंने अवलोकन किया और केंद्र प्रभारी व ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की संपूर्ण अवधि में सतर्कता बरती जाए और सीसीटीवी के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाए।निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या एवं कारणों की जानकारी भी ली।

# हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी का व्यापारियों ने लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह आज लाटूश रोड स्थित होटल शिमला पैलेस (निकट पुराना कार्यालय) में व्यापारी समाज द्वारा ्रआत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत ्रहर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

व्यापारियों को संबोधित करते हुए नीरज सिंह जी ने कहा कि ्रप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक वैश्विक पहचान बनाई है। मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विज़न ने देशवासियों में स्वदेशी के प्रति एक नई चेतना जगाई है। अब समय है कि 140 करोड़ भारतीय मिलकर 'हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी' का संकल्प लें, ताकि भारत के उत्पादों की गूंज विश्व मंच पर और प्रबल हो।ॅउन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज भारत केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक रूप से भी आत्मनिर्भर बन रहा है। यह अभियान उसी दृष्टि को आगे बढ़ाने का प्रयास है, जो राष्ट्र की अस्मिता, स्वाभिमान और स्वदेशी भावना से जुड़ी है।मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर व्यापारी समाज से राजेन्द्र गुप्ता, अजय त्रिपाठी 'मुन्ना जी', हाफिज जलील अहमद, रितेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन भाजपा महानगर अभियान संयोजक अभिषेक खरे ने किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ्रस्वदेशी अपनाओ ऽ भारत बनाओॅ का संकल्प लिया।

# नर्सिंग होम में भर्ती युवती ने कंपाउंडर पर लगाया ड्रिप लगाने के दौरान छेड़खानी का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना गलशहीद क्षेत्र स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती युवती ने नर्सिंग होम में कार्यरत कंपाउंडर ने ड्रिप लगाने के दौरान छेड़खानी का आरोप लगाया। पीड़ता के परिजनों ने रविवार आरोपित कंपाउंडर की पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया।गलशहीद क्षेत्र के पक्की सराय निवासी युवती को पेट में दर्द होने पर परिजनों ने घर के पास स्थित नर्सिंग होम में शनिवार शाम को भर्ती कराया था। अस्पताल के डॉक्टर ने युवती का परीक्षण करने के बाद पेट में इन्फ़ेक्शन होने का कारण बताकर भर्ती कर लिया और दवाई व इंजेक्शन देने के बाद ग्लूकोज की बोतल चढ़वानी शुरू करवा दी। परियों के अनुसार आज सुबह उनकी बेटी ने बताया कि रात 2 बजे के लगभग नर्सिंग होम में कंपाउंड सलीम नाम के युवक ने ग्लूकोज की बोतल चेंज करने के नाम पर लड़की के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपित कंपाउंड और वहां से चला गया आज सुबह युवती ने पूरा घटनाक्रम अपने परिजनों को बताया इसके बाद परिजनों ने आरोपित कंपाउंड को पकड़कर पीट दिया और पुलिस के हवाले कर दिया।थाना गलशहीद प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर दी जा रही है जिसके आधार पर आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सोमवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## जिला न्यायालय कर्मचारी भी नोशनल इंक्रीमेंट के हकदार : उच्च न्यायालय

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक आदेश में कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों की तरह जनपद न्यायालय के कर्मचारी भी एक वेतन वृद्धि को पाने के हकदार हैं।यह आदेश न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने विनोद कुमार सक्सेना व सुधीर कुमार अग्रवाल की याचिका पर दिया है। इसी के साथ कोर्ट ने याचियों के सम्बंध में जनपद न्यायालय मुजफ्फरनगर की शिकायत निवारण समिति का आदेश निरस्त करते हुए यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य बनाम पी अयप्पापेरूमल के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और प्रदेश सरकार के 12 जून 2024 के शासनादेश के अनुसार याचियों के मामले में दो महीने के अंदर निर्णय लेने का निर्देश दिया है।अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि विनोद कुमार सक्सेना जनपद न्यायालय मुजफ्फरनगर में स्टेनो और सुधीर कुमार अग्रवाल सदर मुंसरिम के पद से 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर मोहनलालगंज में भव्य पथ संचलन

**देश भक्ति की धुनों से गूंज उठा मोहनलालगंज कस्बा**

**पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का जगह जगह हुआ स्वागत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर रविवार को मोहनलालगंज स्थित एएसएन. पब्लिक स्कूल मैदान में एक ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य पथ संचलन और विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम का परिचय दिया।पथ संचलन की शुरुआत स्कूल परिसर से हुई, जो पुराना पेट्रोल पंप, कस्बा, होते हुए फुलवरिया मोड़ तक गया और पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुआ। इस दौरान सबसे आगे भारत माता का भव्य चित्र लेकर एक खुली जीप में पूज्य महंत बजरंगमुनि जी, उदासीन आश्रम, सीतापुर और श्रीमान अनिल जी, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र प्रचारक स्वयं सवार थे, जिन्होंने पथ संचलन का नेतृत्व किया।पथ संचलन के दौरान संघ की पारंपरिक धुनें वाद्य यंत्रों द्वारा बजाई जाती रहीं, जिससे वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। स्थानीय लोगों ने रास्ते भर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता श्रीमान अनिल जी ने संघ के शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ''संघ की विचारधारा भारत की सनातन संस्कृति, सेवा और संगठन के मूल सिद्धांतों पर आधारित है। आज जब संघ 100 वर्ष का हो रहा है, तो यह एक आत्ममंथन और नवसंकल्प का अवसर है। हमें आने वाले समय में समाज के हर वर्ग तक संघ के सेवा कार्यों को पहुंचाना है।''संगोष्ठी की अध्यक्षता पूज्य महंत बजरंगमुनि जी ने की, जिन्होंने अपने उद्बोधन में युवाओं को देश, संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया।इस आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। खण्ड मोहनलालगंज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सर्वत्र सराहना हुई और इसे अत्यंत सफल एवं अनुकरणीय आयोजन माना गया।यह आयोजन न केवल संघ के शताब्दी वर्ष का उत्सव था, बल्कि एक सशक्त, संगठित और संस्कारित भारत के निर्माण की ओर प्रेरणादायक कदम भी सिद्ध हुआ।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष काकोरी नगर में भव्य पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। विजयादशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के ?तिहासिक अवसर पर काकोरी नगर की माधव बस्ती मे स्वयंसेवको ने एक विशाल पथ संचलन निकाला जो अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पित यह कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वयंसेवको के संगठित शक्ति का अनूठा प्रदर्शन रहा , इस महत्वपूर्ण आयोजन मे संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से मंच पर उपस्थित डा0 अविनाश जी सह प्रान्त कार्यवाह , अवध प्रान्त , श्रीमान रमाकान्त जी सह विभाग संघचालक रायबरेली विभाग , सनीष जी बस्ती कार्यवाह माधव बस्ती शामिल थे । उनकी उपस्थिती ने न सिर्फ स्वयंसेवको का मनोबल बढ़ाया बल्कि कार्यक्रम को और भी अधिक गरिमापूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान डा0 अविनाश जी ने स्वयंसेवको को शताब्दी वर्ष मे पंच परिवर्तन के विषय मे मार्गदर्शन प्रदान किया, यह माना जाता है। कि पंच परिवर्तन समाज और राष्ट्र निंमाण के लिए एक नयी दिशा देंगे और स्वयंसेवको को अपने कार्यक्षेत्रो मे अधिक प्रभावी ढंग से काम करने के लिए प्रेरित करेंगे । स्वयंसेवको का अनुशासन बध्य प्रदर्शन और प्रकट राष्ट्र भक्ति क्षेत्र के लोगो के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना यह भव्य आयोजन न केवल संघ के एक सदी के सफर को दर्शाता है बल्कि राष्ट्र निंमाण के प्रति उनेक संकल्प को भी पुनर्स्थापित करता है। स्वयंसेवको के पथसंचलन मार्ग पर 47 स्थानो पर नगर वासियो ने पुष्प वर्षा करके स्वयंसेवको का उत्साह वर्धन किया ,कार्यक्रम मे 553 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम मे बहुत ही संख्या मे संघ के पदाधिकारी श्रीमान पुरूषोत्तम जी विभाग पर्यावरण संयोजक ,अभय जी सह जिला कार्यवाह ,जिला प्रचारक कोमल जी ,नगर संचालक धीरज ,सह नगर संघचालक सरवनजी, कौशिक जी सह खण्ड कार्यवाह,डा0अंकित नगर बौध्दिक प्रमुख ,धीरेन्द्र खण्ड एवं नगर प्रचारक ,नगर प्रचारक ध्यानवर्धन, खण्ड प्रचारक राहुल,सह नगर कार्यवाह आशीष ,सायं कर्यावाह प्रभाकर , स्वयंसेवक उदय, रामलखन ,वैभव जी आदित्य , डा0 विवेक उपस्थित रहे ।

# 33 वां मां भगवती का विशाल जागरण हुआ सम्पन्न

**जागरण में मण्डल अध्यक्ष पुष्पा सिंह, नगर महामंत्री अर्चना साहू रही उपस्थित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र राम नगर में कराया गया मां भगवती का जागरण। श्री आदि शक्ति मां सिद्धिपीठ ट्रस्ट के द्वारा करवाया गया 33 वां मां भगवती विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन। इस जागरण का आयोजन सुभाष मिश्रा , प्रतिमा मिश्रा के द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसके साथ ही महिला मोर्चा पश्चिम दो मण्डल अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह , नगर महामंत्री अर्चना साहू भी माँ भगवती जागरण में शामिल हुई। और प्रतिमा मिश्रा ने पुष्पा सिंह , और अर्चना साहू को सम्मानित भी किया। भारी संख्या में जागरण में श्रद्धालुओं ने धूमधाम से रात भर जगराता किया। इसके अलावा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी जागरण में हुंकार भरी।

# सलेमपुर अचाका : विशाल कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**मुख्य अतिथियों का विकास पटेल ने स्वागत कर किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। सलेमपुर अचाका गांव स्थित सैयद बाबा परिसर में दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन हुआ , जिसमें पहले दिन कव्वाली और दूसरे दिन विशाल दंगल का आयोजन हुआ दूर दराज से आए हुए पहलवानों ने अपने-अपने दांव पेंच दिखाते हुए एक दूसरे को पटकनी देने की कोशिश की पुरुष व महिला वर्ग की अलग-अलग हुई कुश्ती में वीरेंद्र बंछरावा, नैना लखनऊ ने अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए जीत दर्ज की। सलेमपुर अचाका ग्राम प्रधान विकास पटेल द्वारा आयोजित दंगल में अमरेश अमवा, कुलदीप खुजौली, अन्नू इलाहाबाद, आलोक अमवा, परमहंस, सूरज, शेरा भावा खेड़ा के पहलवान ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराया। यहां के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी नवीन मिश्रा , चंदन सिंह , व्यापार मंच अपना दल जिला अध्यक्ष विकास पटेल , भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी , समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत ने विधायक पुत्र शिवम रावत, वीरेंद्र प्रताप सिंह , निगोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित ,निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, दंगल को महत्वपूर्ण प्रतियोगिता बताया और पहलवानों को पुरस्कृत किया, बाकी सभी विजेता पहलवानों को हरिश्चंद्र वर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया , जबकि कुश्ती का संचालन विमल किशोर उर्फ रामू ने किया। बताया कि इस दंगल में लगभग तीन दर्जन जोड़ी पहलवानों ने कुश्ती लड़ी , इस मौके पर ग्राम प्रधान विकास पटेल ने आए हुए सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

# दुबग्गा पटाखा मंडी में पुलिस उपायुक्त ने किया आकस्मिक निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दीपावली पर्व के मद्देनज़र पटाखों की सुरक्षा और वैधता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्णा के निर्देश पर 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को थाना दुबग्गा क्षेत्र स्थित पटाखा मंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने किया। उनके साथ अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी धनंजय सिंह कुशवाहा, सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी शकील अहमद, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल, बॉम्ब डिस्पोज़ल स्क्वॉयड, लोकल इंटेलिजेंस यूनिट तथा थाना प्रभारी दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा अपनी पुलिस टीम सहित मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान एशियन ट्रेडर्स, अजंता फायर वर्क्स, डायमंड फायर वर्क्स, भाई-भाई फायर वर्क्स, शिव इंटरप्राइजेज सहित सभी दुकानों के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर और भंडारण मात्रा की बारीकी से जांच की गई। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, बालू की बाल्टियां और पानी के ड्रम की उपलब्धता भी चेक की गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों से फायर एक्सटिंग्विशर संचालित करने की जानकारी ली और मौके पर उसका डेमो कराया। निरीक्षण टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि दुकानों और गोदामों में बिजली का कनेक्शन न हो तथा सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा हो। पुलिस उपायक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि लाइसेंस नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है, किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य त्योहारों के दौरान जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सभी गतिविधियों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराना है।

# समाज में गर्व से अपने को हिन्दू कहने का भाव जाग्रत हुआ : क्षेत्र प्रचारक अनिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बस्ती स्तर पर पथ संचलन निकाले जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को जनपद लखनऊ में 50 से अधिक स्थानों पर पथ संचलन निकाला गया। अलग-अलग बस्तियों के पथ संचलन कार्यक्रम में संघ के प्रान्त व क्षेत्र स्तर के पदाधिकरियों ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल लखनऊ पश्चिम भाग के रामनगर की चन्द्रशेखर बस्ती में आयोजित पथ संचलन में उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्र प्रचारक ने पंच परिवर्तन के विषयों को हृदयंगम करते हुए समाज के बीच ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया।

स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले लोग अपने को हिन्दू कहने में लज्जा महसूस करते थे। आज समाज में लोग अपने को हिन्दू कहने में गर्व की अनुभूति करते हैं। अयोध्या में राम जन्मभूमि स्थल पर अस्पताल या अन्य स्मारक बनाने की मांग करने वाले लोग भी आज गर्व से अपने को हिन्दू कहते हैं।

क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि अगर 100 संयासी मुझे मिल जाएं तो हम भारत को बदल देंगे। उन्हें 100 युवा तो नहीं मिल पाये, लेकिन डा. हेडगेवार को 100 नहीं हजारों ऊर्जावान ?युवा मिले जो भारत माता की सेवा में लगे हैं। इस अवसर पर लखनऊ पश्चिम भाग के भाग संघचालक गुरू मिलन, पूर्व दर्ज़ा प्राप्त मंत्री प्रकाश मिश्रा, निखिल व अंजनी श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मायावती ने लखनऊ में सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर सरकार को घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में घटित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दुख जताया है। उन्होंने सरकार से इस घटना का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राजधानी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना अति-दुखद व शर्मनाक है। उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिला उत्पीड़न के साथ-साथ दुष्कर्म व हत्या आदि की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख़्त जरूरत है। महिला सम्मान तो दूर महिलाओं की सुरक्षा पहले व अत्यन्त ज़रूरी है।

उल्लेखनीय है कि बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर को अपनी बहन से मिलने के लिए दोस्त संग घर से निकली किशोरी को रास्ते में युवकों ने पकड़ लिया। युवकों ने साथी दोस्त को मार पीटकर भगा दिया और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात अंजाम दी गई। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देर रात को आरोपित ?ललित को मुठभेड़ में और उसके साथी मेराज को दूसरे इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि इस घटना में उसके साथ विशाल गुप्ता, राजेंद्र कश्यप और शिव कश्यप शामिल थे। पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराकर अन्य आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

# योगी सरकार ने लिखा डिजिटल विकास का नया अध्याय, यूपी बना भारत का उभरता आईटी हब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश का नाम सुनते ही लोग कृषि और पारंपरिक उद्योगों की बात करते थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों ने अब यह धारणा बदल दी। आज लखनऊ, कानपुर और नोएडा जैसे शहरों में आईटी पार्क्स की जगमगाहट नई कहानी कह रही है। यूपी अब सिर्फ भारत का हृदय नहीं, बल्कि डिजिटल भारत का मस्तिष्क भी बनने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सूचना प्रौद्योगिकी केवल तकनीक नहीं, यह परिवर्तन की शक्ति है। सीएम योगी के इसी सूत्रवाक्य को आगे बढ़ते हुए प्रदेश के आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने हर युवा को अवसर देने और उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे बड़ा आईटी हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास प्रारंभ किए हैं।

15 हजार करोड़ से 75 हजार करोड़ तक बढ़ा यूपी का आईटी निर्यात 2015 में जहां प्रदेश का आईटी निर्यात केवल ?15,000 करोड़ था, वहीं आज यह आंकड़ा ?75,000 करोड़ से अधिक पहुंच चुका है। यह केवल एक आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं की मेहनत और योगी सरकार के तकनीकी विजन की सफलता का प्रतीक है। योगी सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2017-2022 ने निवेशकों के लिए दरवाज़े खोले हैं। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, पेटीएम, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मैक इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों ने प्रदेश में निवेश कर भरोसे की नई मिसाल कायम की। परिणामस्वरूप ?5,584 करोड़ का निवेश और 53,000 रोजगार अवसर सृजित हुए। नई आईटी एवं आईटी जनित सेवा नीति-2022 के तहत दो नई परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया है, जिनसे 900 युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं ?48 करोड़ से अधिक निवेश वाली तीन परियोजनाएं मंज़ूरी के इंतज़ार में हैं। योगी सरकार ने आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को ल्लउद्योग का दर्ज़ाङ्क देकर इतिहास रच दिया। अब आईटी कंपनियों को औद्योगिक श्रेणी की भूमि औद्योगिक दरों पर मिल रही है। इस फैसले से निवेशक आत्मविश्वास के साथ उत्तर प्रदेश को अपना ठिकाना बना रहे हैं। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (ट्ट्ठ्य्क्र) के सहयोग से नोएडा, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और आगरा में आईटी पार्क्स और एसटीपीआई केंद्र संचालित हो रहे हैं। अब यही रौशनी वाराणसी, बरेली और गोरखपुर की ओर बढ़ रही है, जहां नए केंद्र बन रहे हैं। इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि छोटे शहर भी डिजिटल अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल होंगे। कानपुर की दीप्ति हो या गोरखपुर के आर्यन – इन युवाओं ने कभी सोचा भी नहीं था कि अपने ही शहर में बड़ी आईटी कंपनियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। योगी सरकार की नीति ने उनकी यह इच्छा पूरी की है। आज ये युवा अपनी प्रतिभा से न सिर्फ अपनी पहचान बना रहे हैं, बल्कि प्रदेश को नई पहचान भी दे रहे हैं। प्रदेश सरकार ने आईटी और आईटीईएस परियोजनाओं के लिए एक डेडीकेटेड ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जिससे आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हो गई है।

## संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला युवक का शव

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके के रहीमनगर पाड़ियाना के मजरा बिल्लोजगढ़ी में खेत की ओर शौच के लिए जा रही महिला मंजू देवी पत्नी जगत लाल को पक्के सम्पर्क मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति पड़ा दिखाई दिया। जिसके पास जाकर उसने देखा तो उसे पता चला उसका पुत्र जतिन है जिसके सर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। महिला के अनुसार जतिन लगभग 4 माह से अपनी पत्नी रागिनी के साथ ग्राम बलाऊ खेड़ा थाना अचलगंज में रह रहा था।

## सामूहिक दुष्कर्म में फरार दो आरोपित गिरफ्तार, मुठभेड़ में एक घायल

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को सामूहिक दुष्कर्म की घटना के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली से एक आरोपित घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस की एक टीम जुटी हुई है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण (डीसीपी) साउथ निपुण अग्रवाल ने रविवार को बताया कि बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पीड़ित परिवार ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने बताया कि उनकी छोटी बेटी अपनी बड़ी बहन के यहां रह रही है। शनिवार दोपहर को वह बाजार गई थी। रास्ते में उसे उसका दोस्त मिल गया तो वह बातचीत करते हुए बाग की तरफ चली गई। इसी दौरान वहां रहने वाले ललित, मेराज, छोटू, बाबू और विशाल पहुंच गये। उन्होंने उनके दोस्त को मार पीटकर भगा दिया और उनकी किशोरी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की बात किसी को न बताने की धमकी भी दी। देर शाम को घर पहुंचने के बाद पीड़ित किशोरी ने परिवार से आपबीती बयां की। पीड़ित के पिता ने इस संबंध में सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ घंटे आरोपित मेराज और ललित को धर दबोचा। इनमें ललित पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया है और पैर में गोली लगने से घायल है। वहीं घटना में फरार अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है।

# जब होगी बेटी सुरक्षित, तभी बनेगा देश विकसित

## महिला चौपालों में लगायी पुलिस पाठशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुरअंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एव स्वाबलंबन हेतु वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस को आवश्यक निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निकट पर्यवेक्षण में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में ऽथाना सदरपुर नंदईपुरवा, थाना खैराबाद ग्राम मीनापुर व ग्राम बद्रीपुर, थाना संदना ग्राम भेलावा, थाना सिधौली बस स्टैंड, थाना इमलिया सुल्तानपुर के गंगापुर, थाना नैमिषारण्य के ग्राम कनवाखेड़ा, थाना महमूदाबाद के राधा कृष्ण मंदिर कस्बा पैंतेपुर व गांधी पड़ाव महमूदाबाद, थाना सकरन के ग्राम नकेला, थाना कोतवाली देहात के टेडवा चिलौला, थाना रामपुर मथुरा के ग्राम तुलसीपुर बंजर, थाना मछरेहटा के धरहटी, थाना थानगांव ग्राम सीपतपुर, थाना रामपुर कलां के ग्राम पंचायत रेवा ग्राम एवम् शेष अन्य समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिला को सशक्त एवम् जागरुक बनाने के उद्देश्य से ग्राम/कस्बों में महिला चौपालों में उपस्थित महिलाओं से संवाद किया और उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों, सहायता सेवाओं और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर- 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) तथा 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) की जानकारी देकर किसी भी प्रकार की छेड़खानी, उत्पीड़न या अशोभनीय आचरण की तत्काल सूचना देने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही मानव तस्करी/बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी तथा संबंधित को बताया गया कि बच्चियों को इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही समझाने का प्रयास किया कि सुरक्षा के प्रति सजग रहना ही आत्मरक्षा का पहला कदम है।

## बगैर खुली बैठक व प्रस्ताव के आशा बहू चयन को निरस्त करने की हुई शिकायत

सकरन, सीतापुर। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा बगैर खुली बैठक व प्रस्ताव के अपने नजदीकी को लाभ पहुंचा मनमाने तरीके से आशा बहू का चयन कर पात्रों को दरकिनार कर अपात्र को चयन करने के मामले को लेकर ग्रामपंचायत लखनियापुर निवासियों ने गलत व मनमाने चयन को निरस्त कर पुनः जिम्मेदार अधिकारीयों के समक्ष खुली बैठक कर पात्र महिला को चयन करने की मांग उठाई है। गौरतलब हो की क्षेत्र सकरन की ग्रामपंचायत लखनियापुर में किए गए मनमाने तरीके से अपात्र के चयन को लेकर प्रशासन के खिलाफ आमजन में भारी रोष व्याप्त है।ग्रामीण सुरेश, जाबिर अली ने स्वास्थ्य विभाग के बीसीपीएम व अन्य जिम्मेदारों की मिलीभगत से ग्रामप्रधान व पंचायत सचिव ने मनमानी करते हुए बगैर खुली बैठक व प्रस्ताव अनुमोदन के ही एक महिला का आशा बहू के पद पर चयन कर दिया है। जिससे क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है, ग्रामीणों ने ग्राम पूर्व के मनमाने चयन को निरस्त कर पंचायत में खुली बैठक कर पात्र महिला के चयन की मांग उठाई है।

## भाजपा जिला संयोजक का बड़ा बयान, मंदिर के मूर्ति तोड़ने वाले का नाम बताने वाले को 1 लाख इनाम

**अतुल तिवारी के इस बयान के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई है। लोगों ने मंदिर पहुंचकर दोषियों की खोजबीन शुरू कर दी है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली। सिधौली के नेशनल हाईवे पर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में कुछ अराजक तत्वों द्वारा देव प्रतिमाओं को खंडित किए जाने की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैला दिया है। इस घटना की जानकारी जब भाजपा जिला संयोजक आईटी सेल एवं युवा हिंदू नेता अतुल तिवारी को मिली, तो उन्होंने तुरंत मंदिर के पुजारी से फोन पर वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। अतुल तिवारी ने स्पष्ट कहा कि यदि शिकायत दिए जाने के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है, तो मैं वह उच्च अधिकारियों के पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित करवाएंगे।

इसके बाद अतुल तिवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने ऐलान किया कि जो भी व्यक्ति 24 घंटे के भीतर इस तोड़फोड़ के दोषी का साक्ष्य सहित नाम उजागर करेगा, उसे 1,00,000 का नकद पुरस्कार मेरी टीम की ओर से गोपनीय रूप से प्रदान किया जाएगा।

उनके इस बयान के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई है। लोगों ने मंदिर पहुंचकर दोषियों की खोजबीन शुरू कर दी है। वहीं, तिवारी ने नेशनल हाईवे विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर की छत से पानी टपक रहा है, बाहर का नाला अधूरा है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंदिर की मरम्मत और नाले का कार्य शीघ्र पूर्ण नहीं किया गया, तो वह जल्द हस्ताक्षर अभियान भी शुरू करेंगे जो अतुल तिवारी के इस सख्त बयान के बाद सिधौली क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस गंभीर घटना पर क्या कार्रवाई करता है और क्या अतुल तिवारी अपने वादे के अनुसार स्वयं कदम उठाएंगे।

# रास्ते के विवाद में युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर किया सड़क जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रास्ते की रंजिश बनी मौत का कारण ,तट्रामा सेंटर ले जाते वक्त घायल की मौत शिकायतें अनसुनी पड़ीं भारी, रास्ते के विवाद में युवक की हत्या**

महोली, सीतापुर। बीते शनिवार रास्ते के विवाद के चलते तकरार इतनी बढ़ गई। जिसके बाद चाचा और उसके बेटों सहित अन्य ने युवक को लाठी डंडों और धार दार हथियार से पीटना शुरू कर दिया। गंभीर रूप से घायल को परिजन महोली के सरकारी अस्पताल लेकर आए। प्रथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। बीच रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया सूचना पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम को भेजा गया था। जानकारी के मुताबिक बढ़ैया निवासी 52 वर्षीय कौशल उसके चाचा शिवनाथ और उनके बेटों सहित अन्य परिजनों द्वारा उस वक्त कौशल पर हमला बोल उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। कौशल की मौत ट्रामा सेंटर जाते वक्त बीच रास्ते में हो गई थी हत्यारों ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया था जब मृतक अपने घर से महज दो सौ मीटर की दूरी पर मौजूद अपने बग्गर में पालतू जानवरों को बांधने गए थे। दिनांक 12 अक्टूबर दिन रविवार दोपहर जब मृतक कौशल का शव उनके गांव पहुंचा तो सैकड़ों की संख्या में परिजनों सहित लोगों ने मृतक का शव महोली हरगांव मार्ग पर रख रोड को जाम कर दिया। परिजनों के द्वारा लगातार प्रशाशन और पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा जा रहा रहा है, कि मृतक कौशल और उसके चाचा शिवनाथ से उसका रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मृतक ने स्थानीय तहसील , जिलाधिकारी और पुलिस से भी मामले की शिकायत की थी। जिम्मेदारों द्वारा समस्या का कोई निस्तारण नहीं कराया गया। जिसके परिणाम स्वरूप विपक्षियों के हौसले इस कदर बुलंद हुए की इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया। साथ ही परिजनों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी करने और उनके घर को ढहा देने की बात कही। मौके पर मौजूद तमाम पुलिस प्रशासन क्षेत्राधिकारी महोली नागेंद्र चौबे महोली , कोतवाली दिलीप चौबे द्वारा तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही जिनमें राकेश पुत्र शिवनाथ शिवनाथ पुत्र गुलज़ारीलाल युगांश पुत्र प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया गया है अन्य गुड्डी पत्नी प्रमोद राजेश पुत्र शिवनाथ को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और कठोर कार्यवाही की जायेगी। कुछ देर बाद परिजन पुलिस के समझाने के बाद शव को रोड से हटाकर एंबुलेंस से घर ले गए। मौजूद पुलिस द्वारा मार्ग का यातायात सुचारू रूप से चालू कराया गया।

## जनपद में दोनों पालियों में पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 सकुशल सम्पन्न

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि उप्र लोक सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 हेतु जनपद में बनाए गए 22 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा देने हेतु कुल पंजीकृत 9216 अभ्यर्थी के सापेक्ष प्रथम पाली में 4611 अभ्यर्थी उपस्थित रहें तथा 4605 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली 4578 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 4638 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम पाली में परीक्षा दी गई थी, उन्हीं अभ्यर्थियों को द्वितीय पाली की परीक्षा देनी थी। अपर जिलाधिकारी ने आयोजित परीक्षा के दौरान बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार चोरी की दो बाइक व अवैध असलहा बरामद

**एसपी सीतापुर के निर्देश में जनपद में चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सीतापुर। एसपी सीतापुर के निर्देशन में पुलिस टीम को सफलता मिली है। पुलिस ने दो शातिर अपराधी गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिलें व अवैध शस्त्र बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी, नकबजनी, छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में बीते 12 अक्टूबा को को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के नेतृत्त्व में थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर हिस्ट्रीशीटर 1. सुधीर पुत्र जगदीश निवासी ग्राम गोडवा थाना इ0सु0पुर जनपद सीतापुर 2. बल्लू पुत्र चेतई निवासी ग्राम मधवापुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर को रामपुर नयागांव तिराह के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । गिरफ्तार अभियुक्तों से कुल 02 अदद चोरी की मोटरसाईकिलें (1. हीरो पैशन मोटरसाइकिल UP32GF6115 , 2. हीरो सी0डी0 डीलक्स UP31U4040 व एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि एक माह पूर्व मो0सा0 ठ्घ31ठ4040 को जनपद खीरी से, करीब 02 वर्ष पूर्व मो0सा0 UP32GF6115 को इन्द्रिरा नगर जनपद लखनऊ से चोरी किया था। बरामद उपरोक्त मोटरसाइकिल वाहन संख्या UP31U4040 के संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0-728/2025 धारा-303(2) बीएनएस थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी तथा मो0सा0 UP32GF6115 के संबंध में थाना इन्द्रानगर पर मु0अ0सं0 186/2023 धारा-379 भा0द0वि0 थाना इन्द्रानगर जनपद लखनऊ पंजीकृत है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार दोनो अभियुक्त थाना इमलिया व थाना रामकोट के हिस्ट्रीशीटर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में ही लूट/ चोरी/ नकबजनी /हत्या/हत्याके प्रयास/मारपीट/अवैध शस्त्र आदि गम्भीर अपराधों के संबंध में करीब दो-दो दर्जन अभियोग जनपद सीतापुर सहित लखनऊ एवं लखीमपुर खीरी में पंजीकृत हैं।

# सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर, स्वच्छता अभियान की खोल रहे पोल

**भसडिया रोड स्थित कांशीराम कालोनी का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। स्वच्छ भारत अभियान की पोल सड़क के किनारे पड़े कूड़े के ढेर खोल रहे हैं। सरकार स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। जिले की भसडिया रोड कांशीराम कालोनी के सड़क किनारे कचरों का अंबार लगने के कारण परेशानी का सबब बना हुआ है स्वच्छता अभियान में प्लास्टिक अड़चन पैदा कर रही है प्लास्टिक की वजह से क्षेत्र की कई नालियां जाम हैं वहीं, कचरों ने निकलने वाली दुर्गंध से लोगों को परेशानी हो रही है हालांकि अधिकंाश कंाशीराम कालोनियों की स्थिति लगभग यही है नालियों में प्लास्टिक व कचरा जमा है।जानकारी मुताबिक भसडिया रोड स्थित कंाशीराम कालोनी में कचरा का डोर-टू-डोर कलेक्शन सही तरीके से नहीं किये जाने के कारण भी लोगों को परेशानी होती है हालांकि डस्टबिन रखने के भी आदेश दिये गए थे।जानकारी मुताबिक कंाशीराम कालोनी के वाशिंदे सड़क किनारे कूड़े डाल रहे जिसके चलते सड़क किनारे गंदगी फैलती है कचरा जमा रहने के कारण इससे संड़ांध उत्पन्न हो रही है।*त्त’’सफाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति!’’त*भसडिया रोड स्थित कंाशीराम कालोनी से सटी सड़क किनारे कचरा जमा देखा जा सकता है शिवम अवस्थी व हनी चौरसिया का कहना है कि जहां-तहां गंदगी का अंबार लगा रहने के कारण कठिनाई होती है वही सीमा अवस्थी का कहना है कि साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जाती है जहां-तहां गंदगी का अंबार लगा रहता है।कई बार सम्बंधित जिम्मेदारों से उक्त मामले के बारे में जानकारी दी गई किन्तु एक दूसरे की जिम्मेदारी बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं वही स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासक व भसडिया ग्राम पंचायत से सफाई अभियान में तेजी लाने और स्वच्छता अभियान से जुड़े पदाधिकारी को जिम्मेदारी का निर्वाह करने का निर्देश देने की मांग की है।*त्कचरा कंाशीराम कालोनी वाशिंदे डाल रहे सड़क पर, खा रही है गाय’’त*जानकारी मुताबिक भसडिया रोड स्थित कंाशीराम कालोनी में अधिकंाश रहने वाले वाशिदो द्वारा सड़क पर कचरा डालते ही अवारा गायों का झुंड खाने के लिए आतुर रहता है, जिसमें पोलिथिन खाने से गायों में आफरा की बीमारी होने से मौत के मुंह में समा जाती है क्योंकि गायों को चारा भरपेट न मिलने से कचरा में पोलिथिन, कागज सहित सभी अनुयोगी सामग्री खा लेती है।

# डीएम ने लिया संज्ञान, बेचेपुरवा के तीन अनाथ बच्चों को तत्काल दी गई सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ग्राम पंचायत करसौर के मजरा बेचेपुरवा में जब मां का आंचल सदा के लिए उठ गया तो तीन नन्हे चेहरे बेसहारा हो गए। दो बहनें और एक छोटा भाई जिनके सिर से पांच साल पहले पिता का साया भी उठ चुका था। जब गांव में यह दुखद खबर फैली, तो हर आंख नम हो गई।परिवार की दयनीय हालत की सूचना डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चों की मदद के निर्देश दिए। एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान के माध्यम से तीनों बच्चों के लिए भोजन एवं देखभाल की व्यवस्था तत्काल करवाई।एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने बताया कि तीनों बच्चों को सभी संभव सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। इसके लिए राजस्व टीम ने सोमवार को पूरी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के लिए जरूरी दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं, ताकि उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना/स्पॉन्सरशिप योजना और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके। बच्चों के एकमात्र सगे ताऊ जीवित हैं, जिनसे वार्ता कर प्रशासन आगे की देखरेख और पालन-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है।गांव के लोग कह रहे हैं कि मां-बाप दोनों के चले जाने के बाद प्रशासन ही अब इन मासूमों का सहारा है। डीएम के निर्देश और प्रशासन की तत्परता ने बेचेपुरवा के इस छोटे से परिवार में एक नई उम्मीद जगा दी है।

## निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान द्वारा निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

कमलापुर ,सीतापुर। जिसमें लखनऊ के हेल्थहोप हॉस्पिटल लखनऊ के एमडी डा अमन दीक्षित,डॉ शुभम यादव डा.प्रवीण डा.इब्राहिम और महिला डॉक्टर द्वारा 200 से अधिक मरीज़ों बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों की जाँच कर दवाई दी गई । इस कार्यक्रम की शुरुआत अध्यापक *पवनतसिंह* और *पप्पूतसिंह* द्वारा फीता काटकर किया गया । कार्यक्रम में गन्ना समिति के चेयरमैन रवि सिंह, जेपी सिंह, किसान यूनियन टिकैत से अनिकेत सिंह, छोटू सिंह, विकास यादव, राहुल यादव सुमित चौहान , शुभम यादव, अनिकेत सिंह हरिहरपुर , शिब्बू सिह , शिवम सिंह , धर्मेंद्र, रामकिशोर यादव, बनवारी , सबीर प्रधान आदि लोग मौजूद रहे ।

## कमलापुर मंडल में मनाया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष



कमलापुर, सीतापुर। खण्ड के महोली मंडल में रविवार को ध्वज पूजन , बौद्धिक एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजन अनुष्ठान में आरएसएस पदाधिकारियोंद्व स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।आयोजन में अवधेश शुक्ल ,कसमण्डा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ,सत्यप्रकाश सिंह,वेद प्रकाश पाण्डेय,अशोक मिश्रा,गुड्डू रावत, राजू यादव अभय पाण्डेय,दीपक शुक्ला,प्रताप यादव,अमर बाजपेई,अमर सिंह, मुकेश पाण्डेय,पंकज सिह, ऋषी मिश्रा,शिवम सिंह, राजेन्द्र पाण्डेय, सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक सम्मिलित हुए। सुरक्षा ब्यवस्था मे कमलापुर यसो प्रदीप कुमार सिंह दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

## डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में रन फॉर डी ए वी का शानदार आयोजन किया गया



रायबरेली । एन. टी. पी. सी. ऊंचाहार स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में रन फॉर डी ए वी का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 100 से अधिक छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में 2 किमी, 5 किमी और 10 किमी में अपने अपने कैटेगरी में प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में 2 किमी में अभिषेक सिंह प्रथम, अर्चित मिश्र द्वितीय ,एवं तृतीय स्थान पर आरव और आलोक मिश्रा संयुक्त रूप से रहे।, 5 किमी में आदर्श ने प्रथम अंश कुमार ने द्वितीय एवं यश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 10 किमी में हरिओम दुबे प्रथम एवं अभिषेक यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।जबकि बालिका वर्ग में 2 किमी में हिमानी वर्मा प्रथम, चित्रांशी वैद्य द्वितीय , एवं शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 5 किमी में भावना प्रथम भव्या द्वितीय एवं अन्नपुर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा जौहरी ने बधाई संदेश में सभी विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं सभी प्रतिभागियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और बताया कि अभ्यास में एकाग्रता और निरंतरता से कठिन से कठिन लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। समस्त प्रतियोगिताएं विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी मनीष कुमार श्रीवास्तव एवं खेल शिक्षिका सुषमा सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर अमित पांडे, अश्विनी शर्मा, रेखा सिंह,मनोज पौराणिक,अम्बरीष अवस्थी, अजीत शर्मा, आशीष ,सरोज,सुनीता, बृजेश,राकेश, प्रतीक ,महेंद्र,अमित,नेहा रजनी, सीमा,सिद्धार्थ,विनायक,सुबोध विजय, संध्या,अर्पित, रजनीश, सूरज ,ओम प्रकाश,ज्योत्सना,रक्षा, दीपशिखा,अनु,स्मृति,आकांक्षा, साक्षी, सुरभि, ,आशुतोष आदि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शारदा सहायक नहर पुल बना हादसों का सबब, मरम्मत के अभाव में बढ़ा खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। नगर के शारदा सहायक नहर पर बना पुल जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। पुल की सतह पर बने गहरे गड्ढे अब राहगीरों के लिए खतरा बन चुके हैं। प्रतिदिन हजारों वाहन इस पुल से गुजरते हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण पुल की मरम्मत अब तक नहीं हो सकी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढों के कारण पुल पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से हादसे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। क्षेत्र निवासी पंकज अग्रवाल ने बताया, ख़्पुल पर बने गड्ढों में बाइक या कार के अचानक फंस जाने से कई बार लोग गिर चुके हैं। प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही।ङ्क वहीं सुनीता देवी ने कहा, ख़्बच्चों को स्कूल भेजते समय डर लगता है कि कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए।ङ्कबिसवां से सकरन, जमालपुर और लश्करपुर को जोड़ने वाला यह पुल शारदा सहायक नहर प्रणाली का अहम हिस्सा है, जिससे हजारों किसानों की सिंचाई निर्भर करती है। हाल के महीनों में नहर की पटरी पर भी कटाव और लाइनिंग टूटने की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे पुल की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।पिछले वर्ष जुलाई में नहर विभाग ने आश्वासन दिया था, परंतु 2025 में भी हालात जस के तस हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, ख़्बजट की कमी और लगातार बारिश के कारण मरम्मत कार्य में देरी हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पुल की तुरंत जांच कर मरम्मत कराई जाए, अथवा अस्थायी रूप से आवागमन बंद कर वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया जाए।

# महिला थाने पर उत्पीड़न के 9 मामलों का हुआ सुलह से निस्तारण

**महिला थाने पर नौ जोड़े परिवार की काउन्सलिंग कराके टूटने से बचाया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 अभियान जनपद में चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला ने काउन्सलर के सहयोग से अभियान चला कर महिलाओं को जागरूक किया गया। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला, काउंसलर कय्यूम ज़रवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 09 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है जिनमे 06 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है।इस अवसर पर महिला थाने की महिला आरक्षी बबली पवार एवं पक्षकारों के परिवारिजन भी उपस्थित रहे जिन्हें अभियान मिशन शक्ति फ़ेज 5.0के तहत महिलाओं के हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 1098, 1076,112, 108, 181 व अन्य योजना कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित पेंशन योजना, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# कल्कि महोत्सवः विकासोत्सव-2025 में लखपति दीदी ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण एवं पशुधन दुग्ध विकास सम्मेलन का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्य अतिथि मंत्री धर्मपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं सीडीओ गोरखनाथ भट्ट एवं अन्य अतिथिगणों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

बहजोई, सम्भल। बड़ा मैदान बहजोई में 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 आज छठवें दिवस। लखपति दीदी ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण, पशुधन दुग्ध विकास, ग्राम प्रधान सम्मेलन एवं पराली प्रबंधन तथा सफाई कर्मी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिंह जी रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्व प्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि मंत्री जी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उसके उपरांत माननीय मंत्री जी का जिलाधिकारी द्वारा जनपद संभल की नई परंपरा पंचोपचार के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया तथा प्राचीन मंदिर वेरनी से प्राप्त भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति की प्रतिकृति भी माननीय मंत्री जी को भेंट की गई गया एवं विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों का भी एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से श्रीमती राधा द्वारा स्वयं सहायता समूह से संबंधित गीत प्रस्तुत किया तथा सांस्कृतिक विभाग से आए कलाकारों द्वारा अयोध्या के राम नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों के विषय में बताया गया उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत को आर्थिक रूप से कैसे मजबूत करें उसको लेकर हमें सोचना है तथा उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जा जाया जा रहा है हम लोगों को ग्राम के परिवारों को आगे बढ़ना होगा उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना होगा तथा हमें अर्थव्यवस्था से प्रत्येक घर परिवार को जोड़ना है। उन्होंने सफाई कर्मियों के लिए कहा कि सफाई कर्मी स्वच्छता के अग्रदूत हैं। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सम्भल कल्कि महोत्सव / विकासोत्सव के अंतर्गत किए जा रहे कार्यक्रमों के विषय में जानकारी प्रदान की।

जिलाधिकारी ने पराली प्रबंधन के विषय में भी चर्चा की और उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है मृदा ताप में बढ़ोतरी होती है जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं मृदा में उपस्थित लाभदायक मित्र कीट होते हैं वह जलकर मर जाते हैं। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों से कहा कि फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणाम से अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने गौवंश संरक्षण में जनपद द्वारा किये जा रहे कार्य के विषय में बताया तथा उन्होंने कहा कि जनपद प्रदेश में निराश्रित गोवंश संरक्षण में टॉप 5 में है। जिलाधिकारी ने सम्भल संवाद एप के विषय में भी बताया तथा इसको अधिक से अधिक लोगों द्वारा डाउनलोड करने के लोगों को जागरूक करने को भी कहा। मा. मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी पुरातन परम्परायें किस तरीके से प्रभावित करती हैं। जनपद सम्भल में चलाया जा रहा पंचोपचार सम्मान हमारी प्राचीन परम्पराओं को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इस समय राजनीति का स्वर्ण युग चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे मा. प्रधानमंत्री जी कर्मयोगी तथा मा. मुख्यमंत्री जी जन्म योगी हैं। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव सामाजिक सौहार्द तथा समरसता का महोत्सव है। भारत गाँव का देश है तथा भारत की आत्मा गाँव में बसती हैं। खेती और पशु एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने स्वदेशी अपनाने के लिए भी कहा तथा उन्होंने जनपद के अधिकारियों द्वारा एक दिन के वेतन गायों के सेवा के लिए दिये जाने की बहुत सराहना की। उन्होंने पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं के विषय में भी बताया। कार्यक्रम के अन्तर्गत एन आर एल एम के अन्तर्गत आरएफ तथा सीआईएफ के अन्तर्गत 14.94 करोड़ तथा 22.50 करोड़ के चेक वितरित किये तथा पीएम आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास चाबियाँ दी तथा जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह तथा खण्ड विकास अधिकारी पवांसा अमरजीत सिंह तथा 4 एडीओ एवं 19 ग्राम पंचायत अधिकारियों को मुख्य अतिथि मा. मंत्री जी द्वारा सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू द्वारा भी संबोधित किया गया तथा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खड़गवंशी द्वारा सभी लोगों का कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि मंत्री तथा विशिष्ट अतिथि तथा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा सफाई कर्मी सहभोज कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सामूहिक भोज किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित लगायी गयीं स्टालों का अवलोकन किया।

## इमरती ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार बोली समाधान की जगह मिली सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रदेश सरकार की ओर से मिशन शक्ति चलाकर बेटियों को मजबूत करने का नारा दिया जा रहा है, लेकिन इमरती देवी न्याय के लिए भटक रही है**

बदायूं। ड्रेस सिलाई का भुगतान न मिलने पर 22 वर्षीय इमरती देवी ने अब डीएम से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने बताया कि समाज कल्याण अधिकारी ने भुगतान करने के बजाय उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उसकी मां को भी स्कूल से निकाल दिया गया है।

प्रदेश सरकार की ओर से मिशन शक्ति चलाकर बेटियों को मजबूत करने का नारा दिया जा रहा है, लेकिन इमरती देवी न्याय के लिए भटक रही है। दातागंज क्षेत्र के गांव समरेर की 22 वर्षीय इमरती ने समरेर के आश्रम पद्धति आवासीय स्कूल में पढ़ाई की थी। यहीं से उसे तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी ने स्कूल की ड्रेस सिलने का ठेका दे दिया। उसने बताया कि वह बहुत गरीब है। उसके पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं। मां भी इसी स्कूल में बतौर वार्डन काम कर रहीं थी। ड्रेस सिलने के लिए इमरती को कपड़ा भी स्कूल से ही मुहैया कराया गया था। उसने ने रात-दिन मेहनत कर 5200 पीस ड्रेस के तैयार कर दिए। इसके लिए उसने कर्ज पर पैसे लेकर कारीगर भी लगाए थे। जब ड्रेस तैयार हो गईं तो स्कूल प्रबंधन ने लेने से मना कर दिया। उस समय बदायूं में तैनात रहे समाज कल्याण अधिकारी राम जनम का भी ट्रांसफर हो गया। वह भुगतान के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाती रही। जब अधिकारियों ने उसे अनसुना कर दिया तो उसने क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह से फरियाद की। क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप के बाद इमरती से स्कूल प्रबंधन ने 2200 ड्रेस ले लिए और उसका भुगतान कर दिया। अभी भी उसके घर में तीन हजार ड्रेस रखे हैं। इमरती अपना हक मांगने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। शनिवार को उसने डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है। अब डीएम ने भरोस दिया गया कि न्याय दिया जाएगा। समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा जितने भी ड्रेस स्कूल को मिले हैं, उसका भुगतान करा दिया गया है। स्कूल के पास अन्य ड्रेस नहीं पहुंची हैं। इस मामले में जांच कराई जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। अगर उसने अधिक ड्रेस स्कूल में दी हैं तो उसका विवरण दिखाए। अगर सही है तो उसका भुगतान कराया जाएगा।

## जीएसटी कटौती से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगीः उमेश कठेरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सहसवान में अनुज माहेश्वरी के कैम्प कार्यालय पर जीएसटी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सहसवान विधानसभा के व्यापारी, उद्यमी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।मुख्य अतिथि सदस्य अनुसूचित जाति/ जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश उमेश कठेरिया ने कहा जीएसटी दरों में कटौती को गरीब और मध्यम वर्ग के लिए राहत भरा और देश की अर्थव्यवस्था के लिए मजबूती प्रदान करने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि इस बार दिवाली बोनस एक महीने पहले ही मिल गया है। यह राहत अगले कई दशकों तक देश की अर्थव्यवस्था को गति देगी। जीएसटी सुधारों के जरिये सरकार ने आम जनता और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं का सम्मान किया है। किराना सामान पर टैक्स घटाकर 5% कर दी गई है, जिससे भोजन किफायती व सुलभ बना है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा पहले कुल 16 प्रकार के टैक्स लिए जाते थे। लेकिन अब सरकार वन नेशन वन टैक्स का प्रावधान लागू कर दिया है। जीएसटी दर घटने से आम जनमानस को दशहरा और दीपावली का उपहार मिला है।

मोदी सरकार में आम जरूरत की चीजें अब सस्ती हुई हैं। कैंसर की दवाएं सस्ती हुई हैं लाइफ और मेडिकल बीमा में जीएसटी कटौती से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुज माहेश्वरी ने आए हुए सभी व्यापारियों का स्वागत व अभिनंदन किया। संगोषी की अध्यक्षता व्यापारी विष्णु असावा ने की और संचालन सुभाष गौड़ ने किया।इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष चंद्र गुप्ता, मयंक गुप्ता, पियूष माहेश्वरी, ललतेश सिंह, राजीव शर्मा, अवढर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अवैध संबंध के शक में युवक की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह का कहना है, कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद वास्तविकता का पता चलेगा**

अनूपशहर । गांव भोपतपुर नंगला में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्वजनों ने गांव की एक महिला उसके पति व अन्य पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना अवैध संबंध को लेकर होने की चर्चा हो रही है।

एसपी देहात डा.तेजवीर सिंह ने बताया है, कि डॉयल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना मिली कि गांव भोपतपुर नंगला थाना अनूपशहर में खेत के किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जिसकी शिनाख्त 20 वर्षीय डेविड पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव नंगला भोपतपुर की रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलते ही वह स्वयं मौके पर पहुंचे। अनूपशहर सीओ रामकरण सिंह, कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा तथा फॉरेंसिक टीम बुलंदशहर भी मौके पर पहुंची। और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के स्वजनों ने हत्या की आशंका प्रकट करते हुए गांव की एक महिला उसके पति तथा एक अन्य का नाम बताते हुए गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने पति-पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, तथा डेविड के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के स्वजनों ने बताया कि युवक देर शाम घर से जाने के बाद वापस नहीं लौटा था। सुबह घर के पीछे लगभग 200 मीटर की दूरी पर खेत में शव मिलने पर हत्या की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार शव पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह का कहना है, कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद वास्तविकता का पता चलेगा।

## सेलेब्रिटी अवार्ड से नवाजे गए व्यापारी नेता नवनीत गुप्ता शोंटू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। युवा संस्था, श्री रामलीला महोत्सव कमेटी एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश (पंजी) की ओर से 11, 12, 13, 14 अक्टूबर 2024, शाम 6:00 से गांधी ग्राउंड बदायूं में भव्य स्तरीय दीवाली महोत्सव एवं दिवाली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन का भव्य उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता एडवोकेट ने किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने की. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडिशनल सीएमओ डॉ राजवीर गंगवार, फैशन आइकन राजीव अरोड़ा उपस्थित रहे महोत्सव में अतिथियों ने यूथ मोटीवेटर ऑफ द ईयर का सेलिब्रिटी अवॉर्ड व्यापारी नेता नवनीत गुप्ता शोंटू एवं ऑग्रेनाइजर ऑफ द ईयर अशोक सक्सेना को दिया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है तथा भविष्य में आगे बढ़ने का मौका मिलता है। कार्यक्रम अध्यक्ष नगर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि दीपाली महोत्सव में कई प्रतिभाओं को मौका मिलता है भविष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रतिभाओं में ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में अमिताभ बच्चन बर्थडे सेलिब्रेशन प्रोग्राम एवं केक कटिंग सेरेमनी अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट के एक्टर परवेज खान द्वारा किया गया. राहुल सक्सेना जी के संयोजन में डांसिंग स्टार एवं सिंगिंग सेंसेशन का आयोजन किया गया. किड्स फैशन शो में बदायूं जनपद के सभी प्ले स्कूल के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया. इसका संयोजन कुलदीप एवं शोबी जी ने किया. कॉन्सेपुअल मॉडलिंग शो, जिया जले इंडियन ट्रेडीशनल कॉस्टयूम में किया गया. रानी पद्मावती के जोहर पर आधारित एक्ट पद्मावत आयोजन किया गया. कांसेप्चुअल मॉडलिंग शो ए दिल है मुश्किल 'बेवफा इश्क' म्यूजिक वीडियो लॉन्च सेरेमनी, सेलिब्रिटी क्विज शो, फनी क्विज, 1 मिनट गेम शो जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम में एक ऑटो एक्सपो का भी आयोजन किया गया. जहां सभी टू व्हीलर और फोर व्हीलर कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाया। सेलिब्रिटी अबाउट सेरेमनी में नवनीत गुप्ता शॉनटू को यूथ मोटीवेटर ऑफ द ईयर अशोक सक्सेना जी को ऑर्गेनाइजर ऑफ द ईयर के अवार्ड कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता एवं नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के आयोजक ऋतुराज खुसरिया ने कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत करी। मिस्टर एवं मिस यूपी 2025 के जजमेंट के लिए बॉलीवुड एक्टर, प्रोफ़ेशनल मॉडल सेलिब्रिटी जज मनोज दहिया उपस्थित रहे। सुपर मॉडल वाणी इरा, बबली एवं निशा शर्मा ऑनर द फैशन चिंगारी इवेंट की डायरेक्टर उपस्थित रहीं।

## पीसीएस परीक्षा में अनुपस्थित रहे 333 परीक्षार्थी

अनूपशहर। प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक पीसीएस परीक्षा में 333 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। रविवार को नगर के डीपीबीएस कालेज में आयोजित प्रारंभिक पीसीएस परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में 480 के सापेक्ष 149 तथा दूसरी पाली में 480 के सापेक्ष 147 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डा. जीके सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण वातावरण में दोनों पाली की परीक्षाएं संपन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान कालेज परिसर से किसी भी व्यक्ति का आवागमन नहीं होने दिया गया। प्रशासन द्वारा सुबह से ही कालेज के निकट की सभी दुकानों को बंद कर दिया गया था। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे शुरू हुई थी किंतु परीक्षार्थियों को 8:45 बजे प्रवेश हो जाना चाहिए था। किंतु दीपक अग्रवाल पुत्र मदनलाल निवासी हसनपुर जिला अमरोहा तथा नरेंद्र कुमार पुत्र हरपाल सिंह निवासी गांव शाहपुर जिला अमरोहा 5 मिनट देर से पहुंचे। प्रशासन द्वारा नियम के अनुपालन में उन्हें प्रवेश नहीं दिया। जिससे वह परीक्षा दिए बिना वापस लौटने को मजबूर हो गए।

## जेपी विश्वविद्यालय में फ्रेशर पार्टी संपन्न

अनूपशहर। जेपी विश्वविद्यालय में नवागंतुक छात्रों के स्वागत व फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। जिसमे मनीष को मिस्टर फ्रेशर व दिव्यांशी को मिस फ्रेशर चुना गया।शनिवार को जेपी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ नवागंतुक छात्रों के स्वागत मे फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव सक्सेना, कुलसचिव संजय अग्रवाल एवं डीन डा. निशांत श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैम्प वॉक कर धमाल मचाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर एंड मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही। जिसमे मनीष रॉय को मिस्टर फ्रेशर और दिव्यांशी गहलौत को मिस फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. राखी पांडे, सौरव मिश्रा, डा. मोहित माधव, डा. दीपिका मिश्रा, डा. सुमित कुमार, डा. जतिन कुमार, डा. रामकुमार, डा. राहुल कुमार का योगदान रहा।

## डीएवी बबराला में 'रन फॉर डीएवी', स्वास्थ्य अनुशासन और सेवा का संदेश

बबराला (संभल)। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली के आह्वान पर डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, बबराला में शनिवार को 'रन फॉर डीएवी' का प्रेरणादायी आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन तथा सेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एएसपी अनुकृति शर्मा ने विद्यालय प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत एवं यारा फर्टिलाइजर्स बबराला के महाप्रबंधक सौरभ माथुर के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। विद्यालय परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। दौड़ विभिन्न श्रेणियों में आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बालक वर्ग (कक्षा 9,12) में आशीष कुमार, बालिका वर्ग में दिव्या यादव, जूनियर वर्ग में दक्ष यादव व सौम्या यादव तथा स्टाफ वर्ग में अमित शर्मा और तबस्सुम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पदक और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि नन्हे प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि एएसपी अनुकृति शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को जगाते हैं। उन्होंने विद्यालय के स्वच्छ और हरित वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सकारात्मक माहौल में शिक्षा प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श – स्वास्थ्य, अनुशासन और सेवा को जीवन में अपनाना ही इस आयोजन का वास्तविक उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत 'जन गण मन' के साथ हुआ।

## शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, गोली लगने से बराती घायल, हालत गंभीर

बदायूं। बिनावर थाना क्षेत्र में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। शादी समारोह में हुई हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक घायल हो गया। घायल को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदायूं के बिनावर क्षेत्र में शनिवार की रात बरात में हुई हर्ष फायरिंग में युवक सहजान (25) गोली लगने से घायल हो गया। परिवार के लोग उसको बरेली के निजी अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बिहार निवासी पूर्व प्रधान इसरार की बेटी का निकाह था। शनिवार रात बरात सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गद्दी चौक ब्रह्मपुर से आई थी। बरात में शामिल होने आए ब्रह्मपुर निवासी सहजान भी आया था। शादी समारोह में किसी बराती ने हर्ष फायरिंग हुई। इसी दौरान सहजान को गोली लग गई। वह घायल हो गया। घटना से अफरातफरा मच गई। परिवार के लोगों ने उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बिनावर एसओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है, आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## 15 अक्टूबर को राज्य महिला आयोग सदस्य करेंगी जनसुनवाई

बदायूं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे जनपद बदायूँ में मा0 सदस्य उ0प्र0, राज्य महिला आयोग लखनऊ अवनी सिंह द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग बदायूँ के गेस्ट हाउस में की जाएगी तथा अपरान्हन 01 बजे से ब्लाक उझानी में पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सम्बन्धित अधिकारीगण जनसुनवाई / पोषण पंचायत कार्यक्रम में समस्त सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## हाईवे के एक रेस्टोरेंट में खाने में मक्खी निकालने का वीडियो प्रसारित

बदायूँ। थाना मूसाझाग क्षेत्र गांव के रहने वाले शिवाकांत शर्मा शनिवार की रात एक हाईवे के रेस्टोरेंट में खाने का आर्डर दिया था। जिसमें एक सब्जी में मरी हुई मक्खी निकली। वहीं उन्होंने इसका विरोध जताया तो रेस्टोरेंट के मैनेजर ने बदतमीजी की और बिल देने से इनकार कर दिया। वहीं उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया और फूड विभाग के अधिकारियों को भी बताया, वही उनका कहना है कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिसको लेकर वह जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे। वही संबंध में उन्होंने उझानी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। खाने में भुनी हुई मक्खी निकालने की जानकारी प्राप्त हुई है, जांच करके कार्रवाई की जाएगी। - सीएल यादव, सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय)

## सिपाही की साठगांठ में खनन माफियाओं की बल्ले-बल्ले

बदायूं। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के जवाहरपुरी पुलिस चौकी के एक सिपाही की मिलीभगत से चौकी क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन चल रहा था। खनन माफिया चौकी पर सुविधा शुल्क पहुंचा रहे हैं। खनन माफिया और सिपाही की सांठगांठ से धंधा खूब फल-फूल रहा है। अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार चल रहा था यह काला कारोबार किसी और के संरक्षण में नहीं पल रहा है। बल्कि जवाहरपुरी पुलिस की मिली भगत से संभव हो रहा है।

## सकुशल, निर्विघ्न, शांतिपूर्ण, पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों व कोषागार का निरीक्षण**

बदायूं। जनपद में रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक व क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 सकुशल, निर्विघ्न, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी अवनीश राय ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों व कोषागार का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुल 6854 अभ्यर्थियों में से प्रथम पाली में 2483 व द्वितीय पाली में 2470 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के केंद्रो गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, एन एम एस एन दास पीजी कॉलेज, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केदो का निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी कैमरो से की जा रही मॉनिटरिंग को देखा, पार्किंग व्यवस्था,तलाशी व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने बताया कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए जनपद में 16 विद्यालयों व महाविद्यालयों में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि संतोष कुमार मेमोरियल गनगोला दातागंज परीक्षा केंद्र पर कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 326 थी जबकि अन्य परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 384 थे। परीक्षा दो पालियो में संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल 6854 अभ्यर्थियों में से 2483 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 4371 अनुपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली में कुल 6854 अभ्यर्थियों में से 2470 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 4384 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डीएम ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी, साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी मा0 आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुसार की गई थी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक ,स्टेटिक मजिस्ट्रेट की व्यवस्था की गई थी साथ ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिला अधिकारी न्यायिक सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## वार्ष्णेय नगर सभा ने मेधावियों को किया सम्मानित

अनूपशहर। श्री वार्ष्णेय नगर सभा का 42 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में वृद्धजनों, प्रतिभाओं और मेधावियों को सम्मानित किया।श्री वार्ष्णेय नगर सभा के अध्यक्ष होमनिधि वार्ष्णेय ने बताया कि वार्षिकोत्सव में वृद्धजन सम्मान में रतन लाल सपत्नीक, विमला देवी, सरोज देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान में अक्षय गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता और ऋषभ को सम्मानित गया। समारोह के मुख्य अतिथि गौरव वार्ष्णेय संयुक्त निदेशक वन सांख्यिकी विभाग उ प्र, तथा विशिष्ट अतिथि सुभाषचंद्र भोलेनाथ राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री अ.भा. श्रीवैश्य बारहसैनी महासभा रहे। बच्चों के मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सुबह वार्ष्णेय धर्मशाला में वेदमंत्रों के साथ अक्रूर महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता ने समाज के प्रत्येक घर में गत वर्ष घड़ी तथा वर्तमान में मिल्टन की बोतल वितरण की।इस अवसर पर डा. मुकेश गुप्ता, उमेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सतत प्रयास और त्याग से सफल रही 29 हजार शिक्षक भर्तीः विक्रमादित्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**29 हजार शिक्षकों की भर्ती के दस वर्ष हुए पूरे, शिक्षकों को किया गया सम्मानित**

रायबरेली। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गणित और विज्ञान के शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए 29 हजार शिक्षकों की हुई भर्ती के दस वर्ष पूरे हो गए हैं। दस वर्ष पूरे होने पर रविवार को एक होटल में एकत्रित होकर इस भर्ती के सभी शिक्षकों ने संघर्ष को याद किया गया और प्रमोशन सहित भविष्य की मांग को लेकर चर्चा भी की। शिक्षकों ने कहा कि इस भर्ती की राह आसान नहीं थी। भर्ती प्रक्रिया में सैकड़ों बाधाएं थी, लेकिन सतत प्रयास, त्याग, कुशल रणनीति और बेहतर मार्गदर्शन उन सब में सफलता अर्जित की गई और आज सबका भविष्य सुरक्षित है। गणित और विज्ञान भर्ती को पूरा कराने में संघर्ष करने वाले विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि जूनियर हाईस्कूलों में विज्ञान और गणित विषयों के शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए तत्कालीन सरकार ने विज्ञान और गणित के शिक्षकों के रिक्त पदों पर 29,334 शिक्षकों की भर्ती पर विज्ञापन निकाला गया था। यह पहला मौका था कि जब परिषदीय जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई थी। बेसिक शिक्षक महासभा के प्रदेश संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने उप्र बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 में संशोधन करके जूनियर हाईस्कूलों में विज्ञान और गणित शिक्षकों के 50 प्रतिशत पदों को सीधी भर्ती से भरने का फैसला लिया गया था। उन्होंने बताया कि इस भर्ती का विज्ञापन जारी होने के बाद सैकड़ों रोड़े आए, लेकिन उन सबसे निपटते हुए आखिरकार हम लोगों को वर्ष 2015 में नियुक्ति पत्र मिला था। प्रदेश संयोजक विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि नियुक्ति के बाद से हम लोग अनवरत विभाग में सेवा देते आ रहे हैं और बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षक भर्ती में संघर्ष के साथी रहे इटावा के स्वर्गीय वैभव यादव के संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के सामने हुए प्रदर्शन में वैभव ने लाठियां खाई थी। उनका भर्ती को लेकर बड़ा ही संघर्ष रहता था। इंसेट - दस वर्ष पूरे होने की खुशी में जनपद में शिक्षकों के नाम का मोमेंट और उन्हें साल प्रदान किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर रैली के आदेश रमन मौर्य ने मेघलीय नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षिका रुचि लोगनी और चारु सेठ ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवेंद्र सिंह और शिल्पी वर्मा ने किया। इस मौके पर दीपक शर्मा, राहुल चौधरी, वीरेंद्र आजाद, आफताब आलम, इन्दीवर, धीरज राजपूत, इरफान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुरु नानक चौराहे पर जाम लगाकर खड़ी होतीं रोडवेज बसें,निकलना दूभर

लखनऊ, कानपुर, दिल्ली,चंदौसी मुरादाबाद व फररुखाबाद जाने के लिए बसें तो यात्रियों के लिए बस अड्डे के अंदर से मिलती है। लेकिन आगरा, मथुरा, अलीगढ़, बरेली, पीली भीत व उत्तराखंड जाने के लिए बसें बस अड्डे के बाहर चौराहे पर खड़ी रहती हैं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। रोडवेज बसों की वजह से गुरु नानक चौराहे के पास सुबह होते ही रोजाना जाम लग रहा है। सवारियां लेने की होड़ में रोडवेज चाल क चौराहे पर बसों को बीच सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ी कर देते हैं। जिससे स्कूल बस व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यवस्था सुधारने के लिए न तो रोड वेज प्रशासन दिलचस्पी ले रहा और न ही ट्रैफि क पुलिस।

जिम्मेदारों द्वारा बसों को सड़कों के बीचों बीच खड़ा न करने की हिदायत रोडवेज बस चालकों को कई बार दी गई है। बस चालकों पर इसका असर होता दिखाई नहीं देता। एक के पीछे एक बसें खड़ी करना बस चालकों की आदत में शुमार हो चुका है।सवारियां भी बस अड्डे की भीतर से बसों में सवार होने की बजाय बस अड्डे के बाहर खड़ी बसों का इंतजा र करती रहती हैं। जो समस्या का मुख्य कारण है। गंतव्य तक जाने के लिए यात्री बस अड्डे पर पहुंचते हैं। लखनऊ, कानपुर, दिल्ली,चंदौसी मुरादाबाद व फर्रुखाबाद जाने के लिए बसें तो यात्रियों के लिए बस अड्डे के अंदर से मिलती है। लेकिन आगरा, मथुरा,अलीगढ़,बरेली, पीली भीत व उत्तराखंड जाने के लिए बसें बस अड्डे के बाहर चौराहे पर खड़ी रहती हैं।यात्री इन बसों के इंतजार में बस अड्डे के अंदर भटकते रहते हैं।दिल्ली आगरा व बरेली की ओर जाने वाली बसें बस अड्डे के अंदर नहीं जाती हैं।जिसकी वजह से यात्रियों को बाहर खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। इससे कभी-कभी हाद से की भी आशंका बनी रहती है। रोडवेज बसों के चौराहे पर आड़े तिरछी होकर बेतरतीब खड़े रहने से यहां दिन में कई बार जाम लगता है। जिससे दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को इधर से निकलना मुश्किल हो जाता है।

## कोलम (केरल) में इस्कफ़ राष्ट्रीय परिषद कार्यक्रम में शामिल हुए शायर शारिक़ रब्बानी

नानपारा, बहराइच। कस्बा नानपारा में जन्मे और वर्तमान में भोपाल निवासी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर, साहित्यकार एवं समाजसेवी शारिक़ रब्बानी ने 11-12 अक्टूबर को केरल के ऐतिहासिक शहर कोलम में आयोजित इस्कफ़ (भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ) राष्ट्रीय परिषद के कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए साहित्यकारों, समाजसेवियों और सांस्कृतिक हस्तियों ने विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण तथा सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया।इस अवसर पर इस्कफ़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूदेव दत्ता, राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार पडिहारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र हरि पाण्डेय, इस्कफ़ उत्तर प्रदेश के महासचिव मोती लाल, फिल्म निर्देशक एम.के. रामदास सहित कई प्रांतों से प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शारिक़ रब्बानी ने इस्कफ़ उत्तर प्रदेश की गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए सांस्कृतिक सहयोग, मैत्री और विश्व शांति पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कोलम के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया। गौरतलब है कि शारिक़ रब्बानी ने प्रेम, मानवता, महिला सशक्तिकरण और आपसी सौहार्द्र को अपनी लेखनी का माध्यम बनाया है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बेटे समेत दो पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में सागौन के पेड़ों की बिक्री में ला खों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आ या है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मनकापुर पुलिस ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बेटे समेत दो लकड़ी व्यापारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।ग्राम पचपुती जगतापुर निवासी गिरजेन्द्र बहादुर सिंह और विनोद कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को शिकायत पत्र दिया था।उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी भू मि पर लगे 146 सागौन के पेड़ों की बिक्री पूर्व ब्लॉक प्रमुख छपिया के पुत्र सुनील कुमार शु क्ला (निवासी रानीजोत मसकनवा) और हनु मान सिंह (निवासी भिटौरा) को की गई थी। ये दोनों 'जय मां शेरावाली टिम्बर' के नाम से लक ड़ी का व्यापार करते हैं।पीड़ितों के अनुसार, पे ड़ों का सौदा 82 लाख 50 हजार रुपये में तय हुआ था।इसमें से 51 लाख 25 हजार रुपये का भुगतान नकद, बैंक ट्रांसफर और एनएस सी के माध्यम से किया गया। शेष 31 लाख 25 हजार रुपये के लिए दिए गए दो चेक बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गए।जब पीड़ितों ने भुगतान न होने का विरोध किया,तो दोनों व्या पारियों ने न केवल पैसे देने से इनकार कर दि या,बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दीमनकापुर कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने ब ताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी,गबन और धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।उप निरीक्षक उमेश सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ अग्निकाण्ड मॉक ड्रिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मेडिकल कॉलेज बहराइच में शनिवार को अग्निकांड की स्थिति में बचाव एवं नियंत्रण की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसके बाद सुरक्षा अलार्म बजते ही अस्पताल के कर्मचारियों ने तत्परता के साथ आग पर नियंत्रण पाने की कार्रवाई शुरू की। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया और फायर कंट्रोल टीम ने समयबद्ध तरीके से आग बुझाने की प्रक्रिया प्रदर्शित की।इस अभ्यास के दौरान अस्पताल स्टाफ ने बेहतरीन समन्वय और सजगता का परिचय देते हुए कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखना एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था, जिसमें अस्पताल कर्मियों ने सफल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय खत्री, उप-प्राचार्य डॉ. मलिक, सीएमएस डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी, मीडिया इंचार्ज डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. राजेंद्र शुक्ला, अस्पताल प्रबंधक रिजवान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।डॉ. संजय खत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी ड्रिल समय-समय पर होते रहना अत्यंत आवश्यक है ताकि आपदा की स्थिति में किसी प्रकार की जान-माल की हानि न हो। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के मॉक ड्रिल जारी रखने का संकल्प लिया। मॉक ड्रिल के माध्यम से मेडिकल कॉलेज बहराइच ने यह संदेश दिया कि वह हर आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## यूपी एसटीएफ ने पचास हजार के ईनामी सूरज को लखनऊ में किया गिरफ्तार

गोंड़ा। पाक्सो एक्ट समेत पचास हजार के ईना मी सूरज को लखनऊ के इन्द्रानगर से गिरफ्तार कर लिया गया है।लखनऊ में पहचान छुपाकर रह रहे सूरज ने कई बार अपना ठिकाना बदला लेकिन यूपी एसटीएफ ने उसे धर दबोचा,एसटी एफ के अनुसार पकड़े गये आरोपी सूरज ने ब ताया कि गन्ना कटाई के सीजन में लगभग तीन वर्षों से वह गद्दोपुर कर्नलगंज गोण्डा आता था। इसी वर्ष मई में वह गद्दोपुर की रहने वाली नाबा लिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर वहां से अपने घर सीतापुर ले आया कुछ दिन बाद लड़की अपने घर चली गयी।लड़ की के घर वालों द्वारा मुकदमा दर्ज कराये जाने पर सूरज भागकर राजस्थान लेकर चला गया था।राजस्थान में कुछ दिन रहने के बाद वहां से भागकर लखनऊ आ गया और पहचान छुपा कर रहने लगा।सूरज के ऊपर सीतापुर में 235, 2003 धारा 376 में मुकदमा दर्ज है जिसमें व ह जेल गया था।यूपी एसटीएफ की टीम ने सूर ज के राजधानी में होने की खबर मिलते ही सि द्वि इण्टरप्राइजेज के पास छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# फ़ातिमा अस्पताल पर नि:शुल्क मूत्र रोग परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । फ़ातिमा अस्पताल में दिनांक 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को निःशुल्क मूत्र रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अंकित मोदी ( एमबीबीएस, एमएस, एम.एस.ए., डी.एम.ए.एस., एम.सी.एच. यूरोलॉजी ) द्वारा किडनी स्टोन, प्रोस्टेट एवं मूत्र संबंधी समस्याओं के मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवा और मानवता की ज्योति जलाने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात एक मधुर प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता और शांति का संचार हुआ।इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक फा. डॉ.संतोष सेबास्टियन ने अपने संबोधन में कहा ॢ फ़ातिमा अस्पताल सदैव निःस्वार्थ सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रतिबद्ध है। इस शिविर के माध्यम से हम रोगों को केवल उपचार नहीं, बल्कि जागरूकता के माध्यम से रोकने का प्रयास कर रहे हैं।ॣउन्होंने लोगों से स्वास्थ्य लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करने और समय पर जांच कराने की अपील की।डॉ. अंकित मोदी ने उपस्थित मरीजों को मूत्र एवं किडनी रोगों के लक्षण, बचाव और उचित उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रोगियों ने इस शिविर का लाभ उठाया, जिनमें मरीजों का अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट एवं दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक, समस्त विभागाध्यक्ष, डॉक्टर्स , स्टाफ, मरीज बन्धु एवं उनके साथी आदि उपस्थित रहें। 1995 में स्थापित, फातिमा हॉस्पिटल की सेवाएं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (घ्ब्रख्ङ्घ), भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (क्एब्न्ह्ट), पूर्वोत्तर रेलवे, एच.ए.एल., एन.टी.पी.सी., भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (इइक्र), गोरखपुर एवं मा. मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, उत्तर प्रदेश आदि से इम्पैनल्ड हैं। अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा, ब्लड बैंक, फार्मेसी एवं एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध है।

## यांत्रिक कारखाना गोरखपुर के नए मुख्य कारखाना प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा ने ग्रहण किया कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोररखपुर । यांत्रिक कारखाना गोरखपुर में नए मुख्य कारखाना प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा के कार्यभार ग्रहण करने पर कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में 8 सितंबर 2025 को पीआरकेएस का एक प्रतिनिधि मंडल, कारखाना मंडल गोरखपुर के मंडल मंत्री श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में, उनसे मिलने पहुंचा।

पीआरकेएस के महामंत्री एवं एनएफआईआर नई दिल्ली के एजीएस श्री विनोद राय जी के निर्देशानुसार, यह प्रतिनिधि मंडल बाबा गोरखनाथ की पावन नगरी में श्री सुनील कुमार शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत और अभिनंदन करने पहुंचा था।इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान, प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य कारखाना प्रबंधक को कर्मचारियों से जुड़ी कुछ अति आवश्यक समस्याओं से भी अवगत कराया। श्री शर्मा ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द से जल्द इन समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया, जिससे कर्मचारियों में आशा की एक नई किरण जगी है।इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित रहने वाले सदस्यों में वरिष्ठ नेता दीपक चौधरी, मुख्यालय मंडल मंत्री फिरोजुल हक युवा अध्यक्ष देवेश सिंह,कुलदीप मणि त्रिपाठी, सतीश श्रीवास्तव, शमशाद, लक्ष्मी श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, बृजपाल सिंह, मनोज शुक्ला, अंशुमान पाठक, अभिषेक गुप्ता, राजू रावत, दीपक प्रजापति, अजय त्रिपाठी, अखिलेश तिवारी, दीपक पांडे, नंदन चौधरी, राजकुमार, अनिल गौतम, राजकुमार गुप्ता, अविनाश राज, धर्मेंद्र तिवारी, बदरुद्दीन अहमद, रामसेवक, महेंद्र यादव, शुभम, नूरे आलम, कैलाश राजभर, वीरेंद्र गुप्ता, पवन श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह, राजकुमार निषाद और धीरज यादव प्रमुख थे।

# पांच साल पूरे हो रहे, पर घूंघट की ओट से बाहर नहीं निकल पाई महिला प्रधान

जिले की अधिकांश पंचायतों की बैठक से लेकर जो प्रमुख काम महिला प्रधानों को करने चाहिये,वह उनके पति कर रहे है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। केन्द्र व राज्य सरकारों ने भले ही नारी सशक्तिकरण के लिए कई नियम कानून व प्राविधान स्थापित किए हो लेकिन त्रिस्तरीय पंचायतों में नारी सशक्तिकरण पर नर हावी हैं।चुनाव के दौरान पत्नी को सामने कर उन्हें मान नीय का दर्जा दिलाने के बावजूद कार्यक्षेत्र में उनका कोई हस्तक्षेप नजर नहीं आता है।

ग्राम पंचायतों में अधिकांश महिला माननीयों के स्थान पर उनके पति या पुत्र ही प्रधानी या सदस्यता के काम संभालते दिख जाते हैं। जिले की अगर बात करें तो यहाँ कई ग्राम पंचायतों में महिला प्रधान हैं। लेकिन कुछ को अगर छोड़ दें तो जिले की अधिकांश पंचायतों की बैठक से लेकर जो प्रमुख काम महिला प्रधानों को करने चाहिये,वह उनके पति कर रहे हैं। यहां तक कि गांव के विकास कार्यों के लिये भी महिला प्रधानों के पति ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करते हैं।अधि कारियों का भी यही मानना है कि महिला प्रधानों की जगह उनके पतियों का प्रभाव ही रहता है।एक ओर सरकार मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को गति देने के लिए जिला प्रशासन लगातार कोशिश कर रहा है लेकिन जिले में कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जहां महिला ग्राम प्रधान होने के बावजूद उनके पति या पुत्र क प्रधानी करते नजर आते हैं।नारी सशक्तिकरण के प्रयासों को उस वक्त गंभीर झटका लगता है जब प्रशासन या दूसरे विभागों की तरफ से आयोजित होने वाली बैठकों में भी महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या पुत्र ही शिरकत करते हैं।हालांकि उच्च स्तर पर इसमें कमी आई है।गांवों के लिए आने वाली योजनाओं में निरीक्षण, समीक्षा एवं दूसरे कार्यों की जिम्मेदारी भी उनके पति ही संभा लते दिखते हैं।महिला माननीय घरों तक ही सीमित दिख रही हैं।

## तरबगंज पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान,छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा पुलिस अधी क्षक महोदय विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे-छेड़छाड़/शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत,व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक कल्पना श्रीवास्तव मय मिशन शक्ति / एंटीरोमियो टीम तरबगंज द्वारा थाना क्षेत्र में स्थित नरायनपुर डीहा तरबगंज गोंडा में अधिकारी/कर्मचारी से समन्वय स्थापित कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनको माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं/बच्चियों को प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे '' मिशन शक्ति केंद्र '' के बारे में बताया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- यूपी आपात कालीन सेवा-112, वीमेन पॉवर लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 इत्यादि से अवगत कराया गया तथा पैम्पलेट्स वितरित किए गये, और शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# राज्य-प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा केन्द्रों का एडीएम ने किया निरीक्षण

सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के दिये गये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2025 दो पालियों में सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में सम्पन्न होने वाली परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने परीक्षा केन्द्रों महिला पी.जी. कालेज एवं स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज का निरीक्षण कर संचालित हो रही परीक्षा का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद केन्द्र व्यस्थापकों तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एडीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कन्ट्रोल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का भी जायज़ा लिया।जनपद में परीक्षा के लिए निर्धारित 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में सम्पन्न परीक्षा में परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज पर 199, महाराज सिंह इण्टर कालेज पर 201, आज़ाद इण्टर कालेज 199, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 198, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए पर 191, राजकीय बालिका इण्टर कालेज पर 218, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चैराहा पर 230, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी पर 191, राजकीय पॉलीटेक्निक, मोहम्मदपुर, नानपारा रोड बहराइच पर 201, महाराजा सुहेल देव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच पर 193 तथा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पर 252 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 4320 परीक्षार्थियों के सापेक्ष कुल 2273 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।इसी प्रकार द्वितीय पाली में सम्पन्न परीक्षा में परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज पर 199, महाराज सिंह इण्टर कालेज पर 201, आज़ाद इण्टर कालेज 199, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 199, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए पर 192, राजकीय बालिका इण्टर कालेज पर 221, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चैराहा पर 230, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी पर 191, राजकीय पॉलीटेक्निक, मोहम्मदपुर, नानपारा रोड बहराइच पर 201, महाराजा सुहेल देव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच पर 194 तथा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पर 254 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 4320 परीक्षार्थियों के सापेक्ष कुल 2281 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हेतु 480 तथा शेष 10 परीक्षा केन्द्रों पर 384-384 परीक्षार्थी आवंटित थे। उल्लेखनीय है कि महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हेतु 480 तथा शेष 10 परीक्षा केन्द्रों पर 384-384 परीक्षार्थी आवंटित थे।

# मजदूरी करने गए एक युवक की हुई मौत से क्षेत्र में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के सलेथू गांव निवासी एक 32 वर्षीय युवक की पल्लेदारी करने गए पिकअप से आते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत। मौत से गांव सहित क्षेत्र में हड़कम्प मच गया तो वहीं घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। बताते चलें कि महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सलेथू गांव निवासी शमसुद्दीन पुत्र महबूब अली उम्र 32 वर्ष रोज की भांति पल्लेदारी का काम करने आज भी सुबह लगभग 6 बजे पिकअप संख्या यू पी 33 ए टी 1751 से तहसील क्षेत्र के पखनपुर गांव में गेहूं/धान खरीदने गए थे और वापस घर लौट रहे थे। पिकअप को राजन पुत्र बद्री प्रसाद चला रहा था तो वहीं शमसुद्दीन पिकअप में पीछे बैठा हुआ था और धीरज पासवान ड्राइवर के पास बैठा हुआ था। तभी हरदोई नहर पर पिकअप आई और लगे लोहे के क्रॉस बैरियर से शायद शमसुद्दीन टकरा गया और शमसुद्दीन तथा पिकअप पर ही गिर गया लेकिन किसी को अता-पता नहीं चल सका जब ड्राइवर पिकअप लेकर असनी चौराहे पर पिकअप रोकी और चाय पीने के लिए उतरा तो देखा शमसुद्दीन घायल व मरड़ांसंत अवस्था में पड़ा हुआ है। यह घटना आज दोपहर लगभग 1 बजे की बताई जा रही है। जैसे ही शमसुद्दीन के मौत की खबर ग्रामीणों सहित क्षेत्रवासियों को हुई वैसे ही भारी मात्रा में भीड़ एकत्रित हो गई और आनन फानन परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तो वही पिकअप चालक व पिकअप को भी हिरासत में लेकर कोतवाली चली आई है।

# मनुष्य को दूसरे की समृद्धि पर प्रसन्न होना सीखना चाहिये : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस मेढ़ौना में ब्लाक प्रमुख तिलोई द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भागवत जी में भगवान को सत्य कहके सम्बोधित करके वंदना की गयी है।भागवत जी के वाचन व गायन के अधिकारी का वर्णन करते हुये महाराज जी ने कहा कि भागवत जी का अधिकारी वही है जो कपट से मुक्त है इसके लिये व्यक्ति को मत्सर रहित होना पड़ेगा और इसके लिये दूसरे की समृद्धि पर प्रसन्न होना सीखना पड़ेगा। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि सूत जी ने नैमिसारण्य में शौनकादि मुनि से छह प्रश्न पूंछे है और यह पूरी भागवत जी की कथा इन्हीं प्रश्नों के उत्तर स्वरूप है। उन्होंने कहा कि भक्ति हमारी अहैतुकी और अप्रतिहता होनी चाहिये भक्ति के लिये कोई भौतिक कारण नहीं होना चाहिये और जीवन का परम उद्देश्य मात्र उस परम तत्व को जानना है और ये मनुष्य शरीर से ही भगवान के स्वरूप का साक्षात्कार किया जा सकता है।भगवान के गुणों के गायन की महिमा का परिणाम ही था कि दासी का पुत्र बह्मा जी के मानस पुत्र के रूप में जन्म लिये है।महाराज जी नें बताया कि भागवत जी की रचना व्यास जी ने की और जिसे गणेश जी के द्वारा लिखी गयी उसके पश्चात व्यास जी नें सर्वप्रथम अपनें पुत्र शुकदेव जी महाराज को भागवत जी की कथा सुनाई है।अश्वत्थामा की कथा सुनाते हुये महाराज जी ने कहा कि कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में दुर्योधन असहाय और घायल पड़ा है उसकी इस अवस्था को देखकर अश्वत्थामा नें पाण्डवों को मारनें केलिये गया परन्तु पाण्डवों की जगह उनके पुत्रों के शिर काट दिया है अर्जुन नें अश्वत्थामा को पकड़कर उसका अपमान करते हुये उसके माथे की मणि निकाल लिया है और धक्का मारकर नगर से बाहर निकाल दिया है इस अपमान का बदला लेनें के लिये इसने अभिमन्यू की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बालक पर शक्तिबान चला दिया है जिस लिये भगवान उत्तरा के गर्भ में प्रवेश करके बालक की रक्षा की है, इसके बाद कुन्ती माँ ने भगवान की बहुत ही सुन्दर स्तुति की है इसके पश्चात भीष्म जी के द्वारा युधिस्ठिर जी के द्वारा उपदेश करवाया है।एक बार परीक्षित जी अपने राज्य में भ्रमण कर रहे थे और उनसे शमीक मुनि का अपमान हो गया और उनके पुत्र द्वारा तक्षक नाग के द्वारा काटने का श्राप दे दिया गया जिस कारण से शुकदेव जी महाराज आकर के राजा परीक्षित को भागवत की कथा सुनाई है।यजमान अर्चना सिंह कृष्ण कुमार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।इस मौके पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह,पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, अमित सिंह बस्ती, अनिल सिंह, गिरजा सिंह, नगर निगम लखनऊ के पार्षद विनोद मौर्या, नागेंद्र सिंह, विशाल सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, अशोक सिंह, मनीष पाठक, संदीप सिंह कठौरा, देवी शरण बाजपेई, विक्रम सिंह, विश्वजीत सिंह, सौरभ सिंह,डा रीना शर्मा, वीरेन्द्र तिवारी, कौशलेंद्र सिंह, शिरीष गुप्ता,ध्रुवराज पासी, गुडडू सिंह, बबलू मिश्रा, सुधीर सिंह, अमिताभ सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# पुलिस ने पांच अवैध पटाखा कारोबारियों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने दीपावली के त्यौहार से पूर्व अवैध रूप से पटाखा का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ शिकंजा कसने की शुरूआत कर दी है। पुलिस ने अवैध पटाखा निर्माण एवं बिक्री करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किये हैं जिनकी अनुमानित कीमत एक लाख पचास हजार रुपया बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम शंकरगंज में तालाब के पास कुछ लोग पटाखों का भण्डारण किये हुये हैं तथा बेचते भी हैं। उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा निर्माण कर रहे व भण्डारण किये हुये निजामुददीन पुत्र मोहम्मद इस्माइल,असगर अली पुत्र मोहम्मद अकबर, सद्दाम पुत्र मोहम्मद अकबर, मोहम्मद इरफान पुत्र अकबर,राजा पुत्र समुददीन निवासीगण ग्राम शंकरगंज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को डेढ़ हजार सुतली बम, ढाई सौ अर्धनिर्मित सुतली बम, तीन हजार अनार पटाखा, दो हजार मस्ताभ, एक हजार अर्धनिर्मित मस्ताभ, डेढ़ हजार बाती पटाखा,तीन बंडल सुतली धागा, दो बोरी रददी पेपर,एक बंडल स्टीकर, एक पटाखा चटाई, पांच सौ बीस चटाई बम, दस किलो कोयला, पांच किलो गंधक व पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया।पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा नही सके। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये कारोबारियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# झाड़ियों में मिली सरकारी पशु टीकाकरण की दवाएं, अभियान के हकीकत की खुली पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में पशुओं के टीकाकरण अभियान की सच्चाई एक बार फिर सामने आ गई है। सरकार द्वारा पशुओं को खुरपका, मुंहपका, गला घोंटू और लम्पी जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान की पोल खुल गई है। हलियापुर थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में झाड़ियों के बीच भारी मात्रा में पशुओं के इलाज और टीकाकरण की दवाएं फेंकी मिली हैं। स्थानीय ग्रामीणों की नज़र जब झाड़ियों पर पड़ी तो उन्होंने देखा कि दर्जनों शीशियां, टीकाकरण की सिरिंजें और दवाओं के पैकेट बिखरे पड़े हैं। यह वही दवाएं हैं जो सरकारी अभियान के तहत पशुओं को दी जानी थीं। ग्रामीणों की सूचना पर यह मामला तेजी से चर्चा में आ गया है। बताया जा रहा है कि संबंधित विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने टीकाकरण का कार्य कागजों में पूरा दिखाने के लिए सरकारी दवाएं खेतों व झाड़ियों में फेंक दीं। इससे सरकार की मंशा पर पानी फिर गया है और पशुपालन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अब तक पशुओं का सही तरीके से टीकाकरण नहीं हुआ है। बावजूद इसके, कागजों में 100 प्रतिशत टीकाकरण दिखा दिया गया। इससे न सिर्फ सरकारी संसाधनों की बर्बादी हुई है, बल्कि पशुओं के स्वास्थ्य को भी खतरा पैदा हो गया है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले की सूचना उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जा चुकी है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई गई तो कई जिम्मेदारों की भूमिका सामने आ सकती है। फिलहाल, झाड़ियों में मिली दवाओं की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर जनहित में योजनाएं चला रही है, तो फिर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से उनका लाभ जनता तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है।

# तहसीलदार सदर चला रहे पावर हाउस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। जिले के तहसील सदर में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि तहसीलदार सदर देवानन्द तिवारी ने तहसील परिसर स्थित लेखपाल संघ भवन में अवैध रूप से बिजली सप्लाई कराई है। आरोप है कि इस भवन में बिजली विभाग की अनुमति और विधिवत कनेक्शन लिए बिना ही बिजली सप्लाई चालू कर दी गई है, जबकि लेखपाल संघ भवन अवैध रूप से निर्मित है, विद्युत विभाग के नियमानुसार कनेक्शन लेते समय वैध दस्तावेज होने चाहिये जोकि लेखपाल संघ भवन के पास नही है, जिससे पूरे परिसर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर तहसील परिसर में ही 'पावर हाउस' कैसे चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, तहसील परिसर में स्थित लेखपाल संघ भवन लंबे समय से बिना किसी वैध विद्युत कनेक्शन के उपयोग में था। बताया जा रहा है कि हाल ही में तहसीलदार सदर ने खुद अपने स्तर से बिजली लाइन जोड़कर भवन में बिजली आपूर्ति शुरू करा दी। आश्चर्य की बात यह है कि यह सब कुछ जिले के आला अधिकारियों जिलाधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, एसडीओ तथा तहसील प्रशासन की नाक के नीचे होता रहा, लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। सूत्रों की मानें तो संपूर्ण समाधान दिवस जैसे कार्यक्रमों के दौरान, जब जिला प्रशासन और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तहसील परिसर में मौजूद रहते हैं, उसी दौरान यह कथित विद्युत चोरी जारी रहती थी। बावजूद इसके, जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से न

### तहसील परिसर में लेखपाल संघ भवन को दी गई नियम विरुद्ध बिजली सप्लाई

तो जांच कराई गई, न ही कोई कार्रवाई की गई। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि तहसीलदार सदर का यह कदम साफ तौर पर विद्युत अधिनियम 2003 का उल्लंघन है। कानून के अनुसार, बिना वैध कनेक्शन के किसी भी प्रकार से बिजली सप्लाई लेना या देना विद्युत चोरी की श्रेणी में आता है, जिसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है। जनपद में इस मामले को लेकर प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि जब तहसीलदार जैसे अधिकारी ही कानून की अनदेखी करेंगे तो आम जनता से नियमों के पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है। अब देखना यह होगा कि जिलाधिकारी और विद्युत विभाग इस गंभीर प्रकरण पर क्या कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी 'सिस्टम की फाइलों' में दबकर रह जाएगा।

## रिक्रूट आरक्षियों एवं पुलिस लाइन टीम के मध्य हुआ क्रिकेट का आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में पुलिस लाइन पीलीभीत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों एवं पुलिस लाइन टीम के बीच हुआ क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें कड़े मुकाबलों के बाद 04 टीमें सेमीफाइनल में पहुँचीं प्रथम सेमीफाइनल टीम नं0 04 व टीम नं0 14 के मध्य खेला गया, जिसमें टीम नं0 14 ने फाइनल में प्रवेश किया। *द्वितीय सेमीफाइनल टीम नं0 07 व पुलिस लाइन टीम के मध्य हुआ, जिसमें टीम नं0 07 ने विजय प्राप्त की। इसके उपरांत फाइनल मुकाबला टीम नं0 07 व टीम नं0 14 के बीच खेला गया, जिसमें टीम नं0 07 विजेता रही, जबकि टीम नं0 14 उपविजेता* बनी विजित टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया द्वारा उन्हें पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल, क्षेत्रधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी व प्रतिसार निरीक्षक संतोष राघव उपस्थित रहे।

## कथा में व्यास ने बताया कदर्म ऋषि और भगवान कपिलमुनि की कथा

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सराय गोकुल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथाव्यास बृजेशाचार्य ने सृष्टि विस्तार की मार्मिक कथा में कदर्म ऋषी और भगवान कपिल मुनि की कथा विस्तार से सुनाई। और मोक्ष मार्ग के सूत्र भी बताये। सृष्टि संरचना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्मा के मानस पुत्र कदर्म ऋषी ने सरस्वती नदी के तट पर कठिन तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें सृष्टि को बढ़ाने का आदेश दिया। जिनका विवाह स्वयं भू मनु की पुत्री देवहूति से हुआ। जिन्हें नौ कन्याओं क्रमश–कला, अनुसुइया, श्रद्धा, हविर्भू, गति, क्रिया, ख्याति, अरुंधती तथा शान्ति का विवाह क्रमशः मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, ऋतु, भृगु, वसिष्ठ तथा अथर्वा से सम्पन्न हुआ। जिसके बाद एक पुत्र कपिल मुनि का जन्म हुआ जो भगवान विष्णु के अवतार माने जाते है। उसके बाद कदर्म ऋषी वन को चले गए। आश्रम में देवहुति पुत्र कपिल के साथ रहने लगी। इन्हीं तत्व ज्ञानी कपिल मुनि ने मोक्ष के आधार सूत्र का दर्शन दिया। और अपनी माता को मोक्ष के लिए इन्द्रियों को मन में और मन को बुद्धि में स्थापित करने की शिक्षा दी। कथा समापन पर सभी ने भगवान की आरती उतारी और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उदयराज, राजू ,सतीश, राज बहादुर के साथ काफी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## व्यापारी नेता ने अनाथ बच्चों के साथ मनाई शादी की वर्षगांठ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने अपनी शादी की 50 बी वर्षगांठ कुछ अलग अंदाज मे बनाई उन्होंने अपनी शादी की वर्षगांठ पीलीभीत रोड पर स्थित निराश्रित बालघर के बच्चों के साथ मनाई बच्चों को भोजन के साथ फल भी खिलाये उन्होंने कहा कि हमारा तात्पर्य अनाथ बच्चों के साथ विवाह की सालगिरह मनाकर प्रेम, करुणा और खुशी फैलाना है। हमारा उद्देश्य शादी की सालगिरह मनाने वाले जोड़े और बच्चों, दोनों के लिए एक यादगार और उत्साहवर्धक अनुभव बनाना है, जिससे उनमें अपनेपन और खुशी की भावना बढ़े वही शाम को समाजसेवी अशोक खंडेलवाल के निवास पर क्षेत्र के सभी व्यापारियों आदि ने मिलकर उत्साहपूर्वक इस क्रम को बनाया जिसमें विद्यायक बाबूराम पासवान, डॉ तेज बहादुर सिंह तेजू,समाजसेवी अशोक खंडेलवाल,अजय खंडेलवाल, सन्दीप खंडेलवाल, संजय सक्सेना, विकास शर्मा, संजय पाण्डेय, सुशील सक्सेना, संजय पांडे,विजय पाल सिंह विक्की, जाहिद खान, संजय गुप्ता, नवीन अग्रवाल, अकील खान, नितिन दीक्षित, संजीव गुप्ता, सुरेन्द्र अग्रवाल, रवि सिंह, राहुल जायसवाल, अरुण मिश्र, सचिन गुप्ता सहित अनेकों लोग मौजूद रहे हैं।

## एनडीए की फिर से बिहार में सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे मंत्री संजय सिंह गंगवार

पीलीभीय कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिहार राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार और प्रसार करने के लिए जनपद पीलीभीत निवासी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय सिंह गंगवार ने जनपद मधुबनी की विधानसभा झंझारपुर के मध्य मंडल के बूथ संख्या 39 एवं 40 पर बैठक का आयोजन किया बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ करने और आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए सरकार के पुनः गठन के संकल्प को साकार करने हेतु रणनीति पर विचार–विमर्श किया हैं।आयोजित बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी अनीता यादव, संयोजक विजय राउत, मंडल अध्यक्ष पप्पू शाह सहित पार्टी पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

# सुने पड़े धान क्रय केंद्र धान तुलवाने को भटक रहे किसान धान करें धान क्रय केंद्र प्रभारी गायब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिले के डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की तमाम सख्ती के बावजूद मण्डी व ग्रामीण क्षेत्र में लगे धान क्रय केंद्रों पर किसानों का धान नहीं तुल पा रहा है। पूरनपुर मंडी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे क्रय केंद्र का कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। आरोप है कि सेंटर इंचार्ज ने अपने बदले में कई प्राइवेट लड़के को लगा रखा है। किसानों का कई दिनों से धान भी पड़ा है। लेकिन सेंटर इंचार्ज के गायब रहने से धान की तौल नहीं हो पा रही है। इससे किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों ने क्रय केंद्रों की व्यवस्था सुधरवाने की मांग की है। किसानों को धान की फसल का समर्थन मूल्य दिलाने के लिए जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह काफी प्रयास कर रहे हैं। क्रय केंद्रों पर धान न तौलकर किसानों को टरकाने और मनमानी करने वाले सेंटर इंचार्जों पर विभाग कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं ला रहा है।मंडी व ग्रामीण क्षेत्र में क्रय केंद्र प्रभारियो की मनमानी का



खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। कुछ ऐसा ही मामला पूरनपुर मंडी में लगे पूरनपुर सहकारी संघ लिमिटेड तृतीय क्रय केंद्र सहित अन्य केंद्रों पर आया है। बताते हैं कि इस केंद्र के प्रभारी आनंद पाल अक्सर गायब रहते हैं। आरोप है। कि सेंटर इंचार्ज की मनमानी के चलते किसानों को धान तुलवाने के लिए क्रय केंद्र के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

सेंटर इंचार्ज किसानों को धान में नमी बताकर टरका रहे हैं धान क्रय केंद्रों पर तौल न होने से किसानों को मजबूरन व्यापारियों के हाथ औने पौने दाम में धान बिक्री करना पड़ रहा है। फसल का बाजिब दाम 2369 व ग्रेड ए 2389 न मिलने से किसान काफी परेशान हैं।

# पुलिस रिकॉर्ड में नहीं है कोई पटाखा लाइसेंसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### दीपावली पर अस्थाई लाइसेंस लेकर करते है कारोबार अवैध भंडारण में पिछले वर्ष गई थी दो जाने

कुड़वार/सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र में दीपावली पर पटाखा बिक्री करने वालों में से किसी भी स्थाई लाइसेंस नहीं है केवल दीपावली के पहले अस्थाई लाइसेंस लेकर व्यापारी कारोबार करते है। जिसमे कई बार लापरवाही के चलते घटनाएं भी हो चुकी है। विगत वर्ष लापरवाही के चलते आतिशबाज के घर में हुए विस्फोट में दो जाने चली गई थी तथा पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया था।

बता दे कि दीपावली त्यौहार में क्षेत्र की प्रमुख बाजारों कुड़वार, भंडरा, राजापुर, अलीगंज, सोहगौली, गंजेहड़ी, बहुबरा, बेला पश्चिम, महराजगंज में आतिशबाजों की पटाखों की दुकान सजती है। जिसे भीड़ भाड़ वाले इलाके से दूर सजाया जाता है। साथ ही शादी विवाहों में भी इन्हीं आतिश बाजों द्वारा गोले तमाशे से करतब दिखाया जाता है। पटाखों की बिक्री के लिए आतिशबाजों द्वारा अस्थाई लाइसेंस लेकर कारोबार किया जाता है। किसी भी आतिशबाज़ के पास स्थाई लाइसेंस नहीं है। त्यौहार की तैयारी में चोरी छुपे आतिशबाजो बारूद लाकर गोले तमाशे बनाए भी जाते है जबकि कुछ सामान खरीद कर भी बिक्री की जाती है। चोरी छुपे बनाने के चलते स्थानीय थाना क्षेत्र बेला पश्चिम व अगई गांव में कुछ वर्ष पहले विस्फोट हो चुका है। जबकि विगत वर्ष 07 नवंबर को स्थानीय थाना क्षेत्र सरैया पूरे बिसेन गांव निवासी आतिशबाज़ बकरीदी के घर में भारी विस्फोट हुआ था। जिसमे पीछे के दो कमरे पूरी तरह धराशाई हो गए थे और दुर्घटना में बकरीदी के बेटे नूर हसन व बहु नाजिमा बानो की मौत हो गई थी जबकि दूसरी बहु अनीशा बानो बुरी तरह झुलस गई थी।जिसका कई महीनों ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज चला था।जब आतिशबाज के लाइसेंस के बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि कोई लाइसेंस नहीं था हालांकि पुलिस द्वारा विस्फोट का कारण घरेलू सिलेंडर बताया गया था। लेकिन काफी मात्रा में विस्फोटक मौके से बीने गए थे।त्यौहारों पर लिए गए अस्थाई लाइसेंस प्राप्त कर चोरी छुपे किए जाने वाले अवैध कारोबार पर अगर समय रहते लगाम लगाई जाए तो बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है।साथ अस्थाई लाइसेंस पर कार्य करते समय फायर विभाग द्वारा दिए जाने सुरक्षा उपकरणों का उपयोग हो तो बड़ी घटनाओं को टाला जा सकता है। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि लगातार पुलिस टीम द्वारा आतिश बाजों के घर व गोदाम पर छापेमारी की जा रही है। अगर कोई भी आतिशबाज़ बिना लाइसेंस लिए व सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# सपा नेताओं ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की मनाई पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित के.जी.एन 2 कॉलोनी लोकसभा चुनाव कार्यालय पीलीभीत पर महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी चिंतक एवं विचारक डॉ राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा डॉ राम मनोहर लोहिया भारतीय राजनीति के प्रमुख समाजवादी नेता चिंतक और स्वतंत्रता सेनानी थे वे अपने प्रखर विचारों निर्भीक नेता और समाजवादी दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध थे डॉक्टर लोहिया ने बनारस और कोलकाता से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और बाद में जर्मनी के हम वर्ल्ड विश्वविद्यालय से एचडी की उपाधि प्राप्त की, लोहिया जी महात्मा गांधी के सिद्धांतों से प्रभावित होकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए उन्होंने 1934 में कांग्रेस



शासित पार्टी की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभाई,1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भाग लिया उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा,उनका नारा था। अंग्रेजों भारत छोड़ो और बाद में हरिजनों को अधिकार दो पिछड़ी पाएं 100 में 60, उन्होंने हिंदी भाषा और भारतीय भाषाओं के प्रचार प्रचार के पक्ष में भी आवाज उठाई। सपा नेता धनपति वर्मा एडवोकेट ने कहा डॉ राम मनोहर लोहिया जी का जन्म 23 मार्च 1910 को एक मारवाड़ी बनिया परिवार में हुआ था आधुनिक उत्तर प्रदेश के अकबरपुर में 1912 में जब वह केवल दो बस के थे।तो उनकी मां का निधन हो गया उसके बाद उनका पालन पोषण उनके पिता हीरालाल ने किया जिन्होंने कभी पुनर्विवाह नहीं किया, लोहिया का समाजवादी चिंतन देश प्रेम एवं जनकल्याण की भावनाओं से ओतप्रोत है।उनका दर्शन नितान्त मौलिक है, उन्होंने निर्भीकता एवं ईमानदारी से अपनी असहमति व्यक्त की, उन्हेंने समाजवाद पर अत्यंत गहराई से सोचा समझा है।सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन कहा लोहिया जी का विचार है। कि विश्व के विभिन्न देशों में यदि आर्थिक विषमताएं हैं तो उनका अलग कारण है परंतु भारत में आर्थिक विषमताएं का मूल कारण है।जाति व्यवस्था का होना आर्थिक विषमता का मूल कारण है।जाति व्यवस्था का होना,जाति व्यवस्था में भारत में समाज को दो वर्गों में विभाजित किया है शोषक वर्ग एवं शोषित वर्ग कार्यक्रम का संचालन 127 शहर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने किया है।इस मौके पर

सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार,सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष बालक राम सागर,सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन, अमित पाठक एडवोकेट,धनपति वर्मा एडवोकेट,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,नरेश कुमार सागर,प्रदीप पटेल,संजय सिंह यादव, इम्तियाज अल्वी,परमजीत सिंह,सुरेश कश्यप,आजाद अहमद अंसारी,महेश कुमार वर्मा,जमाल शाह,सतेन्द्र मौर्य,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,रूपलाल गंगवारआदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

## सब्जी व्यापारी के साथ हुए मारपीट मे हत्या का प्रयास सहित गम्भीर धाराओं मुकदमा दर्ज

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के सबलपुर खास के रहने वाले शानू सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह की ओर से दर्ज मुकदमे मे बताया कि शानू सिंह बाजारों बाजारों सब्जी बेचकर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है वहीं शानू ने कहा कि उसने गांव मोहनपुर जप्ती की बाजार में दुकान लगाई थी बाजार में शाम के समय करीब 6 बजे शानू अपनी दुकान उठा रहा था कि उसी समय राजेश सिंह, जसपाल सिंह पुत्रगण अर्जुन सिंह देव सिंह उर्फ छोटू पुत्र जगपाल सिंह निगण ग्राम मुजफफरनगर थाना पूरनपुर एवं 5 अज्ञात लोग आये और सब्जी तोड़कर देखने लगे शानू ने कहा हमारी सब्जी में तोड़ फोड़ न करो हम ऐसे सब्जी नहीं बेचते हैं इसी बात पर उक्त लोगों ने गन्दी गन्दी गालियां देते हुए उस पर हमला कर दिया तथा बेरहमी से मारा पीटा और जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से सिर पर वार किया जिससे बह घायल हो गया और लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गया जिससे उसको काफी खुली व गुम चोटें आयीं है ।

## सम्पादकीय

# आखिरकार शांति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी दबाव व मध्यपूर्व के देशों की पहल के बाद गाजा में इस्राइल व हमास के बीच संघर्ष विराम की तसवीर उभरी है। यह कहना कठिन है कि यह समझौता कितने दिन टिकेगा क्योंकि समझौते के बाद भी इस्राइल ने गाजा के कुछ इलाकों में बमबारी की है। कहना मुश्किल है कि ट्रंप वास्तव में गाजा के लोगों को न्याय दिलाने चाहते हैं, या उनके समझौते के प्रयासों का लक्ष्य नोबेल शांति पुरस्कार पाना था। दरअसल, शांति के नोबेल पुरस्कार की घोषणा और युद्धविराम की घोषणा की तिथियां आसपास ही थीं। नोबेल शांति पुरस्कार के लिये ट्रंप जैसा उतावलापन दिखा रहे थे, उससे दुनिया की नंबर एक महाशक्ति के नायक की जगहंसाई ही हुई है। बहरहाल, गाजा में शांति स्थापना के प्रयासों का सिरे चढ़ना स्वागतयोग्य ही कहा जाएगा। हालांकि, इस समझौते के लिये ट्रंप द्वारा इस्राइल व हमास पर भारी दबाव डाला गया। दबाव में किया गया यह समझौता कितने दिन टिकेगा, कहना मुश्किल है। समझौते के बाद भी इस्राइल की बमबारी इस समझौते की दुखती रग है। वहीं हमास बीस सूत्री समझौते पर कितने दिन कायम रहता है, ये आने वाला वक्त ही बताएगा। समझौते की शर्तों में हमास का निशस्त्रीकरण करना और गाजा में उसकी प्रशासनिक दखल बंद करना भी शामिल है। कहना कठिन है कि अरब देशों के दबाव में बातचीत की टेबल पर आया हमास इन शर्तों पर कब तक कायम रह पाता है। वह समझौते की टेबल पर तब आया जब ट्रंप ने समझौता न करने पर नेस्तनाबूद करने की धमकी दे दी थी। उल्लेखनीय है कि इस्राइल और हमास के बीच दो साल से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका ने यह शांति योजना पेश की थी। जिसे मिस्र में आयोजित बातचीत में हितधारकों ने अंतिम रूप दिया। जिससे इस अशांत क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में शांति की उम्मीद हकीकत बनी। दरअसल, इस संघर्ष से न केवल गाजा बल्कि लेबनान, यमन और ईरान तक को अपनी चपेट में ले लिया था। दरअसल, यह संघर्ष दो साल पहले तब शुरू हुआ जब 7 अक्तूबर को हमास के आतंकवादियों ने इस्राइल में घुसकर कोहराम मचाया। उस हमले में बारह सौ इस्राइली व कुछ विदेशी मारे गए थे और ढाई सौ लोगों को बंधक बनाकर हमास के हमलावर गाजा ले गए थे। उसके जवाब में इस्राइल द्वारा किए गए ताबड़-तोड़ हमलों में करीब 65 हजार से अधिक फलस्तनियों के मारे जाने का दावा किया जाता है। आज गाजा भूतहा खंडहरों के शहर में तब्दील हो चुका है। लाखों लोगों को बार-बार पलायन के लिये मजबूर होना पड़ा है। विडंबना यह है कि भले ही इस्राइल ने हमास के क्रूर हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की हो, मगर इन हमलों का शिकार आम फलस्तीनी नागरिकों को होना पड़ा है। मरने वालों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। यहां अस्पताल से लेकर तमाम सार्वजनिक सेवाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की थी कि गाजा में लोग भुखमरी के शिकार हैं क्योंकि इस्राइल ने राहत सामग्री के पहुंचने के सारे रास्ते बंद कर दिए थे। इस्राइल और अमेरिका की देखरेख में शुरू किए गए कथित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में इस्राइली हमलों में हजारों फलस्तीनी मारे गए थे। कालांतर, यह लड़ाई इस्राइल व लेबनान के बीच संघर्ष में तब्दील हुई। हूती विद्रोहियों के साथ संघर्ष के बाद लड़ाई ईरान तक पहुंची। हूतियों के हमलों से समुद्री मार्ग से होने वाला वैश्विक व्यापार तक बुरी तरह प्रभावित हुआ। बहरहाल, अब जब इस्राइल व हमास संघर्ष विराम पर राजी हो गए हैं तो अब प्रयास हो कि यह शांति स्थायी हो सके। हालांकि, मौजूदा हालात में यह कहना कठिन है कि बेहद आक्रामक तेवर दिखा रहा इस्राइल भविष्य में चुप बैठेगा। हमास बीस इस्राइली बंधकों तथा मारे गए लोगों के शव लौटाने को राजी हुआ है। जिसके बदले में इस्राइल द्वारा हमास के कुछ लड़ाकों समेत हजारों फलस्तीन कैदियों को रिहा किया जाना है। कहने को तो गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी की शर्त भी है, लेकिन अमेरिकी सरपरस्ती में निरंकुश व्यवहार कर रहे इस्राइल से इस मुद्दे पर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता है।

# गहन चोट से शब्दों का अभाव

**भारतीय राजव्यवस्था की तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण प्रत्यक्ष हैं। भारतीय न्यायपालिका की प्रतिष्ठा विश्वस्तरीय है। न्यायपालिका विधि की व्याख्या करती है। इसका खूबसूरत इतिहास है। खेदजनक है कि इसी गौरवशाली इतिहास में यह एक आत्महीन अध्याय जुड़ गया है। आगे आने वाली पीढ़ियां इस घटना के विवरण पढ़ेंगीं। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत व्यक्त करने का अधिकार है और यह अधिकार संवैधानिक भी है। इस घटना के आरोपी अधिवक्ता राकेश किशोर को ऐसी विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती। यहां प्रश्न अभिव्यक्ति की आजादी का है भी नहीं। यह सीधे आपराधिक कृत्य है। आदर्श समाजछमें परस्पर सम्मान की प्रकृति स्वाभाविक आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा और निजता के सम्मान से समाज मजबूत होते हैं। भारतीय समाज में ऊंचे आदर्श और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा का सम्मान हजारों वर्षों की प्राचीन परंपरा है। महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों में पक्ष और विपक्ष के संवाद आदर से भरे पूरे हैं। इस घटना से भारत के मन में एक गहन पीड़ा उठी है। हम अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें सभ्यता के संस्कार देते हैं। करणीय-अकरणीय की सूची बताते हैं। युवा मन 15-20 वर्ष से प्रारंभ होता है। परिवार और समाज में इस बात का प्रशिक्षण मिलता है कि अपशब्द से बचना चाहिए। अपशब्द उचित नहीं होते। विद्यालय और कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थाएं संस्कारवान पीढ़ी तैयार करते हैं। समाज के सभी रिश्ते नाते प्रेम पूर्ण व्यवहार का ही प्रतिपादन करते हैं। अधिवक्ता की डिग्री सामान्य कागज का टुकड़ा नहीं है। यह किसी भी व्यक्ति को किसी भी अन्य व्यक्ति की तरफ से बोलने का अधिकार देती है। न्यायालय औपचारिक रूप में ही नहीं आदर के योग्य हैं, वे वास्तव में न्याय के मंडप, मंदिर हैं। इसलिए न्यायालय में अधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले अधिवक्ता, न्यायमूर्ति आदर के पात्र होते हैं। सभी पद और दायित्व उत्तरदायित्व भी देते हैं। कर्तव्य पालन से समाज सुदृढ़ होते हैं। राष्ट्रजीवन का अधिष्ठान कर्तव्यवाची है। यहां जूता फेंकने वाले अधिवक्ता के बारे में कहा जा सकता है कि उनकी पढ़ाई और योग्यता के बावजूद कोई कमी है। ऐसी योग्यता के बावजूद उनके द्वारा यह कृत्य किया जाना घोर निंदा का विषय है। ऐसे अपराध की निंदा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। अनेक सवाल हैं। समाज अपने बिगड़े सदस्य को ठीक करने के लिए निंदा, आलोचना का प्रयोग करता है। राष्ट्र राज्य अपने बिगड़ैल सदस्यों को दण्ड भी देते हैं। दण्ड व्यवस्था का उद्देश्य स्वतंत्र व स्वाभिमानी नागरिक तैयार करना होता है। कानून और समाज अपने साथ राष्ट्र का यश भी बढ़ाते हैं। यशस्वी राष्ट्र का जन गण मन वैभव से भरा रहता है।**

राष्ट्र स्तब्ध है। देश की सर्वोच्च न्यायपीठ के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंके जाने की घटना से जन गण मन आहत है। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने अब तक घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। अब उन्होंने कहा है कि, जो कुछ हुआ उससे बहुत स्तब्ध था। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि उनके सहयोगी न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने इससे भिन्न राय प्रकट की है। यह अच्छी बात है कि मुख्य न्यायाधीश ने इसे एक भुला दिया गया अध्याय बताया है, लेकिन देश में इस घटना पर अच्छी खासी बहस है। भुइयां ने कहा है, इस पर मेरी अपनी राय है। वह भारत के चीफ जस्टिस हैं। यह उच्चतर संस्था का अपमान है। राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित इस घटना ने कई दिशाओं में नया सोचने की आवश्यकता प्रकट की है। घटना की गंभीरता का पता इसी बात से चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी घटना की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश से व्यक्तिगत बात भी की। देश का बड़ा हिस्सा अवाक है। भारतीय राजव्यवस्था की तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण प्रत्यक्ष हैं। भारतीय न्यायपालिका की प्रतिष्ठा विश्वस्तरीय है। न्यायपालिका विधि की व्याख्या करती है। इसका खूबसूरत इतिहास है। खेदजनक है कि इसी गौरवशाली इतिहास में यह एक आत्महीन अध्याय जुड़ गया है। आगे आने वाली पीढ़ियां इस घटना के विवरण पढ़ेंगीं। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत व्यक्त करने का अधिकार है और यह अधिकार संवैधानिक भी है। इस घटना के आरोपी अधिवक्ता राकेश किशोर को ऐसी विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती। यहां प्रश्न अभिव्यक्ति की आजादी का है भी नहीं। यह सीधे आपराधिक कृत्य है। आदर्श समाजछमें परस्पर सम्मान की प्रकृति स्वाभाविक आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा और निजता के सम्मान से समाज मजबूत होते हैं। भारतीय समाज में ऊंचे आदर्श और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा का सम्मान हजारों वर्षों की प्राचीन परंपरा है। महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों में पक्ष और विपक्ष के संवाद आदर से भरे पूरे हैं। इस घटना से भारत के मन में एक गहन पीड़ा उठी है। हम अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें सभ्यता के संस्कार देते हैं। करणीय-अकरणीय की सूची बताते हैं। युवा मन 15-20 वर्ष से प्रारंभ होता है। परिवार और समाज में इस बात का प्रशिक्षण मिलता है कि अपशब्द से बचना चाहिए। अपशब्द उचित नहीं होते। विद्यालय और कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थाएं संस्कारवान पीढ़ी तैयार करते हैं। समाज के सभी रिश्ते नाते प्रेम पूर्ण व्यवहार का ही प्रतिपादन करते हैं। अधिवक्ता की डिग्री सामान्य कागज का टुकड़ा नहीं है। यह किसी भी व्यक्ति को किसी भी अन्य व्यक्ति की तरफ से बोलने का अधिकार देती है। न्यायालय औपचारिक रूप में ही नहीं आदर के योग्य हैं, वे वास्तव में न्याय के मंडप, मंदिर हैं। इसलिए न्यायालय में अधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले अधिवक्ता, न्यायमूर्ति आदर के पात्र होते हैं। सभी पद और दायित्व उत्तरदायित्व भी देते हैं। कर्तव्य पालन से समाज सुदृढ़ होते हैं। राष्ट्रजीवन का अधिष्ठान कर्तव्यवाची है। यहां जूता फेंकने वाले अधिवक्ता के बारे में कहा जा सकता है कि उनकी पढ़ाई और योग्यता के बावजूद कोई कमी है। ऐसी योग्यता के बावजूद उनके द्वारा यह कृत्य किया जाना घोर निंदा का विषय है। ऐसे अपराध की निंदा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। अनेक सवाल हैं। समाज अपने बिगड़े सदस्य को ठीक करने के लिए निंदा, आलोचना का प्रयोग करता है। राष्ट्र राज्य अपने बिगड़ैल सदस्यों को दण्ड भी देते हैं। दण्ड व्यवस्था का उद्देश्य स्वतंत्र व स्वाभिमानी नागरिक तैयार करना होता है। कानून और समाज अपने साथ राष्ट्र का यश भी बढ़ाते हैं। यशस्वी राष्ट्र का जन गण मन वैभव से भरा रहता है। भारत भी वैभवशाली राष्ट्र है। सारी दुनिया भारत कछ एक शक्तिशाली राष्ट्र मानती है। निंदा और आलोचना में कुछ निश्चित शब्दों द्वारा असहमति प्रकट की जाती है। लेकिन यह घटना बड़ी है। गहन आहत राष्ट्र के मन में निंदा और आलोचना के शब्द जल्दी जल्दी नहीं आते। इस चोट ने शब्दों का अभाव पैदा किया है। मूलभूत प्रश्न है कि इन्हें किन शब्दों में निंदित करें? किन शब्दों से आलोचना करें? आखिरकार भारत के राष्ट्र जीवन में कहां पर खोट है, जिसके कारण भाईचारा, परस्पर सम्मान, संस्थाओं का सम्मान और संवैधानिक संस्थाओं का भी सम्मान नहीं हो रहा है। क्या हमारे पास ऐसी नैतिक शक्ति है कि लोग ऐसे अपराधों के बारे में सोचना बंद कर दें। समाज बहुत कुछ देता है। उसके बदले में कुछ लेता भी है। अपने नागरिकों को नैतिकता और परस्पर आत्मीयता सिखाने की जिम्मेदारी समाज की है। समाज के उत्कृष्ट आदर्श का पालन करते रहना हम सबका कर्तव्य है। भारत का संविधान अनेक अधिकार देता है। संविधान के प्रति आस्था एक बड़ा मुद्दा है। शासन व्यवस्था संविधान से ही पैदा होती है। अपनी बात कहने के लिए हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया जा सकता। दबी जुबान कहा सजा सकता है कि समाज में असंतोष है। परस्पर अविश्वास का वातावरण है। लोगों में निराशा है। कई बार व्यक्ति को लगता है कि उसकी सही बात भी कोई नहीं सुनता। उसे लगता है कि उसे अपमानित किया जा रहा है, लेकिन इन सब का अर्थ यह नहीं है कि अधिवक्ता जैसे दायित्वों पर होने के बावजूद कोई हिंसक रास्ता अपनाए। असहमति का आदर देश की प्राचीन परंपरा है। असहमत लोग बड़ी-बड़ी क्रांतियां करते हैं, लेकिन इस मामले में ऐसा कुछ लागू नहीं होता। समाज का सतत विकास हुआ है। एक समय अराजकता थी। लोग एक-दूसरे को हरा देने या खत्म करने के लिए आमादा थे। लोकतंत्र की पहली किरण के बारे में अथर्ववेद के ऋषि बताते हैं कि सबसे पहले परिवार संस्था बनी, फिर लगातार विकास करते हुए निर्णय की शक्ति सभा और और समितियों के हाथ आयी। सभा और समिति के लिए कहा गया है कि वे नरिष्टा हैं और समाज का कष्ट दूर करती हैं। न्यायपालिका की आलोचना स्वतंत्रता के बाद के प्रारंभिक वर्षों में कम थी। अब न्यायपालिका की आलोचना होती है। मैंने स्वयं कई आलेखों में न्यायपालिका की आलोचना की है। आलोचना से सुधार का रास्ता भी निकलता है। असहमति, आलोचना, निंदा और भर्त्सना समाज को शक्ति देते हैं। संप्रति न्यायपालिका का कार्य पूरी निष्ठा के साथ चल रहा है। बीच-बीच में असहमतियां भी आती हैं, लेकिन हर नागरिक को अपनी असहमति संवैधानिक दायरे में ही प्रकट करनी चाहिए। ताजा घटना केवल घटना ही नहीं है, यह घटना हमारे जीवन मूल्यों, संवैधानिक आदर्शों पर गहरी चोट है। विद्वान अधिवक्ता भी विधिक रास्ता छोड़कर असंवैधानिक रास्ते पर चलेंगे, तो देश का क्या होगा?

-हृदयनारायण दीक्षित

# बसपा ने फिर दिखाई ताकत, समाजवाद को हुआ तनाव

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से लेकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों तक की चहल-पहल दिखने लगी है। इसी क्रम में बसपा सुप्रीमो बहिन मायावती ने मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कई राजनैतिक संदेश दिए। बहिन मायावती ने अपनी जनसभा में एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करके राजनैतिक विश्लेषकों को हैरान किया तो दूसरी ओर अगले विधानसभा चुनावों में बिना किसी गठबंधन के उतरने की घोषणा भी कर दी है। बसपा के शक्ति प्रदर्शन को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में बसपा की बढती ताकत से समाजवादी पार्टी को नुकसान होने जा रहा है। बहिन मायावती ने न केवल यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की अपितु यह भी कहा कि यदि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी जुमला न साबित हुआ तो वह पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी होंगी। बहिन मायावती अपनी 2007 की रणनीति को अपनाते हुए पुनः सामाजिक न्याय को आधार बनाकर ही चुनावी मैदान में उतरेंगी ऐसा संकेत उनकी रैली से मिलता है। उन्होंने अपनी रैली मे भीड़ जुटा कर यह संदेश दे दिया है कि उनका कोर वोटबैंक जाटव व दलित अभी भी उनके साथ है, भले ही इस समय उनके पास विधानसभा में केवल एक विधायक और मात्र 9 प्रतिशत वोट है। बहिन मायावती अपनी रैली में भाजपा के प्रति नरम व सपा तथा कांग्रेस के प्रति गरम दिखाई पड़ीं। उन्होंने अपनी रैली में कांग्रेस व सपा पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान पर नाटकबाजी कर रही है। कांग्रेस ने देश पर आपातकाल लगाकर बाबा साहब के बनाए संविधान का अपमान किया था। कांग्रेस ने बाबा साहब का कभी भी सम्मान नहीं किया।उन्होंने केंद्र सरकार में रहने पर उन्हें आयकर और सीबीआई की जांच में फंसाने की कोशिश की ताकि डा. आंबेडकर और कांशीराम के कारवां को रोका जा सके।अब उसी कांग्रेस के लोग संविधान की प्रति हाथ में लेकर नाटकबाजी कर रहे हैं। सपा पर तीखा हमला बोलते हुए बहिन मायावती ने कहा कि सपा की सराकर में दलितों व पिछड़ों का सर्वाधिक उत्पीड़न हुआ। उन्होंने सपा सरकार की अराजकता पर हमला किया। बसपा रैली में बहिन मायावती के भतीजे आकाश आनंद की लॉन्चिंग के साथ- साथ मायावती के सबसे करीबी माने जाने वाले नेता सतीशचंद्र मिश्रा के बेटे कपिल मिश्रा की भी लॉन्चिंग हो गई है। मायावती ने उनके कामकाज की प्रशंसा भी की। जातीय समीकरण साधने के लिए सतीशचंद्र मिश्र के अलावा उमाशंकर सिंह को भी मंच पर जगह दी गई। प्रशंसनीय बात है कि इस रैली की तैयारी बहिन मायावती और उनके कार्यकता बहुत ही शांत व अनुशासित तरीके से कर रहे थे। बसपा व बहिन मायावती अपने वोटर्स के मध्य बहुत समझदारी के साथ संपर्क बनाती हैं और यही कारण है कि उनका वोटबैंक काफी सीमा तक सुरक्षित रहा है; यद्यपि 2017 के बाद जाटव मतदाता में सेंघ लग चुकी है जिसे फिर से भरोसा दिलाकर वापस लाना बहिन जी के लिए एक कठिन चुनौतीहै। लंबे समय से बहिन जी का नाम तथा आवाज़ केंद्रीय राजनीति से दूर रहने के कारण दलित राजनीति में चंद्रशेखर ह्लरावणह्ल जैसे लोगों का उभार हुआ है जो बसपा के परम्परागत वोटबैक पर दावा ठोंक रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने भले ही जोर देकर कहा है कि आगामी चुनावों में प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दी जाएगी किंतु यह फिलहाल संभव नहीं प्रतीत हो रहा हें क्योकि बसपा का जो राजनैतिक समीकरण हे उस आधार पर उन्हें सत्ता प्राप्त करने के लिए कम कम के कम 30 प्रतिशत मतों की आवश्यकता होगी और वह अभी मात्र 9 प्रतिशत ही है। प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों में बसपा कार्यकर्ताओं की धरातल पर कड़ी मेहनत के बाद यह मत प्रतिशत 15 -20 पहुँच सकता है। बहिन जी ने खुले मंच से जिस प्रकार से योगी जी की प्रशंसा की वह बसपा के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है क्योंकि संभव है इससे प्रदेश का मुस्लिम मतदाता सपा गठबंधन के साथ जाना पसंद करे। भले ही बसपा नेत्री मायावती का 2027 में अपने बलबूते पर सरकार में आने का दावा अतिशयोक्ति हो किन्तु इससे 2027 में सपा -बसपा गठबंधन की चर्चाओं को विराम लग गया है। साथ ही बहिन जी के दावे से सपा गठबंधन के लिए गहरा तनाव और भाजपा के लिए राहत की सूचना आ गई है।

## सेहत मंत्र

# हृदय के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है अंगूर

दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे अंगूर पसंद न हों। द्राक्ष, रसाला, मधुफला, फलोत्रमा आदि नाम अंगूर के ही हैं। मीठे, रसीले और ठंडक प्रदान करने वाले इस फल का जन्म स्थल रूस के आरमेनिया नामक स्थान को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि कि ईरान तथा अफगानिस्तान से होता हुआ यह फल भारत में भी पहुंचा। यह फल केवल ताजा नहीं बल्कि सुखाकर किशमिश व मुनक्के के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शराब बनाने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। बाजार में अंगूर की बहुत सी किस्में उपलब्ध हैं। जैसे रंग के आधार पर अंगूर की दो किस्में हैं काले तथा हरे अंगूर। कुछ अंगूरों का आकार लम्बा होता है तो कुछ का गोल। इसी प्रकार छोटे और बड़े अंगूर भी पाए जाते हैं। कुछ अंगूरों में बीज होते हैं जबकि बेदाना में बीज नहीं होते। हालांकि इनमें प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज लवण बहुत ही कम मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाडट्रेट शर्करा के रूप में पाया जाता है इसमें ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज किस्म की शर्करा पाई जाती है इसी कारण इनका सेवन काफी स्फूर्तिदायक सिद्ध होता है। दूसरी और किशमिश में शर्करा की मात्रा अंगूर से ज्यादा होती है इससे उसमें मिलने वाली ऊर्जा की मात्रा भी ज्यादा है। ताजा अंगूरों की सौ ग्राम मात्रा से जहां लगभग सत्तर कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है वहीं किशमिश की इतनी ही मात्रा से लगभग तीन सौ आठ कैलोरी ऊर्जा की प्राप्ति होती है। अंगूर हमारे स्वास्थ्य का भी रक्षक होता है। अंगूर को सुखाकर तैयार की जाने वाली मेवा किशमिश तथा बड़े बीज वाले अंगूर को सुखाकर तैयार किया जाने वाला मुनक्का दोनों ही बहुत लोकप्रिय हैं। इनके विविध औषधीय प्रयोग किए जाते हैं। आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाओं में अक्सर इनका प्रयोग किया जाता है। कफ, दुर्बलता तथा कब्ज को दूर करने के लिए इनका प्रयोग फायदेमंद होता है। इसके लिए पंचामृत अवलेह नामक मिश्रण तैयार किया जाता है।

## धर्म मंत्र

# हनुमान जी का पाठ करने से नहीं आती कोई बाधा

बजरंग बली हनुमान का जन्म भगवान श्रीराम की सहायता के लिए हुआ। हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। हनुमान जी चूंकि वानर-उपदेवता श्रेणी के तहत आते हैं इसलिए वे मणिकुण्डल, लंगोट व यज्ञोपवीत धारण किए और हाथ में गदा लिए ही उत्पन्न हुए थे। पुराणों में कहा गया है कि उपदेवताओं के लिए स्वेच्छानुसार रूप एवं आकार ग्रहण कर लेना सहज सिद्ध है। पुराणों के अनुसार, इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। माता अंजनी एवं पवन देवता के पुत्र हनुमान का जीवनकाल पराक्रम और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा की असंख्य गाथाओं से भरा पड़ा है। हनुमान जी में किसी भी संकट को हर लेने की क्षमता है और अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करते हैं। हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ यदि नियमित रूप से किया जाए तो कोई बाधा आपके जीवन में नहीं आ सकती। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने से बड़े से बड़ा भय दूर हो जाता है। हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व है। हनुमान जी भक्तों से विशेष प्रेम करते हैं और उनकी हर पुकार को सुनते हैं। श्रीराम की नित उपासना करने वालों पर हनुमान जी खूब प्रसन्न रहते हैं। हनुमान जयंती के दिन हनुमानजी की पूजा विधि विधान से करनी चाहिए।

## पर्यटन



# मप्र के मांडवगढ़ में पर्यटकों के लिए है बहुत कुछ

रानी रूपमती और बाजबहादुर के प्रणय प्रसंगों के गवाह महल, उनसे कुछ दूर नर्मदा नदी की पतली सी रेखा, जहाज महल व हिंडोला महल की अद्‌भुत कारीगरी कुल मिलाकर इतना सब कि पर्यटकों को लगेगा कि उनका मांडवगढ़ पहुंचना सार्थक हो गया। मध्य प्रदेश के इंदौर से लगभग 100 किलोमीटर सड़क के रास्ते से मांडवगढ़ जब जाते हैं तो लगता है कि यहां के अवशेषों का एक-एक पत्थर राजपूत राजाओं ओर फिर मुगल सम्राटों के वैभव-पराभव के कहानी कह रहा है। दूर-दूर तक फैला एकांत और रात की निस्तब्धता में जब आप मांडव में रात गुजारेंगे तो ऐसा आभास होगा कि मानो संपूर्ण अतीत मुखर होकर चहल-पहल में बदल गया है और नर्तकियों के पैरों व घुंघरुओं की थाप जहाज महल के फर्श पर मुखरित हो रही है। अतीत के इस समृद्ध वैभव को जब आप देखने आ ही रहे हैं तो कम से कम दो दिन यहां जरूर बिताएं। यहां से 124 किलोमीटर दूर रतलाम रेल जंक्शन है, जो दिल्ली, मुंबई रेलमार्ग का मुख्य स्टेशन है, 100 किलोमीटर दूर इंदौर भी रेलमार्ग से मुंबई व दिल्ली से जुड़ा हुआ है। इंदौर से मांडू के लिये नियमित बस सेवा है। भोपाल, रतलाम, महू, उज्जैन व इंदौर से यहां के लिए सीधी बसें भी हैं। इंदौर से टैक्सी सेवाएं भी आपको सरलता से उपलब्ध हो सकती हैं। यहां के दर्शनीय स्थलों में जामा मस्जिद, होशंगशाह का मकबरा, मुख्य दरवाजे, अशर्फी महल, जहाज महल, हिंडोला महल और बाजबहादुर महल मुख्य रूप से शुमार किये जाते हैं। इन सभी स्थलों की कारीगरी देख कर पर्यटक सम्मोहित हो जाते हैं। इनके अतिरिक्त रेवा कुंड भी अवश्य देखें। इस तालाब में दूरस्थ नर्मदा नदी का पानी संग्रहीत करने की व्यवस्था बाजबहादुर ने कराई थी। इसका उपयोग रानी रूपमती द्वारा किया जाता था। 16वीं शताब्दी के प्रारंभ में बाजबहादुर द्वारा अपने लिए बनवाए गए खूबसूरत महलों के अलावा रूपमती परिसर, निकहत महल, हाथी महल, परिया खान मकबरा, दाई का मकबरा, दाई की छोटी बहन का महल, ईको प्वाइंट आदि इतनी ऐतिहासिक धरोहरें हैं कि इनको देखते हुए आप रानी रूपमती व बाजबहादुर की प्रणय गाथाओं में खो जाएंगे।

# पराली जलाने पर सख्त प्रशासन, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किसानों से की अपील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पराली एवं कृषि अवशेष जलाने पर रोक लगाने के संबंध में जारी शासनादेश के क्रम में क्षेत्रीय प्रशासन ने सख्ती अपनानी शुरू कर दी है। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि इसके लिए जिम्मेदार कृषकों पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा 24 के तहत आर्थिक दंड भी वसूला जाएगा।पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है, वातावरण में कार्बन मोनोऑक्साइड, धुआं और सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे सांस संबंधी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ता है। जलवायु प्रदूषण के साथ-साथ इससे पशुधन एवं पक्षियों के प्राकृतिक आवास भी प्रभावित होते हैं। खेत की उपजाऊ परत जल जाने से अगली फसल की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।उपजिलाधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा ने कृषकों से अपील करते हुए कहाक्षेत्र के सभी कृषक भाई ध्यान दें, पराली जलाना न केवल कानूनन गलत है, बल्कि यह प्रकृति के लिए भी घातक है। पराली जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है, मिट्टी की गुणवत्ता नष्ट होती है और मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। जिन किसानों के खेतों में कृषि अवशेष मौजूद हैं, वे उसे निकटतम गौ-आश्रय स्थल में भिजवाएं। गौशाला तक पराली पहुंचाने की व्यवस्था पशुपालन विभाग द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी।प्रशासन ने यह भी निर्देशित किया है कि फसल कटाई के दौरान कंबाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ रेक एवं बेलर जैसी मशीनों का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए, जिससे अवशेष खेत में न जमे और प्रदूषण का खतरा न रहे। पराली आग में जलाने के बजाय गो-आश्रयों को दें, खाद बनाएं या मशीनों से पुनर्चक्रण करें। यह न केवल पर्यावरण हितैषी कदम होगा बल्कि खेत की उर्वरता बनाए रखने में भी सहायक होगा।

**दंड की राशि इस प्रकार निर्धारित की गई है—**

02 एकड़ से कम कृषि भूमि पर पराली जलाने पर — 2500
02 से 05 एकड़ तक के क्षेत्र पर — 5000
05 एकड़ से अधिक क्षेत्र पर — 15000 तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति

**पीसीएस परीक्षा, 282 अभ्यर्थी अनुपस्थित**

रामनगर बाराबंकी। पीसीएस परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। यहां पर दो परीक्षा केंद्र पी जी कॉलेज रामनगर व यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर बने थे।यूनियन इंटर कॉलेज में पीसीएस के 480 अभ्यर्थी अंकित थे। जिसमें प्रथम पाली में 280 अनुपस्थित रहे। तथा दूसरी पाली में 282 अनुपस्थित रहे ।कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा 9:30 से शुरू हुई। परीक्षा शुरू होने के पहले उपस्थित अभ्यर्थियों की गेट पर चेकिंग की गई ।कड़ी सुरक्षा के बीच शासन के मंशानुसार दोनों पाली की परीक्षा 20 कमरों में संपन्न कराई गई ।कक्ष निरीक्षक से लेकर सभी अधिकारियों ने परीक्षा के नियमों का पालन किया।

# दंगल में दिखा पहलवानों का जोश, खूब आजमाये दावपेंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा, बाराबंकी । रविवार को देवा मेले में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों का जोश देंखने वाला था। पहलवानों ने जीत हार के लिये खूब जोर-आजमाइश की और अपने-अपने दावपेंच आजमाते हुए एक दूसरे को चित करने का प्रयास किया। दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ दंगल कमेटी के सदस्य फव्वाद किदवई द्वारा पहलवानों से परिचय प्राप्त करके किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट गामा पहलवान, अरमान वारसी, अशोक कुमार, अजय गुप्ता, नदीम राईन आदि की उपस्थिति में दंगल प्रतियोगिता की भव्य शुरुआत हुई। पहली कुश्ती हसनैन पहलवान देवा और मो0 इकबाल के बीच हुई जिसमें हसनैन पहलवान की जीत हुई। राम सुंदर पहलवान बनारस और विवेक पहलवान हरियाणा के बीच हुए काटें के मुकाबले में राम सुंदर पहलवान बनारस ने विवेक पहलवान को चित कर दिया। इसके बाद बेबी मिश्रा लखनऊ और कल्लू राजस्थान के बीच मुकबला हुआ जिसमें बेबी मिश्रा ने फतेह हासिल की। इसके बाद गुफरान खीरी लखीमपुर और मुकेश बहराइच के बीच हुई कुश्ती में मुकेश की जीत हुई। शंकर थापा नेपाल और कल्लू पहलवान राजस्थान के बीच कड़े मुकाबले में शंकर थापा नेपाल ने कल्लू पहलवान को धूल चटाकर विजय हासिल की। जीतू पहलवान हरदोई और राशिद पहलवान बहराइच के बीच हुई कुश्ती में राशिद पहलवान ने जीत हासिल की। वहीं महिला पहलवान अवि लखनऊ और चाहत पहलवान बाराबंकी के बीच रोमांचकारी मुकबला हुआ जिसमें चाहत पहलवान विजयी हुई। इसके अलावा अनेक और रोमांचक कुश्ती देंखने को मिली।

# हिमांशु ने बढ़ाया जनपद का मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुनीमपुर बरतरा के छात्र हिमांशु याद का चयन यंग रिपोर्टर एन्वायरमेंट कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। यह कार्यक्रम 29 और 30 अक्टूबर को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित होगा। विद्यालय टीम के गाइड मोहम्मद आसिफ़ ने बताया कि यह सहभागिता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी के आदेशानुसार की जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक श्रीमती सुलोचना मौर्य, छात्र हिमांशु यादव और गाइड मोहम्मद आसिफ़ कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। देशभर के लगभग 45 विद्यालयों को इस प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया है, जिनमें प्रतिष्ठित विद्यालय जैसे अंबानी स्कूल, जामनगर (गुजरात), सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, लखनऊ, और दिल्ली पब्लिक स्कूल भी शामिल हैं।हिमांशु यादव ने अपने प्रोजेक्ट में पेड़-पौधों का संरक्षण, जल बचत, जैव विविधता एवं जलवायु संरक्षण, और ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य किया है।

# वर्तमान परिवेश में दुश्वारियां भरा कार्य है पत्रकारिता: श्रीमहंत अर्चना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। श्री महंत अर्चना गिरी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता बहुत ही दुश्वारियां भरा कठिन कार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि संतो के त्याग तपस्या से ही आज सनातन धर्म जीवांत है। संत समाज पूरे देश में अलख जगाकर लोगों को धर्म के पर्ति जागरूक कर रहा है। श्री महंत गिरी तहसील के ग्राम अमोली कला में गौरीकांत दीक्षित द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह रोको संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता आज के समय में कठिन कार्य है ऐसे में पत्रकारों का सम्मान होना चाहिए।कार्यक्रम में महंत इतवार गिरी ने शासन प्रशासन से सनातन धर्म और नागरिकों की सुरक्षा की अपील की।अगले क्रम में गौरीकांत द्वारा रामनगर

## शादी का झांसा देकर नाबालिग की अस्मत लूटने का आरोप




सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी एक नाबालिग बालिका ने उसी गांव के युवक पर शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी गुफरान पुत्र कालीन मीठी बातों और भरोसे का जाल बुनकर उसे अपने विश्वास में लेता रहा और विवाह का वादा कर संबंध बनाता रहा। शिकायत में उल्लेख है कि अब जब पीड़िता दो माह की गर्भवती हो चुकी है, तो आरोपी ने शादी से साफ इंकार कर दिया है। पीड़िता का कहना है कि उसने जब विवाह की बात दोहराई, तो युवक ने उसे यह कहकर टाल दिया कि अब वह कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। घटना से आहत नाबालिग ने कोठी थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया का कहना है कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है, तथ्यों की पुष्टि होते ही विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई न हुई तो ऐसे मामलों से बेटियों की सुरक्षा को लेकर सवाल और गहरे हो जाएंगे। फिलहाल पीड़िता इंसाफ की राह देख रही है।

## बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों ने सराहा

देवा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को देवा मेले के सांस्कृतिक मंच से स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। देवा मेला के ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत नायब तहसीलदार देवा श्री अभिषेक कुमार और नोडल व जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ0 सुविद्या वत्स द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभा शिक्षा निकेतन नरैनी की छात्रा आयुषी यादव ने नारीवाद विषयक पर अपनी प्रस्तुति देकर शुरूआत की। प्राथमिक विद्यालय बिसुनपुर की छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिसासुर मर्दनी पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय फतेहपुर की छात्राओं ने आओ प्रभु का स्वागत करें पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद अरुणोदय पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा गरबा नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा के रंगों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और कला का प्रचार करना था, जिसमें बच्चों की भागीदारी को विशेष तौर पर सराहा गया। इसके उपरांत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय निन्दूरा की छत्राओं ने जलवा जलवा पर शानदार अभिनय नृत्य की प्रस्तुति दी। अरूणोदय पब्लिक स्कूल की छात्रा काव्या ने टिंगा तापोरी पर और छात्रा आराध्या ने लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय बिसुनपुर के बच्चों ने ''धरती सुनहरी अंबर नीला, हर मौसम रंगीला, ऐसा देश है मेरा'' पर शानदार अभिनय नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## ले चल देवा बाजार हो जिया न लागे घर मा..

देवा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को लोकगायिका प्रीति लाल ने अपने लोकगीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने सर्वप्रथम गणेश वंदना, गणपति आए मोरे अंगना बाज रही शहनाई की मनमोहक प्रस्तुत दी। इसके बाद ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है.. भजन गाया। दादरा लोकगीत का करूं गुईयां बलम रंगरसिया... , ले चल देवा बाजार हो जिया न लागे घर मा..प्रस्तुत किया। उन्होंने लाल मेरी पत रखियो सदा झूले लालण... और सूफी कलाम छाप तिलक सब छीनी रे ...गाकर लोगों का मन मोह लिया।

## भारतीय युवा संघर्ष मोर्चा,पदाधिकारी नियुक्त

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अगासंड ग्रामसभा में रविवार को भारतीय युवा संघर्ष मोर्चा (अराजनैतिक) संगठन द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज सम्राट ने की। उन्होंने कहा कि ल्मातृशक्ति को सदैव अग्रसर रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सपना रावत को बाराबंकी जिलाध्यक्ष, शमा प्रवीन को ब्लॉक अध्यक्ष निंदूरा तथा रजनी को ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी मोहित यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक यादव, सह मीडिया प्रभारी जायबिंद यादव, ब्लॉक मीडिया प्रभारी रत्नेश पाल, पंचायत अध्यक्ष मुकेश पाल, असगर सिद्दीकी, गोविंद, पुष्पा, जीना जहां, काजल, साहिल कुमारी, अमरीन, रेखा, जया, अंजू, नाजिया, गुलशन बनो, तफरुल निशा, नन्ही जी, चांद बीबी, राजरानी, मंजू, लक्ष्मी, सुशीला देवी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## राकेश टिकैत हुआ भव्य स्वागत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को श्रावस्ती जा रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का मसौली चौराहे पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मसौली चौराहे पर कार्यकर्ताओं का उत्साह देख राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कार्यकर्ताओ का कुशल क्षेम पूछा और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित रह कर के ही अधिकार हासिल किए जा सकते हैं उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने की अपील की। राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ लखनऊ के जिलाध्यक्ष अजय अनमोल, बाराबंकी के जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा का भी फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।
इस मौके पर राम लखन वर्मा ,राम सागर वर्मा, सतेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, राम संजीवन वर्मा, शिवकुमार,शिव करन, संजय,अरबिन्द सोनी, दिनेश सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पटाखा निर्माण, बिक्री स्थलों का निरीक्षण, कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने फायर ब्रिगेड व पुलिस टीम के साथ पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम ने पटाखा बनाने वाले स्थानों और विक्रय स्थलों का भी जायजा लिया। उन्होंने मरकामऊ और राजापुर सहित क्षेत्र की पटाखा दुकानों का निरीक्षण करते हुए आग से संबंधित सुरक्षा जानकारी ली।

अधिकारियों ने दुकानदारों और पटाखा निर्माताओं को सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही दुकानें लगाने और पटाखे बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान फायर ब्रिगेड की आग बुझाने वाली गाड़ी भी मौजूद रही।

यह निरीक्षण आगामी दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। पटाखा विक्रय स्थलों और गोदामों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस, भंडारण स्थल, अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी स्थान पर अवैध रूप से पटाखों का निर्माण, भंडारण या विक्रय न हो रहा हो। पटाखा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त स्थानों पर, सीमित मात्रा में और निर्धारित समयावधि में ही पटाखों की बिक्री करें। साथ ही, नाबालिगों को पटाखे न बेचने और विस्फोटक नियमों का पूरी तरह पालन करने के निर्देश भी दिए ।

# पराली जलाने वाले किसानों पर पांच पांच हजार जुर्माना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तमाम चेतावनी के बाद भी किसान खेतों में पराली जला रहे। प्रशासन ने इनसे निपटने की कमर कस ली है। सिरौली गौसपुर । रविवार को क्षेत्र के ग्राम हमीदनगर के तीन किसानों ने अपने खेत पर धान की पराली जला दी।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा, लेखपाल समर सिंह और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की। हमीदनगर गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र चंद्रशेखर, शिव कुमार पुत्र चंद्रशेखर और रमेश चंद्र पुत्र चंद्रशेखर पर पांच पांच हजार अर्थ दंड किया गयाहैं। रामनगर : तहसील क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में किसान कमलेश द्वारा पराली जलाने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए ?5,000 का अर्थदंड लगाया।एसडीएम गुंजिता अग्रवाल के निर्देश पर तहसीलदार विपुल सिंह की टीम ने मौके पर जांच कर जुर्माने की वसूली प्रक्रिया शुरू की।

# शताब्दी वर्ष उपलक्ष में संघ का पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे मंडल कुर्सी के कस्बा टिकैतगंज क्षेत्र में पथ संचलन कार्यक्रम दौरान संघ का गणवेश पहन कर अनुशासन का पालन करते हुए संघ कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र की सड़कों पर कदम ताल की। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता ने फूलों से स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक अनुशासन में पंथ संचलन निकाला। कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक ओम प्रकाश ने अशोक विधा मंदिर टिकैत गंज के प्रांगण में आयोजित पंथ संचलन के कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जाति भेद भूलकर एक दूसरे के प्रति अपनत्व की भावना का निर्माण करें और एक दूसरे के लिए सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहें । जब हम अपने धर्म की रक्षा करते हुए देश के उत्थान के बारे में विचार करें। इसके उपरांत संघ के संस्थापक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर (गुरूजी) के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

भव्य उत्सव के उपरांत अशोक विधा मंदिर परिसर से स्वयंसेवकों का पंथ संचलन निकाला गया जो कस्बा टिकैतगंज के मुख्य सड़कों पर अनुशासन, एकरुपता और देश भक्ति की अद्भुत झलक देखने को मिली ।घोष दलकी धुन के साथ संगठन बढ़े चलो,सुपथ पर पर बढ़े चलो।भला हो जिसमें देशका,वह काम सब किए चलों। जैसे संगठन गीत गाते हुए स्वयं सेवक कदम से कदम मिलते हुए चल रहे थे। स्थानीय लोगों ने पंथ संचलन का स्वागत जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भारत माता की जय, के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

# महादेवा मठ मंदिर की भूमि पर पिलर का अवैध निर्माण, आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**धमकी देता है स्थानीय प्रशासन: रिसीवर द्विवेदी**

बाराबंकी। रामनगर तहसील प्रशासन, महादेवा मठ मंदिर स्वामित्व जमीन पर बिना अधिग्रहण और मुआवजा दिए बिना गढ्ढे खोदकर पिलर आदि कायम कर रहा है। आरोप है कि रोकने पर तहसील प्रशासन के लोग विभिन्न मुकदमे लाद देने और गुण्डा एक्ट लगा देने की धमकी देते है और प्रशासनिक हनक का प्रयोग करके एक प्रकार से अवांछित तत्वों की भांति व्यवहार कर रहे है। कहते हैं कि प्रशासनिक दबंगई का अनुचित लाभ उठाकर मठ की सम्पत्ति पर तथाकथित प्रस्ताव से अधिक करीब दस मीटर अधिक भूमि पर बिना अधिग्रहण व मुआवजा दिये जबरन मठ सम्पत्ति के निर्माण आदि तोड दिया है।

। मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी का कहना है प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया था कि मठ की सम्पत्ति की बाबत स्पष्ट विवरण प्रदान करके मुआवजा की धनराशि उच्च न्यायालय के दिशा निर्देश प्राप्त करके जमा कर दी जायेगी। इसके विपरीत विपक्षीजन द्वारा बिना मुआवजा दिये तोड फोड व निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

श्री द्विवेदी का यह भी आरोप है कि प्रशासनिक पद के धमंड में बार-बार जानबूझकर न्यायालय के विभिन्न निर्णयो की अवहेलना की जा रही है और माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रार्थना पत्र के निर्णय की प्रतीक्षा किये बगैर ही अवैध रूप से जबरन तोड फोड व निर्माण प्रारम्भ कर दिये है और रोकने पर जेल भेजने की धमकी देते है। तहसील प्रशासन जालसाजी करते हुए उन व्यक्तियो से बैनामा करवाकर जबरन कब्जा कर रहा है जिन्हे मठ की सम्पत्ति में कोई अधिकार प्राप्त ही नही है। प्रस्तावित अधिग्रहण सूची का हवाला देते हुए उल्लेख किया है कि क्रम सं.39 तथा 97 में दर्ज छात्रावास तथा संस्कृत पाठशाला का बैनामा अनाधिकृत रूप से बीते वर्ष 23 अगस्त 24 को कूटरचना जालसाजी व धोखाधडी करते हुए उपजिलाधिकारी रामनगर के संरक्षण में प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा फर्जी तौर से संस्कृत विद्यालय के प्रबन्धक से लिखवा लिया गया और अब मठ की उक्त सम्पत्ति को जबरन कब्जा करके नष्ट करने के प्रयास में है।

मठ रिसीवर श्री द्विवेदी ने बताया कि इस बाबत उन्होंने प्रशासन को नोटिस प्रेषित की है।

# जॉन कैंपबेल और शाई होप ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। जॉन कैंपबेल (नाबाद 87) और कप्तान शाई होप (नाबाद 66) अर्धशतकीय पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को स्टंप के समय दो विकेट पर 173 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 97 रन पीछे है। इससे पहले कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर 270 रनों की बढ़त के साथ उसे फॉलोऑन दिया हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को 17 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (10) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने ऐलेक ऐथनेज (सात) को



बोल्ड कर भारत की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिये थे। चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान शाई होप ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभाला तथा तेजी के साथ रन भी बटोरे। दिन का खेल समाप्त होने के समय अपने-अपने अर्धशतक पूरे कर बड़े स्कोर की नींव रख दी। वेस्टइंडीज ने 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बना लिये है। जॉन कैंपबेल (नाबाद87) और शाई होप (नाबाद 66) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुदंर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन फिलीप ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिये थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी। लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को जसप्रीत बुमराह ने खारी पियर (23) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई। 82वें ओवर की पांचवी गेंद पर कुलदीप यादव ने जेडेन सील्स (13) को पगबाधा आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर अंत कर दिया।

# नामीबिया ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराया

एजेंसी

विंडहोक। रूबेन ट्रम्पेलमैन के हरफनमौला प्रदर्शन (3/28 और 8 गेंदों में 11 रन) और ज़ेन ग्रीन के 23 गेंदों में नाबाद 30 रनों की संयमित पारी की बदौलत, नामीबिया ने शनिवार को विंडहोक में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की। जीत के लिए 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ग्रीन ने सिमेलाने की आखिरी गेंद पर लो फुलटॉस को स्वीप कर नामीबिया को चार विकेट से जीत दिलाई। 2022 विश्व कप में एडिलेड में नीदरलैंड से हारने के बाद, यह दूसरी बार था जब दक्षिण अफ्रीका किसी एसोसिएट देश से टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हारा है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने पारी की शुरुआत में ही क्विंटन डी कॉक और रीज़ा हेंड्रिक्स के विकेट गंवा दिए। हालाँकि, लुआ-ड्रे प्रीटोरियस और रुबिन हरमन ने उस पिच पर पारी को संभाला जहां रन बनाना आसान नहीं था।



दोनों ने 30 रन जोड़े, इससे पहले कि ट्रम्पेलमैन ने डीप स्क्वायर लेग पर एक बेहतरीन डाइविंग कैच लपका।

जल्दी-जल्दी कुछ और विकेट गिरने से 11वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 68 रन हो गया। जेसन स्मिथ ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोरिंग गति को बढ़ाया, लेकिन थोड़ी पकड़ और उछाल वाली पिच पर बाउंड्री लगाना मुश्किल था। इसके अलावा, नामीबियाई खिलाड़ियों ने भी अपना अनुशासन बनाए रखा। ब्योर्न फोर्टुइन और गेराल्ड कोएत्ज़ी ने अंत में उपयोगी योगदान देकर दक्षिण अफ्रीका को 130 रनों के पार पहुंचाया, लेकिन अंत में यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ।


नामीबियाई बल्लेबाजों को भी रन बनाने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों, खासकर गेराल्ड कोएत्ज़ी की अनियमित लाइन-अप ने उनकी मदद की, जो अपने दूसरे ओवर की चार गेंदें डालने के बाद कुछ चिंता के साथ मैदान से बाहर चले गए। नामीबिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जब तक दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले तीन विकेट लिए, तब तक नामीबिया ने केवल सात ओवरों में 51 रन बना लिए थे।

गेरहार्ड इरास्मस, जेजे स्मिट और जेसन क्रूगर ने बीच के ओवरों में जरूरी मजबूती प्रदान की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दक्षिण अफ्रीका को बढ़त न मिले। हालाँकि, अंतिम तीन ओवरों में 28 रनों की जरूरत के साथ, नामीबिया के लिए चुनौती अभी भी कठिन थी। ग्रीन और ट्रम्पेलमैन ने एक-एक चौका लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 11 रनों तक पहुँचाया।

# जडेजा को अब भी 2027 वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व कप जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के समापन पर बोलते हुए, जडेजा ने यह भी पुष्टि की कि चयनकर्ता और नए कप्तान शुभमन गिल ने टीम की घोषणा से पहले ही उन्हें टीम में शामिल न करने के बारे में सूचित कर दिया था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला के लिए दो बाएं हाथ के स्पिनरों को शामिल नहीं कर सकते और जडेजा ने इसे स्वीकार किया। जडेजा ने अपने वनडे भविष्य पर कहा, ''देखिए, यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं खेलना चाहता हूँ, लेकिन आखिरकार, टीम प्रबंधन, चयनकर्ता, कोच, कप्तान सोच रहे



होंगे कि मैं इस सीरीज में क्यों नहीं हूँ। इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर होगी। और उन्होंने मुझसे बात की। ऐसा नहीं है कि जब टीम की घोषणा हुई तो उन्होंने मुझे चौंका दिया कि मैं उसमें नहीं हूँ। यह अच्छी बात है कि कप्तान, चयनकर्ता, कोच ने मुझसे बात की और इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर है। पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी पड़ाव पर पिछड़ने वाली टीम का हिस्सा रहे जडेजा, जो 2027 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान लगभग 39 साल के हो जाएंगे, को उम्मीद है कि आखिरकार उन्हें ट्रॉफी मिल ही जाएगी। उन्होंने कहा, ''जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं वही करने की कोशिश करूंगा जो मैं इतने सालों से करता आ रहा हूँ।और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में, अगर मुझे मौका मिलता है, तो उससे पहले कई वनडे मैच खेलने हैं। अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूँ और मुझे मौका मिलता है, तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा होगा। 50 ओवरों का विश्व कप जीतना हर किसी का सपना होता है। पिछली बार हम चूक गए थे। शायद इस बार हम ऐसा कर पाएं।''

पहले टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए जडेजा ने मौजूदा टेस्ट में भी एक बार फिर अपनी छाप छोड़ी है। बल्लेबाजी का मौका न मिलने के बावजूद, जडेजा ने दूसरे दिन स्टंप्स से पहले ही तीन विकेट चटकाकर विपक्षी टीम को परेशान कर दिया है। लेकिन इस सीनियर खिलाड़ी ने तुरंत बताया कि विकेट अभी खराब नहीं हुआ है।

# ऐतिहासिक मिश्रित टीम कांस्य पदक के बाद जूनियर खिलाड़ियों का लक्ष्य व्यक्तिगत गौरव हासिल करना

एजेंसी

गुवाहाटी। मिश्रित टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद, भारतीय दल अब सोमवार से यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन कोरिया को हराकर अपना पहला मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता था और 25 सदस्यीय दल अब व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अधिक से अधिक पदक जीतने के लक्ष्य के साथ इस लय को बरकरार रखने के लिए कमर कस रहा है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर्स में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 साल पहले पुणे में आया था, जब साइना नेहवाल ने लड़कियों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। अब तक, भारत ने प्रतियोगिता के इतिहास में कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिनमें चार रजत पदक शामिल हैं। इस संस्करण में लड़कियों का एकल वर्ग भारत के लिए अपने पदकों की संख्या में एक और स्वर्ण पदक जोड़ने का सबसे अच्छा मौका होगा, जिसमें जूनियर विश्व की नंबर एक खिलाड़ी तन्वी शर्मा और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति हुड्डा सबसे आगे होंगी। दोनों खिलाड़ियों को ड्रॉ के अलग-अलग हिस्सों में रखा गया है, जिससे संभावित अखिल भारतीय फाइनल की उम्मीदें बढ़ गई हैं। एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता तन्वी को शुरुआती दौर में बाई मिली है और इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त थलिता विर्यावन के खिलाफ संभावित क्वार्टर फाइनल मुकाबला उनके अभियान की पहली बड़ी परीक्षा हो सकता है। आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति, दूसरे दौर में हांगकांग की लियू होई किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर सकती हैं और अंतिम आठ में उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासाक से हो सकता है। भारत की अन्य एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के और विश्व में 41वें नंबर की रक्षिता श्री को एक ही क्वार्टर फाइनल में रखा गया है, लेकिन अंतिम चार में पहुंचने के लिए उन्हें कुछ कठिन मुकाबलों से गुजरना होगा। रक्षिता का प्री-क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त श्रीलंका की रानीथमा लियानागे से मुकाबला हो सकता है, जबकि वेन्नाला को उसी दौर में एशियाई अंडर-19 सेमीफाइनल में चीन की लियू सी या से भिड़ना होगा। लड़कों के एकल दल के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता और भी कठिन होगा। लालथाजुआला हमार का सामना राउंड ऑफ 32 में विश्व जूनियर नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के मोहम्मद ज़की उबैदिल्लाह से हो सकता है, जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान को उसी चरण में चीन के ली ज़ी हैंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच, हमवतन ज्ञान दत्तू टीटी और 15वीं वरीयता प्राप्त सूर्याक्ष रावत तीसरे दौर में एक-दूसरे से भिड़ सकते हैं। युगल स्पर्धाओं में, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक लड़कों की युगल जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत स्लोवेनिया के आंद्रेज मैकेक और आंद्रेज सुची के खिलाफ करेगी।

# ईडी ने फ्लिपकार्ट को जुर्माना भरकर, गलती मानकर फ़ेमा मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फ़ेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फ़ेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है। इस संबंध में फ्लिपकार्ट को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। ईडी ने अमेजन इंडिया की स्थिति की जांच के लिए उसे भी तलब किया था। संपर्क करने पर, अमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, ''हम चल रही जांच पर टिप्पणी नहीं करते हैं। इस मामले में ईडी को भेजे गए सवालों के जवाब भी नहीं मिले। ई-कॉमर्स कंपनियों में से एक के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि ईडी के कंपाउंडिंग का विकल्प दिने से अमेरिका के साथ चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के दौरान भारत को लाभ मिलेगा। कंपाउंडिंग नियम कंपनियों को फ़ेमा के तहत प्रावधानों के उल्लंघन को स्वेच्छा से स्वीकार करने और लंबी प्रवर्तन कार्रवाई के बिना उल्लंघनों के लिए जुर्माना देकर मामले का निपटारा करने की अनुमति देते हैं। फ्लिपकार्ट और अमेजन इंडिया फ़ेमा प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी की जांच के दायरे में हैं। ऐसे आरोप लगे हैं कि ये कंपनियां बिक्री बढ़ाने के लिए अपने मंच पर छूट दे रही हैं।

# बीते माह टाटा मोटर्स, मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी, हुंदै की घटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। सितंबर के यात्री वाहन पंजीकरण के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंदै मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में सालाना आधार पर गिरावट आई है। टाटा मोटर्स ने पिछले महीने अपनी बाजार हिस्सेदारी में सुधार देखा और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल इस महीने में कंपनी ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 इकाइयों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत और बिक्री 1,15,530 वाहन रही थी। कुल मिलाकर, पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2,99,369 इकाई रही, जो पिछले साल सितंबर के 2,82,945 इकाई के आंकड़े की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन महीने में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 37,659 यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.58 प्रतिशत रही। पिछले साल इसी अवधि में उसने 35,863 वाहन बेचे थे और उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.67 प्रतिशत रही थी। हुंदै मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री पिछले महीने 35,812 इकाई रही, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 11.96 प्रतिशत रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 38,833 वाहन बेचे थे और उसकी बाजार हिस्सेदारी 13.72 प्रतिशत रही थी। इसी तरह, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने घटकर 6.78 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 7.35 प्रतिशत थी। कंपनी की खुदरा बिक्री पिछले महीने 20,303 इकाई रही, जबकि सितंबर, 2024 में यह 20,792 इकाई थी। किआ इंडिया की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने सालाना आधार पर मामूली घटकर 6.78 प्रतिशत रही। कंपनी ने पिछले महीने 16,727 इकाइयां बेचीं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 16,062 इकाई था। दोपहिया वाहन क्षेत्र में, हीरो मोटोकॉर्प की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने बढ़कर 25.10 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 22.48 प्रतिशत थी। पिछले महीने कंपनी की खुदरा बिक्री बढ़कर 3,23,268 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,71,820 इकाई थी। दूसरी ओर, उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने घटकर 25.05 प्रतिशत रह गई, जबकि सितंबर, 2024 में यह 27.7 प्रतिशत थी।

# बाल्को ने भारत के सबसे बड़े स्मेल्टर से पहली धातु का उत्पादन किया

एजेंसी

कोरबा। वेदांता एल्युमीनियम की इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने देश के सबसे बड़े 525 किलो एम्पीयर (केए) स्मेल्टर से पहली धातु का उत्पादन करके भारत के एल्युमीनियम क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि यह सफलता बाल्को की मौजूदा 10 लाख टन सालाना विस्तार परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह एल्युमीनियम प्रगलन प्रौद्योगिकी में एक नया राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। बाल्को संयंत्र छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है। बयान में कहा गया कि 525 केए प्रगालक तकनीकी प्रगति में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने 378 केए के पिछले भारतीय मानक को पीछे छोड़ दिया है। बयान में कहा गया कि यह उपलब्धि भारत की एल्युमीनियम आत्मनिर्भरता और औद्योगिक विकास को गति देने में बाल्को की भूमिका को रेखांकित करती है। इस नई क्षमता के चालू होने के साथ बाल्को की कुल एल्युमीनियम उत्पादन क्षमता 10 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगी, जिससे कंपनी 'मिलियन टन क्लब' के चुनिंदा वैश्विक उत्पादकों में शामिल हो जाएगी। इस विस्तार के साथ बाल्को भारत के कुल एल्युमीनियम उत्पादन में 20 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगी और देश की औद्योगिक प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाएगी। बाल्को के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और निदेशक राजेश कुमार ने कहा, ''मिलियन टन क्लब में शामिल होने के साथ, बाल्को भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक नया अध्याय लिख रही है। उन्होंने कहा, ''इस विस्तार के जरिये हम न केवल घरेलू क्षमता को बढ़ा रहे हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं, संबद्ध उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं और छत्तीसगढ़ तथा उसके बाहर आर्थिक वृद्धि को गति दे रहे हैं।

# अमेरिका-चीन शुल्क तनाव, महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका और चीन के बीच नए शुल्क तनाव, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एचसीएल टेक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार की दिशा घरेलू संकेतकों, वैश्विक व्यापक आर्थिक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगी। अमेरिका-चीन शुल्क युद्ध के नए सिरे से बढ़ने, जिसकी वजह से शुक्रवार को वॉल-स्ट्रीट पर भारी बिकवाली देखने को मिली, से वैश्विक जोखिम लेने की धारणा कम होने की संभावना है। व्यापार तनाव की वजह से डॉलर का बहिर्वाह बढ़ सकता है, जिससे उभरते बाजारों के शेयरों और मुद्राओं पर और दबाव बढ़ सकता है। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बड़े गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कंपोजिट में 3.56 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एसएंडपी 500 में 2.71 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.90 प्रतिशत की गिरावट आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहेगा। सप्ताह के दौरान प्रमुख घरेलू वृहद

**शेयर समीक्षा**



आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे आएंगे। आंकड़ों के मोर्चे पर, सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े जारी करेगी, उसके बाद 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े आएंगे। उन्होंने कहा कि निवेशक आईटी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों और मध्यम स्तर की कंपनियों जैसे इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, टेक महिंद्रा, एलटीआईमाइंडट्री के साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजों पर नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर, फ़ेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के आगामी संबोधन से मौद्रिक नीति की दिशा पर संकेत मिलने की उम्मीद है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि निवेशक इस सप्ताह विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों पर भी नज़र रखेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण रहने की संभावना है क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच नए तनाव के बीच अमेरिकी बाजारों में भारी गिरावट के बाद वैश्विक धारणा सतर्कता वाली हो गई है। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, ध्यान अमेरिका पर केंद्रित होगा, जहां फ़ेडरल रिजर्व के प्रमुख मंगलवार, 14 अक्टूबर को भाषण देने वाले हैं। मीणा ने कहा कि फ़ेडरल रिजर्व के ब्याज दर परिदृश्य और मुद्रास्फीति की दिशा पर संकेतों के लिए उनकी टिप्पणियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,293.65 अंक या 1.59 प्रतिशत बढ़ा और एनएसई निफ्टी 391.1 अंक या 1.57 प्रतिशत के लाभ में रहा।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 1.94 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,293.65 अंक या 1.59 प्रतिशत चढ़ गया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 45,678.35 करोड़ रुपये बढ़कर 10,95,701.62 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 28,125.29 करोड़ रुपये बढ़कर 6,29,080.22 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 25,135.62 करोड़ रुपये बढ़कर 15,07,025.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 25,089.27 करोड़ रुपये बढ़कर 11,05,980.35 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 25,035.08 करोड़ रुपये बढ़कर 18,70,120.06 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 21,187.56 करोड़ रुपये बढ़कर 6,36,995.74 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,645.94 करोड़ रुपये बढ़कर 8,12,986.64 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,251.62 करोड़ रुपये बढ़कर 9,86,367.47 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 4,648.88 करोड़ रुपये घटकर 5,67,858.29 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 3,571.37 करोड़ रुपये घटकर 5,94,235.13 करोड़ रुपये रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# छह समुदायों को एसटी का दर्ज़ा देने की मांग का असम भाजपा ने किया पूर्ण समर्थन

एजेंसी



गुवाहाटी। असम प्रदेश भाजपा ने राज्य के छह समुदायों – मोरान, मटक, कोच-राजबंशी, सुतिया, अहोम और चाय जनजाति – को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्ज़ा देने की मांग का पूर्ण और बिना शर्त समर्थन किया है। ये समुदाय बीते दिनों से पूरे राज्य में अपने इस मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन से जारी बयान में पार्टी प्रवक्ता प्रांजल कलिता ने कहा कि भाजपा ने अपने 2021 के विधानसभा चुनाव घोषणापत्र में इन समुदायों को एसटी का दर्ज़ा देने का वादा किया था। उन्होंने बताया कि असम सरकार ने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट पहले ही केंद्र सरकार को भेज दी है। इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 2019 में राज्यसभा में एक विधेयक प्रस्तुत किया था, जिसे बाद में केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल चुकी है। कलिता ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने घोषणा की है कि इस मुद्दे से संबंधित एक विधेयक आगामी 25 नवंबर को असम विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। हालांकि, कुछ मौजूदा अनुसूचित जनजाति संगठनों और जनजातीय समूहों ने इस कदम का विरोध जताया है। उनका कहना है कि इससे उनके अधिकार और आरक्षण पर असर पड़ सकता है। भाजपा के अनुसार, यह विरोध उस नीति का परिणाम है जो पूर्व कांग्रेस मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के शासनकाल में लागू की गई थी, जिसके तहत किसी नए समुदाय को एसटी सूची में शामिल करने से पहले मौजूदा जनजातीय समूहों की सहमति आवश्यक मानी गई थी – यही नीति आज असम में इस मुद्दे पर गतिरोध का कारण बनी हुई है।

भाजपा ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस शासन के ऐतिहासिक भूलों के कारण ‑ग्रेटर असम‑ का विभाजन होकर सात छोटे-छोटे राज्यों में हुआ, और इसी कुप्रबंधन के चलते बोडोलैंड जैसी मांगें भी उभरीं। परंतु, 2016 में भाजपा सरकार के गठन के बाद असम में बोडो समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने में सफलता मिली है, जिससे राज्य में सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ावा मिला है। भाजपा ने कहा कि असम की एकता भाईचारे और समावेशिता में निहित है। इसलिए पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इन छह समुदायों – मोरान, मटक, कोच-राजबंशी, सुतिया, अहोम और टी ट्राइब्स – को एसटी का दर्ज़ा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में दिया जाए। प्रवक्ता ने कहा कि इन समुदायों की यह मांग भाजपा की अपनी प्रतिबद्धता है और पार्टी तथा उसकी सरकार असम की एकता, प्रगति और सामाजिक सद्भाव की दिशा में बिना किसी विभाजन या मतभेद के पूर्णतः समर्पित हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री जयपुर में कल करेंगे नई आपराधिक संहिताओं पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

एजेंसी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा

जयपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को यहां सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में नवीन आपराधिक कानूनों पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आ रहे हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री शाह राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग तथा लगभग



9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 260 करोड़ एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ तथा एफएसएल के वाहनों और महिला सुरक्षा सम्बन्धी पेट्रोलिंग की स्कूटियों एवं मोटरसाइकिलों का फ्लैगऑफ भी किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में नवीन आपराधिक कानूनों पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे।

केंद्रीय मंत्री शाह के कार्यक्रम से एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों और प्रदेश में इनके क्रियान्वयन को दर्शाने वाली विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने सभा स्थल, बैठक, पेयजल, पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को संबंधित दिशा-निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेईसीसी, सीतापुरा में छह दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में शाह के साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

‘नव विधान-न्याय की नई पहचान’ की थीम पर आधारित प्रदर्शनी में कानून की नई संरचना की डिजिटल एवं इंटरएक्टिव प्रस्तुति होगी। प्रदर्शनी में प्रतिदिन विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 13 अक्टूबर को टेक्नोलॉजी पर आधारित सत्र में पुलिस कार्य में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। वहीं, 14 अक्टूबर को फॉरेंसिक विज्ञान आधारित, 15 अक्टूबर को जेल संबंधी विषयों एवं 16 अक्टूबर को कानूनविज्ञों के साथ सत्र आयोजित होंगे। इसी प्रकार 17 अक्टूबर को महिलाओं, बच्चों के अपराध की रोकथाम, पुलिस व समाज के संबंध एवं नए कानून की जागरूकता के संबंध में स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं, 18 अक्टूबर को प्रदर्शनी का समापन समारोह आयोजित होगा।

## कांग्रेस ने एनसी द्वारा दी गई ‘जोखिम भरी‘ राज्यसभा सीट ठुकरा दी

जम्मू। साढ़े चार घंटे की मैराथन बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर कांग्रेस इकाई ने रविवार को घोषणा की कि वह नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा पेश की जा रही ''जोखिम भरी'' राज्यसभा सीट पर चुनाव नहीं लड़ेगी। पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा ने कहा कि पार्टी ने उन्हें दी गई चौथी सीट पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। कर्रा ने कहा कि आगामी राज्यसभा चुनावों के संबंध में एक विस्तृत चर्चा हुई। सदस्यों के बीच सर्वसम्मत विचार यह था कि हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने सुरक्षित सीट की मांग की थी - या तो सीट नंबर 1 या 2 हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हमें सीट नंबर 4 की पेशकश की जो तुलनात्मक रूप से कम सुरक्षित है। परिस्थितियों को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हम सीट नंबर 4 के लिए उम्मीदवार नहीं उतारेंगे और निर्णय अपने गठबंधन सहयोगियों पर छोड़ देंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने नेशनल कांफ्रेंस नेतृत्व को अपना रुख बता दिया है। उन्होंने कहा कि हमने आधिकारिक तौर पर अपने दृष्टिकोण के संबंध में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को एक पत्र लिखा था। उन्होंने हमसे फारूक अब्दुल्ला को पत्र अग्रेषित करने के लिए कहा जो हमने किया।

# अशोकनगर: सिंधिया से की गई भाजपा नेता के परिजन के प्लाट पर कब्जे की शिकायत

अशोकनगर। मध्य प्रदेश के अशोकनगर में रविवार को शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता के परिजनों के प्लाट पर कब्जा करने और जान से मारने की शिकायत क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से की गई है। भाजपा नेता राजेश जैन तारई के भाई प्रदीप तारई की पत्नी कल्पना के नाम सांसद सिंधिया को लिखित शिकायत की गई है कि उनके प्लाट पर बलपूर्वक कब्जा किया गया है। कब्जा हटाने की बात पर उनके साथ झगड़ा कर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। शिकायत में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि गुना रोड़ स्थित फील्डगुड कालोनी में उनके प्लाट क्रमशः 9 से 12 तक शामिल हैं, जिनका क्षेत्रफल 30 80 फुट हैं। उनके प्लाट से लगी बगुल्या गार्डन की वाउंड्री वाल है। शिकायत में कहा गया है कि भास्कर सिंह रघुवंशी बगुल्या एवं राजा यादव शिक्षक रातीखेड़ा वाले निवासी फिल्डगुड कालोनी द्वारा अवैध रूप से गुमटियां रख लीं गई हैं। गुमटियां हटाने का कहने पर उक्त लोग झगड़ा करने पर आमदा हैं एवं जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सांसद सिंधिया को शिकायत कर्ता द्वारा अपने प्लाट की रजिस्ट्री, नक्शा, सर्वे नम्बर आदि के साथ शिकायत करते हुए आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कराने और पलट से कब्जा हटवाने की मांग की गई है।

## जम्मू कश्मीर देहाती सेवा संस्था की तरफ से करवाई जा रही दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

आरएस पुरा। ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के मकसद से माई भारत मेरा युवा भारत जम्मू (भारत सरकार मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफ़ेयर्स एंड स्पोर्ट्स) की तरफ से जम्मू कश्मीर देहाती सेवा संस्था जिंदडमेलू के सहयोग के साथ गांव वाला चक में करवाई जा रही दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का रविवार को फाइनल मुकाबलों के साथ समापन हो गया। बताते चलें कि इस खेल प्रतियोगिता में ब्लॉक आरएस पुरा, ब्लॉक सतवारी तथा ब्लॉक मीरा साहब के युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे। इस खेल प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टग ऑफ बार, दौड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। अंतिम दिन वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला गांव जिंदडमेलू तथा रठाना वॉलीबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें रठाना वॉलीबॉल क्लब की टीम ने जीत हासिल की। इसके अलावा अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी बेहतर स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रिटायर्ड मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी गिरधारी लाल डोगरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा के जिला अध्यक्ष रिंकू चौधरी, मंडल अध्यक्ष देवी दिता नीटा, चंद्र भूषण, नथाराम, मनजीत सिंह के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने विजेता रहे खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया।

# पेज एक का शेष

### बीजेपी-जेडीयू ...

सीटें नहीं मिली है। वह 15-20 सीट चाहते थे, लेकिन मात्र 6 सीटें मिलीं। 2020 की तुलना में उनको एक सीट का घाटा हुआ है। पिछली बार उन्होंने 7 सीटों पर चुनाव लड़कर 4 पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार 15 की मांग के बावजूद सीट बढ़ाने की बजाय कम कर दी गई।

### बिहार विजय ...

सहयोगियों ने कहा है कि बिहार के हित में उन सबने आपस में मिलजुलकर निर्णय किया है। लेकिन असलियत यह है कि गठबंधन का कोई भी हिस्सेदार बिहार से सरकार अपने हाथ से फिसलने नहीं देना चाहता था, और इसलिए सबने अपने-अपने हिस्से की कुर्बानी देकर एनडीए गठबंधन को बनाए रखने का निर्णय किया है।

भाजपा पूरे गठबंधन की जान है। चुनाव में सबसे ज्यादा वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर पड़ते हैं। पिछले चुनाव में उसने 74 सीटों पर जीत हासिल की थी, इस लिहाज से उसे गठबंधन में सबसे ज्यादा सीटें मिलनी चाहिए थी, लेकिन इसके बाद भी नीतीश कुमार को अपने पाले में बनाए रखने के लिए पार्टी ने न केवल मात्र 101 सीटों पर लड़ने का फैसला किया, बल्कि उसने मुख्यमंत्री पद के साथ-साथ 101 सीटें भी जदयू को दी।

नीतीश कुमार किसी भी तरह चिराग पासवान के पक्ष में नहीं कहे जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान के कारण जदयू को मिली करारी हार की चोट नीतीश कुमार को अभी भी साल रही है। लेकिन इसके बाद भी उन्होंने अपने हिस्से में से 14 सीटों को कम करने पर हामी भरी। इसे चिराग पासवान की दबाव की राजनीति का परिणाम कहा जा रहा है।

समझौते में जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने भी अपने-अपने कदम पीछे खींचे हैं। जीतन राम मांझी का सपना था कि वे बिहार में कम से कम आठ-दस सीटें हासिल कर अपनी पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी का दर्ज़ा दिला पाएंगे। लेकिन गठबंधन में उन्हें केवल छः सीटों पर सिमटना पड़ा है। उनकी ये सीटें पिछले चुनाव से भी एक कम है। इसी प्रकार अति महत्वाकांक्षी उपेंद्र कुशवाहा भी अपने लिए बड़ी दावेदारी कर रहे थे, लेकिन उन्हें केवल छः सीटों पर सिमट कर रह जाना पड़ा है। यानी गठबंधन के सभी सहयोगियों ने अपने-अपने हिस्से की कुर्बानी देकर बिहार विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए कदम आगे बढ़ाया है। उनकी इस कोशिश का नतीजा क्या रहा, यह 14 नवंबर को पता चलेगा जब चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### सीबीआई ...

ने इस संबंध में 11 अक्तूबर को मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने कहा कि जांच जारी है।

### नेपाल...

बरामद हुए। बरामद दस्तावेजों की जांच के बाद पता चला कि महिला का असली नाम लुईनिघत अख्तर बानो है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह पाकिस्तान के शेखपुरा जिले के यंगानाबाद गांव के चौक नंबर 371 निवासी मोहम्मद गोलाफ फराज की पत्नी है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लुई निघत अख्तर बानो 2014 में पाकिस्तानी पासपोर्ट के जरिए नेपाल में दाखिल हुई थी। उसे नेपाल पुलिस ने काठमांडू में एक किलो ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। बाद में, काठमांडू की एक अदालत ने मुकदमे के दौरान उसे 15 साल कैद की सजा सुनाई। लुई निघत अख्तर कुछ दिन पहले नेपाल में अशांति के दौरान काठमांडू जेल से फरार हो गई थी। साहिना परवीन के बयान का हवाला देते हुए, पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह लगभग 15/16 दिन पहले किसी तरह सीमा पार करके भारत में आ गई थी। उसने कथित तौर पर कहा था कि उसने पाकिस्तान जाने के लिए एजेंटों की मदद ली थी। एजेंटों ने उसे पहले त्रिपुरा या पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश जाने और फिर वहां से पाकिस्तान लौटने की सलाह दी थी। उनकी सलाह के अनुसार, वह कंचनजंगा एक्सप्रेस से त्रिपुरा आयी थी और पश्चिम बंगाल के बजाय सबरूम (दक्षिणी त्रिपुरा) से बांग्लादेश जाने की योजना बना रही थी। हालांकि, त्रिपुरा पुलिस ने उसके बयान की सत्यता की पुष्टि करने और भारत में उसकी गतिविधियों और संभावित नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार साहिना परवीन के खिलाफ विशिष्ट धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा, मामला केंद्रीय खुफिया एजेंसी को भी भेजा जाएगा।

### संयुक्त ...

निर्णय-प्रक्रिया में समावेशिता और शांति स्थापना को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण की भूमिका पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सबसे ज्यादा योगदान देने वालों में से एक भारत, इस सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य परिचालन चुनौतियों, उभरते खतरों पर विचार-विमर्श करना, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का आदान-प्रदान करना और भविष्य की शांति स्थापना के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना है। यह सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम (सम्पूर्ण विश्व एक परिवार है) की भारतीय दर्शन परंपरा का सशक्त प्रतीक है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के लिए अवर महासचिव (यूएसजी, डीपीओ) जीन पियरे लैक्रोइक्स के महत्वपूर्ण संबोधन होंगे।

पूर्ण सत्र में सम्मेलन के दौरान विशेष रक्षा प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाएंगी। सम्मेलन में अल्जीरिया, आर्मेनिया, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, बुरुंडी, कंबोडिया, मिस्र, इथियोपिया, फिजी, फ्रांस, घाना, इटली, कजाखिस्तान, केन्या, किर्गिस्तान, मेडागास्कर, मलेशिया, मंगोलिया, मोरक्को, नेपाल, नाइजीरिया, पोलैंड, रवांडा, श्रीलंका, सेनेगल, तंजानिया, थाईलैंड, युगांडा, उरुग्वे और वियतनाम के प्रमुखों की भागीदारी होगी।

### मणिपुर...

किया। वह मोइरांग क्षेत्र में जनता से जबरन वसूली में शामिल था। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया। जबकि, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई थानांतर्गत खोंगाखुल और लोंगा कोइरेंग गांवों को जोड़ने वाले नगैरंगबाम लौकोन आईवीआर से भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया। बरामद हथियारों में एक .303 राइफल एक मैगजीन के साथ, एक संशोधित .303 राइफल एक मैगजीन के साथ, पांच पिस्तौल एक-एक मैगजीन के साथ, पांच हेलमेट, चार बीपी वेस्ट कम मैगजीन पाउच, आठ प्लेटें जिनके बीपी के रूप में इस्तेमाल होने का संदेह है, एक बाओफेंग हैंड हेल्ड सेट अपने चार्जर के साथ, 10 जोड़ी छलावरण पैंट और संबंधित छलावरण शर्ट और चार बैग शामिल हैं। इस बीच सुरक्षा बल विभिन्न जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व जारी रखे हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। मणिपुर के विभिन्न जिलों में, पहाड़ी और घाटी दोनों में, कुल 115 नाके/चेकपॉइंट स्थापित किए गए थे, हालांकि किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया।

### ऑपरेशन ब्लू...

किया गया और पूरे पंजाब में 30,000 से ज़्यादा लोग मारे गए, जो एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश का शिकार हुए जिसने देश के सामाजिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया।

### अफगानिस्तान...

स्थायी शांति सी हो सके। ‑खून से खून नहीं मिटाया जा सकता,‑ कहते हुए उन्होंने बताया कि वह स्वयं काबुल में बिना सुरक्षा के मोटरसाइकिल चलाते हैं।

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ मुलाकात में व्यापार, अर्थव्यवस्था और विकास परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। भारत ने काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास स्तर तक उन्नत करने की घोषणा की और अफगान राजनयिकों के नई दिल्ली आने की पुष्टि की। बैठक में दोनों देशों के बीच एक संयुक्त व्यापार समिति बनाने पर सहमति बनी, साथ ही भारत ने स्वास्थ्य, व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में वीज़ा सुविधा बढ़ाने का आश्वासन दिया।

मुत्ताकी के अनुसार अफगानिस्तान ने भारत को खनिज, कृषि, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा चाबहार बंदरगाह के उपयोग, प्रतिबंधों से निपटने के उपायों और वाघा बॉर्डर को खोलने की मांग पर भी चर्चा हुई। भारत ने काबुल-दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने और अफगानिस्तान में अधूरे विकास कार्य पूरे करने की प्रतिबद्धता जताई।

अफगान विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास पूरी तरह इस्लामिक अमीरात के नियंत्रण में है और ‑जो पहले हमारे विरोधी थे, वे भी अब हमारे साथ काम कर रहे हैं।‑ झंडे के सवाल पर उन्होंने कहा, ‑हमने इसी झंडे के नीचे जिहाद लड़ा और विजय पाई, इसलिए यही हमारा प्रतीक है।

### गोमती...

स्वच्छ, अविरल और निर्मल रूप पुनः प्राप्त कर सके।

मुख्यमंत्री ने मिशन के अंतर्गत नगरीय सीवेज का 95 प्रतिशत से अधिक अवरोधन, नदी प्रदूषण को न्यूनतम स्तर तक लाना और नदी तटीय पारिस्थितिकी का पुनरुद्धार का लक्ष्य निर्धारित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत इसी वर्ष जनवरी में गठित गोमती टास्क फोर्स में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण तथा अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है। इनमें बीबीएयू लखनऊ के प्रो. (डा.) वेंकटेश दत्ता और अतुल्य गंगा ट्रस्ट के सह-संस्थापक ले. कर्नल देवेंद्र चौधरी (सेवानिवृत्त) प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। यह टास्क फोर्स शासन और समाज के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रही है। बैठक में बताया गया कि गोमती टास्क फोर्स द्वारा अब तक नदी तटों पर पैदल और नौका गश्त, एक हजार टन से अधिक जलकुंभी की सफाई, नालों का सर्वेक्षण कर प्रदूषण स्रोतों की पहचान, तथा 100 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 70,000 से ज्यादा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। ‘नदी योग अभियान’ के अंतर्गत 21 अप्रैल से 21 जून 2025 तक पांच प्रमुख घाटों पर प्रतिदिन योग, घाट-सफाई और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 50,000 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया और 300 टन से अधिक जलकुंभी हटाई गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती का जल जीवन का आधार है, और इसे स्वच्छ, अविरल तथा निर्मल बनाए रखना उत्तर प्रदेश की नैतिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि गोमती पुनर्जीवन मिशन के लिए आवश्यक संसाधनों; जैसे ट्रैक बोट, फ्लोटिंग बैरियर, एक्सकेवेटर और अन्य उपकरण की उपलब्धता में सरकार किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देगी। उन्होंने कहा कि यह मिशन केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की सहभागिता से संचालित एक संकल्प यात्रा बनेगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में शैक्षणिक व अन्य सामाजिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि यह मिशन एक जनांदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज और शासन साथ कदम बढ़ाएंगे, तभी गोमती अपनी स्वाभाविक निर्मलता और जीवनदायिनी धारा पुनः प्राप्त कर सकेगी।

बैठक में बताया गया कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में 6 एसटीपी 605 एमएलडी की कुल क्षमता के साथ संचालित हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है। बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर के.एस. नेगी, प्रो. (डॉ.) वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एस.एम. (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थित रहे।

### 31 अक्टूबर...

आयोजित होगी। यह राष्ट्रीय पद यात्रा होगी, जिसमें हजारों युवा अभियान का हिस्सा बनेंगे। सभी युवा जन जागरण अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश की हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा से होकर गुजरेगी। पद यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर आम जनमानस में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इसमें भारत की एकता और अखंडता में सरदार साहब के योगदान पर निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि होंगे। इसके अलावा युवाओं के लिए नशा मुक्त भारत शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल अभियान का आयोजन होगा। योग और स्वास्थ्य से संबंधित शिविर भी लगेगा। पूरे प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अलावा पद यात्रा के दौरान स्थानीय कमेटियों, विभिन्न समाजसेवी संगठनों, सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सरदार साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण-श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

सरदार पटेल के सामने नहीं चली जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के नजाम की

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि देश के अंदर सैकड़ों रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने और फिर भारत के वर्तमान स्वरूप को उन्होंने उस समय जिस दूरदर्शिता और सूझ-बूझ के साथ लागू किया था, आज वह भारत हम सबको देखने को मिलता है। हर व्यक्ति जानता है कि उस समय कुछ रियासतें ऐसी भी थीं, जिसमें (जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद का निजाम) आदि मनमानापन करना चाहते थे, लेकिन लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सामने उनकी एक न चली। अंततः लौह पुरुष के दृढ़ निश्चय के सामने उन्हें भारत छोड़ना पड़ा। ये दोनों रियासतें भी भारत का हिस्सा बनीं। इस दौरान उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संजय राय, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना उपस्थित रहें।

### बंगाल ...

जघन्य वारदात में कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या आरोपित पीड़िता या उसके दोस्त के जानकार थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपितों ने वारदात के दौरान पीड़िता के मोबाइल से एक अन्य आरोपित को फोन किया था, जिससे पुलिस को सभी के मोबाइल नंबरों का सुराग मिला।

इस बीच, पीड़िता के पिता ने राज्य सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, मैं राज्य सरकार से अनुरोध करता हूं कि दोषियों को कठोर सजा दी जाए ताकि राज्य की बेटियां सुरक्षित महसूस करें। मुझे शक है कि जो दोस्त उसके साथ गया था, उसका भी इसमें हाथ हो सकता है। पुलिस को सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करना चाहिए। पिता ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से भी अनुरोध किया है कि उनकी बेटी को तुरंत बंगाल से सुरक्षित तरीके से ओडिशा ले जाया जाए।

# देहरादून में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी तेज, कई दवाएं की सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। जिले में प्रतिबंधित कफ सिरप और अन्य प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री रोकने के लिए उप औषधि नियंत्रक व खाद्य संरक्षा एवं औषधि विभाग लगातार मेडिकल स्टोर व थोक विक्रेताओं के यहां छापा मार अभियान चला रही है। इससे मेडिकल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इस दौरान कई मेडिकल स्टोरों में प्रतिबंधित दवाओं को सील किया गया।

देहरादून जिले के औषधि निरीक्षक मानेंद्र राणा ने बताया कि यह अभियान अपर आयुक्त व उप औषधि नियंत्रक, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के दिशा निर्देश में चलाया जा रहा है और भंडारित प्रतिबंधित दवाएं मिलने पर तत्काल मेडिकल स्टोर को सील किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीम ने अब तक



देहरादून के पलटन बाजार, घंटाघर, राजकीय एसपीएस चिकित्सालय देहरादून रोड ऋषिकेश, जॉलीग्रांट, अजबपुर अवाम नेहरू कॉलोनी समेत अन्य क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों व थोक विक्रेता फ़र्मो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में भंडारित बच्चों को खांसी व सर्दी जुकाम में दिए जाने वाली दवाओं (सिरप) जो फर्मों के प्रतिष्ठानों में अलग करके भंडारित पायी गई को मौके पर सील कर दिया गया। इसके साथ ही औषधियों का अग्रिम आदेशों तक विक्रय रोक लगाई गई है। औषधि निरीक्षक मानेंद्र राणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अधिकांश औषधि विक्रेता फर्मों ने प्रतिबंधित कफ सिरप का विक्रय रोक दिया है। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर एक औषधि विक्रय प्रतिष्ठान के क्रय-विक्रय पर रोक लगाते हुए मौके पर बंद किया गया। कार्यवाही के दौरान 11 औषधियों के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए व अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि देहरादून जिले में छापेमारी लगातार जारी रहेगी। टीम में औषधि निरीक्षक विनोद जगूड़ी व निधि रतूड़ी सम्मिलित रही।

# उज्जैन के आयुक्त व डीएम ने जूना पीठाधीश्वर सहित कई संतों से सिंहस्थ कुम्भ पर किया विमर्श

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेला आयोजन को लेकर रविवार को उज्जैन के मंडलायुक्त सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने हरिद्वार में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी सहित अन्य संतों से मुलाकात की। भेंट के दौरान आगामी सिंहस्थ कुंभ 2028 की रूपरेखा, आयोजन-प्रबंधन एवं आध्यात्मिक समन्वय से जुड़े विविध विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला प्रस्तावित है। इसके आयोजन को लेकर हरिद्वार के वरिष्ठ संतों और और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व अन्य अखाड़ों के संतों से भेंट करने के लिए मेलाधिकारी व उज्जैन मण्डलायुक्त आशीष सिंह, जिलाधिकारी उज्जैन रौशन सिंह और उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी हरिद्वार पहुंचे। यहां



उन्होंने श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि से शिष्टाचार भेंट की। स्वामी अवधेशानन्द गिरि ने सिंहस्थ जैसे विराट आयोजन को संस्कृति, साधना और समरसता के अद्‌भुत संगम के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उज्जैन के अधिकारियों ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रवीन्द्र पुरी और निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशनंद से भी भेंट कर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान मेला प्रतिष्ठान के विकास शर्मा भी मौजूद रहे।

# सूचना के अधिकार क़ानून पर मोदी नीतीश सरकार का हमला: अभय दुबे




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश कंग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे और प्रदेश कंग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम डॉ. मनमोहन सिंह और श्रीमती सोनिया गांधी के नेतृत्व में 12 अक्टूबर 2005 को पारित हुआ था। यह कानून भारत के नागरिकों के संवैधानिक और सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बना। इसने आम जनता को सरकारी तंत्र से जवाब माँगने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की ताकत दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से लाखों नागरिकों ने अपने हक़ – जैसे राशन, पेंशन, मज़दूरी, छात्रवृत्ति और योजनाओं का लाभ – हासिल किया। परंतु पिछले दशक में, विशेषकर मोदी-नीतीश सरकार के दौरान, इस कानून की आत्मा को कुचलने की संगठित कोशिश हुई है। बिहार कंग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि हमारे देश की मोदी सरकार तालिबानी संस्कृति थोपना चाहती है। महिला पत्रकारों को अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री के आगमन पर संवाददता सम्मेलन में जाने से रोकना इसका ताजा उदाहरण है। हमारे देश में महिलाओं का हमेशा सम्मान करने की संस्कृति रही लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा ऐसे तालिबानी कानून हमारे देश में भी थोपने की कवायद निंदनीय है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राष्ट्रपति रही प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जैसी सशक्त महिलाओं ने हमारा नेतृत्व किया। जबकि आज हमारे देश में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के आगमन पर महिला पत्रकारों को बैन कर दिया जा रहा है। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कंग्रेस के कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, नदीम अख्तर अंसारी मौजूद रहें।

## लूटपाट में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शाहबाद डेयरी इलाके में अपने साथी के साथ मिलकर लूटपाट करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान कपिल उर्फ गढ़ा के रूप में हुई है। आरोपित पिछले करीब 10 माह से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस इसके साथी हितेश को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हितेश के पास से पुलिस ने लूटा गया टेंपो और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली थी। जांच में पता चला है कि आरोपित के खिलाफ गुरुग्राम सिटी और न्यू अशोक नगर इलाके में पहले से दो मामले दर्ज हैं। इसने अपने साथी हितेश के साथ मिलकर गैस बर्नर से लदा टेंपो लूट लिया था। पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर कर रही है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन केन्द्र का लिया जायजा, सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के तहत सोमवार से अररिया जिला के छह विधानसभा के लिए नामांकन शुरू होगी। इसी कड़ी में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने अररिया एवं फारबिसगंज में नामांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अररिया द्वारा भीड़ आगमन से संबंधित तैयारी, बैरिकेडिंग, मूलभूत सुविधा, निर्वाची पदाधिकारी कक्ष सहित सभी तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक तैयारी के निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिये। उन्होंने बताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शुरू हो जायेगी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप अररिया जिला के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन स्थलों का निर्धारण कर दिया गया है तथा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की दृष्टि से सभी स्तर



पर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को ससमय अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी व जिम्मेदारी से निर्वहन करने का सख्त निर्देश दिये गये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने बताया कि नामांकन अवधि में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। समाहरणालय परिसर सहित दोनों अनुमंडलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सभी मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वारों पर ड्रॉप गेट तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था बनाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से निर्वाची पदाधिकारियों के कार्यालय से सौ मीटर की परिधि को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया गया है, ताकि इस क्षेत्र में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या वाहन की आवाजाही न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निरंतर गश्ती व्यवस्था बनाए रखें, स्थिति पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की अशांति या कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई करें। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय से सौ मीटर की परिधि के भीतर किसी अभ्यर्थी के साथ आने वाले वाहनों की अधिकतम संख्या तीन तक सीमित रखी गई है। साथ ही नामांकन के समय कार्यालय कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पाँच व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रतिदिन कार्यालय अवधि में नामांकन के लिए समय 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक का समय निर्धारित है। 3 बजे अपराह्न तक निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में प्रवेश कर जाने वाले सभी अभ्यर्थियों का नामांकन उसी दिन लिया जायेगा। नामांकन की अवधि 13.10.2025 से 20.10.2025 तक निर्धारित है।

# पंजाब में बंबीहा गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार, छह पिस्तौल बरामद

बरनाला। पंजाब में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए जी टी एफ) ने रविवार को बरनाला पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में अवैध हथियारों की गतिविधियों में शामिल बंबीहा गिरोह के दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान संदीप सिंह और शेखर के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से कुल छह पिस्तौल (एक पी एक्स 5, चार .32 बोर की पिस्तौल और एक .30 बोर की पिस्तौल सहित) और 19 कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर, आरोपी राज्य में सनसनीखेज अपराधों को अंजाम देने के लिए बंबीहा गिरोह के गुर्गों को ये हथियार सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। डीजीपी यादव ने बताया कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला, जिसमें आगे और पीछे के लिंकेज भी शामिल हैं, की पहचान और उसे खत्म करने के लिए आगे की जाँच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध पर अंकुश लगाने और पूरे पंजाब में अवैध हथियारों के नेटवर्क को खत्म करने के अपने मिशन पर अडिग है।

# उत्तरकाशी का झाला गांव बनेगा स्वच्छता का मॉडल गांव

■ थैंक यू नेचर अभियान को जिला प्रशासन कर रहा सहयोग: ग्राम प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। पंचायती राज और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से चल रहे ''थैंक यू नेचर'' अभियान को अब जिला प्रशासन का सहयोग भी मिल गया है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम झाला में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम झाला में खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर गांव में कचरा गाड़ी और सफाई कर्मियों की व्यवस्था की गई। नगर पंचायत के कर्मचारियों भी इस अभियान में भागीदारी की है। गांव से एकत्र प्लास्टिक कचरे को रिसाइक्लिंग सेंटर भेजा गया है।



ग्राम प्रधान अभिषेक रौतेला ने बताया कि थैंक यू नेचर अभियान अब जनसहभागिता का प्रतीक बन चुका है। जब प्रशासन, पंचायत और जनता एकजुट होकर कार्य करती है, तो बदलाव स्वतः संभव हो जाता है। रौतेला ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी से ग्राम झाला को 'मॉडल विलेज' के रूप में विकसित करने का अनुरोध किया है, जिस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक से प्रतिक्रिया देते हुए मास्टरप्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम प्रधान ने कहा कि जिला प्रशासन के समर्थन से अभियान को नई ऊर्जा मिली है। शीघ्र ही ग्राम झाला को स्वच्छता मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव दिल्ली रवाना

■ जमीन के बदले नौकरी मामले में 13 अक्टूबर को आ सकता है फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में जमीन के बदले नौकरी मामले में सुनवाई का फैसला होना है। इसलिए वे तीनों आज दिल्ली गए हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने 25 अगस्त 2025 को अपनी सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने और सबूत देखने के बाद सुनवाई के लिए अगली तारीख 13 अक्टूबर निर्धारित की थी। दरअसल, साल 2004 से 2009 के बीच जब लालू यादव रेल मंत्री थे, तब पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में ग्रुप-डी पदों पर नियुक्ति हुई थी। आरोप है कि लालू यादव ने नौकरी के बदले अभ्यर्थियों से अपने परिवार और सहयोगियों के नाम पर जमीन ट्रांसफर करवाई। 18 मई 2022 को सीबीआई ने लालू यादव के अलावा राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। दिल्ली रवाना होने से पहले आज पटना हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, ''मेरी ओर से नौकरी देने की घोषणा पर सत्ता पक्ष के लोग परेशान हो रहे हैं, लेकिन मैंने जो कहा है, वो करूंगा।

# जालंधर में 16.8 ग्राम हेरोइन के साथ तीन लोग गिरफ्तार

जालंधर। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जारी अभियान के तहत जालंधर कमिश्नरेट पुलिस थाना भार्गो कैंप की टीम ने रविवार को तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16.8 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त जालंधर श्रीमती धनप्रीत कौर (आईपीएस) ने जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों और मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना भार्गो कैंप की पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान नीरज, मानव और कुणाल, सभी निवासी भार्गो कैंप जालंधर, के तौर पर हुई है। पुलिस ने नीरज से 5.20 ग्राम, मानव से 5.6 ग्राम और कुणाल से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की। भार्गो कैंप पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21-61-85 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों को ड्रग्स के स्रोत का पता लगाने और इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए आगे की पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# प्रकृति का सबसे बड़ा संरक्षक है सनातन धर्म : स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती

कैनविज टाइम्स संवाददाता


हरिद्वार। श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि सनातन धर्म प्रकृति का सबसे बड़ा संरक्षक है, जो प्रकृति को पूजता भी है और उसका संरक्षण तथा संवर्धन भी करता है, यह धर्म पृथ्वी को परमेश्वर का प्रतिरूप मानकर पूजता है। स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती रविवार को अपने आश्रम में अपने भक्तों को संबोधित कर रहे थे। स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि मानव प्रकृति का सबसे ज्यादा बुद्धिमान प्राणी है, जिसने भगवत कृपा पाकर कर्म का निर्धारण करने के लिए धर्म की स्थापना की। विश्व का यह संपूर्ण धराधाम विभिन्न धर्मों का गुलदस्ता है और किसी भी धर्म ने गलत आचरण का संदेश नहीं दिया, लेकिन सनातन धर्म प्रकृति का सबसे बड़ा रक्षक है। सनातन धर्म के अनुयायी प्रकृति की पूजा भी करते हैं और



संरक्षण एवं संवर्धन भी करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति की पूजा और प्रकृति के संरक्षण का जितना कार्य सनातन धर्म में होता है उतना किसी अन्य धर्म में नहीं होता है। सनातन धर्म की उत्पत्ति ही प्रकृति की गोद से हुई है जिसे हमारे ऋषि मुनियों ने आवादी क्षेत्र से दूर जंगलों एवं पर्वतों की कंदराओं में तप और ध्यान लगाकर स्थापित किया। सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयरू का संदेश देने वाला सनातन धर्म प्रकृति में प्रभु का दर्शन करते हुए ही उसकी पूजा और पोषण का काम करता है। स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन धर्म में पांचों तत्वों की पूजा भी होती है और संरक्षण का भी विधान है। पृथ्वी को धरती माता इसलिए भी कहा जाता है कि धरती मां की गोद से ही वनस्पति एवं जीवधारी की उत्पत्ति होती है। सनातन धर्म अग्नि को देवता मानकर उसकी पवित्रता को प्रणाम करता है, अग्नि प्रकृति का वह तत्व है जो सृजन भी करता है और संहार भी। अग्नि से ही भोजन और भवनो का निर्माण होता है, अग्नि को साक्षी मानकर ही सात फ़ेरे लेकर व्यक्ति वैवाहिक बंधन में बंधता है तो अग्नि से ही व्यक्ति का अंतिम संस्कार भी होता है। अग्नि वह शक्तिशाली देवता है जिसमें शुद्ध घृत एवं प्राकृतिक जड़ी बूटियों की आहुति देकर प्राकृतिक वातावरण को पवित्र किया जाता है, सनातन धर्म इसका पुजारी भी है और संरक्षणदाता भी है।

# विश्वविद्यालय से एमएससी और एम.फिल पास लुटेरे गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली विश्वविद्यालय से एमएससी और एम.फिल पास एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपित डीयू के किरोड़ीमल कॉलेज का छात्र रहा है। उसने कॉलेज से बीएससी ऑनर्स किया हुआ है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हरिनगर, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा निवासी दीप शुभम (32) के रूप में हुई है। वर्ष 2017 में आरोपित ने अकेले ही सीतामढ़ी बिहार में बैंक ऑफ इंडिया पर धावा बोलकर वहां से कैश लूट लिया था। लूटपाट के दौरान आरोपित ने रसायन विज्ञान का इस्तेमाल करते हुए पटाखों के साथ कोई केमिकल मिलाकर धुएं वाला बम तैयार किया। उसकी मदद से वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले में आरोपित को सजा हो गई थी। आरोपित जमानत लेकर दिल्ली आ गया और कभी कोर्ट का रुख नहीं किया। दिल्ली आने के बाद वर्ष 2021 में आरोपी ने अलग-अलग दो ज्वेलर को निशाना बनाकर लूटपाट की। मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में वह जमानत पर बाहर आ गया। यहां भी उसने कभी कोर्ट का रुख नहीं किया। अदालत ने इसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि नौ अक्टूबर को उनकी टीम को सूचना मिली थी कि मॉडल टाउन इलाके में दो ज्वेलर के यहां हुई लूट के मामले में फरार बदमाश हरिनगर, सोहना, गुरुग्राम आने वाले है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063